3 राजधानी
दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश

6 अभिमत
समानता के लिए जारी है संघर्ष

10 विदेश
ईरान में हिंसक प्रदर्शन जारी

12 स्पोर्ट्स
भारत ने आस्ट्रेलिया को छह विकेट से दी शिकस्त

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 314
नई दिल्ली, शनिवार, 24 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कांग्रेस अध्यक्ष बनने में मेरी दिलचस्पी नहीं: दिग्विजय सिंह

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# विकास में बाधा बन रहे अर्बन नक्सल: मोदी

- प्रधानमंत्री का राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से अनुरोध- पर्यावरण के नाम पर परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से न रोकें





**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि भारत में विकास की गति को रोकने के लिए अर्बन नक्सल (शहरी नक्सली) को विदेशी संगठनों से मोटा फंड मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण दिया और कहा कि ऐसी साजिशों को नाकाम करने में कुछ वक्त तो लगा, लेकिन राज्य के लोगों को उन पर विजय हासिल हुई।

गुजरात में नर्मदा जिले के एकता नगर में राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन करने के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस ऐसे समय आयोजित की जा रही है जब भारत अगले 25 वर्षों के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। यह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और लगातार अपनी पारिस्थितिकी को मजबूत कर रहा है। हमारा वन क्षेत्र बढ़ा है एवं वेटलैंड (झीलों) में भी तेजी से फैलाव हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण मंजूरी मिलने में आने वाली दिक्कतों की ओर संकेत करते हुए कहा कि आधुनिक आधारभूत ढांचे के विकास और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयासों को बाधित किया गया। इसके लिए उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण दिया, जिसके निर्माण कार्य का शुभारंभ 1961 में पंडित नेहरू द्वारा किया गया था, लेकिन उसमें तमाम अड़चनें आती रहीं और कार्य पिछड़ता गया। इस कारण निर्माण कार्य कई दशकों में पूरा हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि अर्बन नक्सलियों ने विदेशी संगठनों एवं फाउंडेशनों से मोटा चंदा लेकर भारत का विकास बाधित किया। इनकी इन्हीं साजिशों के चलते वर्ल्ड बैंक ने सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के लिए लोन देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि सरदार सरोवर बांध को पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताया गया था, लेकिन यही बांध आज पर्यावरण की रक्षा करने का काम कर रहा है।

अर्बन नक्सलियों की साजिशों को नाकाम करने में देर तो लगी, लेकिन गुजरात के लोगों ने उन्हें हरा दिया। मालूम हो कि सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता मेधा पाटकर के नेतृत्व में नर्मदा बचाव आंदोलन के जरिए सरदार सरोवर बांध का विरोध किया गया था। उनका तर्क था कि इससे स्थानीय जनजातीय समुदाय पर बहुत विपरीत असर पड़ेगा और उन्हें विस्थापित होना पड़ेगा। साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात कही गई थी। मोदी ने कहा कि इस परियोजना के पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के दावे के विपरीत, बांध के आसपास का क्षेत्र अब पर्यावरण प्रेमियों के लिए एक तीर्थ क्षेत्र बन गया है। मोदी मशहूर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और इस 182 मीटर ऊंचे स्मारक के आसपास बने प्रतिष्ठित पर्यटक आकर्षणों जैसे जंगल सफारी, फूलों की घाटी आदि का जिक्र कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह किया कि यह सुनिश्चित करें कि व्यवसाय को सुगम बनाने या जीवन को आसान बनाने वाली परियोजनाओं को केवल पर्यावरण के नाम पर अनावश्यक रूप से रोका न जाए। उन्होंने राज्य सरकारों से विकास बाधित करने वालों की साजिशों से निपटने के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने के वास्ते संतुलित दृष्टिकोण अपनाने को कहा। नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वालों के साथ-साथ कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कुछ राजनीतिक खेमे अक्सर शहरी नक्सली (अर्बन नक्सल) शब्द का इस्तेमाल करते हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि शहरी नक्सलियों ने राज्य तथा कच्छ क्षेत्र को पानी व विकास से वंचित करने के लिए सरदार सरोवर बांध के निर्माण का विरोध किया था। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता एवं नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को शहरी नक्सली करार दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को आगाह करते हुए कहा कि ये शहरी नक्सली अब भी सक्रिय हैं और पर्यावरण के (शेष पेज 8)

# कनाडा में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह

- विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवायजरी, हाल में वहां घृणा अपराध, नस्ली हिंसा और भारत विरोधी घटनाओं में हुई है वृद्धि




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कनाडा में घृणा अपराध, नस्ली हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ी घटनाओं में तीव्र वृद्धि हुई है, ऐसे में वहां भारतीय नागरिकों और छात्रों को सचेत एवं चौकस रहने की सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, कनाडा में भारत के नागरिकों एवं छात्रों के लिए जारी परामर्श में कहा गया कि कनाडा में घृणा अपराध, नस्ली हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ी घटनाओं में तीव्र वृद्धि हुई है।

विदेश मंत्रालय और कनाडा में हमारे उच्चायोग एवं महावाणिज्य दूतावास ने वहां के प्रशासन के समक्ष इन घटनाओं को उठाया है और ऐसे अपराध की जांच करने एवं उपयुक्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इसमें कहा गया है कि ऐसे अपराधों को अंजाम देने वालों को कनाडा में अब तक न्याय के कठघरे में नहीं खड़ा किया गया है। मंत्रालय ने कहा, ऐसे अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए कनाडा में भारतीय नागरिकों एवं छात्रों तथा वहां यात्रा शिक्षा के लिए जाने वालों को सचेत एवं सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

बयान में कहा गया है कि कनाडा में भारतीय नागरिक एवं छात्र ओटावा में भारतीय उच्चायोग या टोरंटो और वेंकूवर में महावाणिज्य दूतावास के साथ संबंधित वेबसाइट या मदद पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पंजीकरण कराने से उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास के लिए किसी भी जरूरत या आपात स्थिति में कनाडा में भारतीय नागरिकों से बेहतर ढंग से सम्पर्क करना सुगम होगा। एक दिन पहले ही, भारत ने कनाडा में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि यह (शेष पेज 8)

## रूस और यूक्रेन युद्ध रोकने को मोदी की सदस्यता वाली समिति बनाने का प्रस्ताव

**पिट्सबर्ग।** मेक्सिको ने रूस और यूक्रेन के बीच स्थायी शांति स्थापति करने की कोशिश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पोप फ्रांसिस तथा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की सदस्यता वाली एक समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर चर्चा के दौरान मेक्सिको को विदेश मंत्री मार्सेलो लुइस एब्राड कासोबौन ने यह प्रस्ताव दिया।

# शिवाजी पार्क में होगी उद्धव की दशहरा रैली

- हाईकोर्ट ने दी अनुमति, कहा-वीडियो रिकॉर्डिंग होगी, कानून-व्यवस्था बिगड़ी तो ठाकरे गुट जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**बंबई** हाईकोर्ट ने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना को मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क में पांच अक्टूबर को वार्षिक दशहरा रैली के आयोजन की अनुमति शुक्रवार को दे दी। गौरतलब है कि शिवसेना वर्षों से शिवाजी पार्क (शिव-तीर्थ) में दशहरा रैली का आयोजन कर रही है लेकिन इस साल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के धड़े द्वारा भी दशहरे के दिन (पांच अक्टूबर को) उसी मैदान में रैली आयोजित करने की अनुमति मांगे जाने के बाद यह कानूनी विवादों में घिर गया।

न्यायमूर्ति आर. डी. धनुका और न्यायमूर्ति कमल खाटा की खंडपीठ ने कहा कि दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देने का बीएमसी का आदेश स्पष्ट रूप से कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। ठाकरे नीत शिवसेना गुट और उसके सचिव अनिल देसाई द्वारा बृहन्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा, हमारे विचार में बीएमसी ने साफ मन से फैसला नहीं लिया है। याचिकाकर्ता को अतीत में शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करने की अनुमति मिलती रही है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, सिर्फ किसी दूसरे आवेदक के होने के आधार पर बीएमसी द्वारा रैली की अनुमति नहीं दिया जाना, कानूनी प्रक्रिया का स्पष्ट दुरुपयोग है। अदालत ने कहा कि नगर निकाय ने बेहद हल्के आधार पर अधिकारों का दुरुपयोग किया है। पीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना को दो से छह अक्टूबर तक शिवाजी पार्क का उपयोग करने की अनुमति दी है, लेकिन साथ ही कानून-व्यवस्था (शेष पेज 8)

## इमामों के संग भागवत की बैठक आरएसएस के रूख से भटकाव नहीं: इंद्रेश कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरसंघचालक मोहन भागवत का मस्जिद का दौरा और इमामों के संगठन के प्रमुख के साथ बैठक करना संघ के रूख से भटकाव नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ के रूख के बारे में कांग्रेस की समझ सही नहीं है और उसे पश्चाताप करना चाहिए। आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य कुमार ने कांग्रेस के उस बयान की आलोचना की, जिसमें विपक्षी दल ने कहा था कि उसकी भारत जोड़ो यात्रा का यह प्रभाव है कि आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत इमामों और मुस्लिम समुदाय के लोगों के पास पहुंच गए। तीन मूर्ति चौक पर 104वें हाइफा विजय दिवस समारोह से इतर कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि संघ के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है, वह पूर्ववत है और आगे भी यही रहेगा तथा यह शाश्वत है। कुमार ने कहा, लोगों ने इसे गलत समझा है क्योंकि उन्हें (शेष पेज 8)

# पीएम बनने के लिए नीतीश ने भाजपा को दिया धोखा

- शाह का दावा, भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार करेगी गठित



**भाषा।** पूर्णिया (बिहार)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व सहयोगी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर शुक्रवार को तीखा हमला किया और उन पर प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश में कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ हाथ मिलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया।

उत्तर बिहार के पूर्णिया में आयोजित एक रैली में, शाह ने कहा कि कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की जोड़ी का 2024 के लोकसभा चुनावों में सूपड़ा साफ हो जाएगा और एक साल बाद, भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह बिहार में पिछले महीने राजनीतिक उठा-पटक के कारण भाजपा के सत्ता गंवाने के बाद पहली बार राज्य के दौरे पर आए हैं। उन्होंने हालांकि, कुमार की पार्टी जद (यू) के इस दावे पर कोई भी टिप्पणी करने से परहेज किया कि भाजपा ने उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश की। शाह ने आरोप (शेष पेज 8)

## एम. श्रीनिवास एम्स दिल्ली के निदेशक नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हैदराबाद** स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डीन एम. श्रीनिवास को दिल्ली स्थित आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। डॉक्टर श्रीनिवास, डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की जगह लेंगे जो मार्च 2017 से एम्स, दिल्ली के निदेशक हैं। डॉक्टर श्रीनिवास 2016 में हैदराबाद स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जाने से पहले एम्स, दिल्ली में पेडियाट्रिक सर्जरी (बच्चों की सर्जरी) विभाग में प्रोफेसर थे। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक के रूप में डॉक्टर श्रीनिवास की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आदेश के अनुसार, यह नियुक्ति पदभार संभालने के दिन से पांच वर्ष या 65 साल की आयु या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए प्रभावी है। इस संबध में (शेष पेज 8)

# पीएफआई का बंद, हिंसा व तोड़फोड़ पर हाईकोर्ट सख्त

- मामले का लिया स्वत: संज्ञान, हड़ताल को बताया अदालत की अवमानना, सुनवाई के लिए गठित की खंडपीठ

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) के छापों और अपने नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) एवं उसकी राजनीतिक शाखा एसडीपीआई ने शुक्रवार को राज्य भर में बंद का आयोजन किया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिंसा, तोड़फोड़ और दुकानदारों पर हमलों को अंजाम दिया। इन घटनाओं का केरल हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए खंडपीठ का गठन कर दिया है। एनआईए ने गुरुवार को ही 15 राज्यों में पीएफआई के कार्यालयों पर छापेमारी की थी। इसी दौरान संगठन के नेताओं को भी पकड़ा गया था। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सीपी मोहम्मद निसार ने इस हड़ताल को अदालत की अवमानना? करार दिया और सरकार से हड़ताल का आह्वान करने वाले पीएफआई नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केरल सरकार ने अदालत को बताया कि पीएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा पथराव में 70 से अधिक केएसआरटीसी बसों को नुकसान पहुंचाया गया है।

इस कारण अधिकारियों को मजबूरन बस सेवाएं रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। यही नहीं, पीएफआई कार्यकर्ताओं ने आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता नहीं दिया और राज्य में पहली बार ऐसा हुआ कि एम्बुलेंस पर भी पथराव किया गया। पहचाने जाने से (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,098 | ↓ 1020 | |
| निफ्टी | 17,327 | ↓ 302 | |
| सोना | 50,326 | ↓ 139 | /10g |
| चांदी | 58,366 | ↓ 363 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पत्रकार नविका पर दर्ज सभी केस दिल्ली पुलिस को सौंपे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पैगंबर मोहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा की विवादित टिप्पणियों से जुड़े मामले में पत्रकार नविका कुमार को राहत प्रदान करते हुए उनके खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकियों को दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित कर दिया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस मामले मे नविका कुमार के खिलाफ भविष्य में दर्ज होने वाली हर प्राथमिकी को दिल्ली पुलिस के पास भेजा जाएगा। नविका टीवी पर प्रसारित उस परिचर्चा की प्रस्तोता थी, जिसमें नुपुर शर्मा ने विवादित टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि नुपुर शर्मा के मामले में सभी प्राथमिकियों को जांच के लिए दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई को स्थानांतरित किया गया है।

# सोनिया व प्रियंका कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा में लेंगी भाग





**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा के कर्नाटक चरण में हिस्सा लेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यह यात्रा 30 सितंबर को कर्नाटक में प्रवेश करेगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिवकुमार ने कहा कि विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारी देकर प्रदेश इकाई ने यात्रा की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी यहां यात्रा में भाग लेंगी। वे तारीखों के बारे में बताएंगी... मैं आगामी दिनों में तारीखों की घोषणा करूंगा। अखिल (शेष पेज 8)

## अशोक गहलोत ने किया कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का ऐलान



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार होंगे और मुख्यमंत्री पद से उनके हटने की स्थिति में पार्टी नेतृत्व यह फैसला करेगा कि इस जिम्मेदारी को कौन संभालेगा। गहलोत ने राहुल गांधी से मुलाकात (शेष पेज 8)

## उत्तर प्रदेश में ध्वनिमत से पारित हुए दो विधेयक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2022 और उत्तर प्रदेश लोक निजी सम्पत्ति क्षति वसूली (सशोधन) विधेयक 2022 दोनों सदनों (विधानसभा-विधान परिषद) में ध्वनिमत से पारित हुए। विधानसभा में यह दोनों विधेयक पहले ही पारित हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश दंड संहिता (संशोधन) विधेयक के दोनों सदनों में पारित हो जाने के बाद अब दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अपराधों में अब अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश लोक निजी सम्पत्ति क्षति वसूली (सशोधन) विधेयक 2022 में दंगा-उपद्रव में किसी व्यक्ति की मौत या संपत्ति के नुकसान पर मुआवजे की रकम की वसूली दोषी व्यक्ति से करने का प्राविधान है। विधानसभा में संसदीय कार्य (शेष पेज 8)

# जब पीएम ने आधी रात जयशंकर को किया फोन

- विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में पीएम के साथ अपने अनुभव को किया साझा
- अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिश के बारे में जानकारी लेना चाहते थे प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी काम के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। जरूरत पड़ने पर देर रात अपने मंत्रियों को फोन करने में भी नहीं गुरेज करते। जाहिर सी बात है पीएम



न्यूयार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

की यह निष्ठा उनके मंत्रियों के लिए प्रेरणा है। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक कार्यक्रम में पीएम के साथ अपने कुछ यादगार अनुभवों को साझा किया।

जयशंकर ने 'मोदी @20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर हो रही विशेष चर्चा के दौरान कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से पीएम मोदी से जुड़ा एक संस्मरण साझा किया। जयशंकर ने कहा कि यह उस समय की बात है जब अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिश हुई थी। सूचना मिलते ही हम सब लोग मदद पहुंचाने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों में जुटे गए। जयशंकर ने आगे कहा, ' रात करीब 12.30 बजे मेरे फोन की घंटी बजे। मेरे फोन पर नो कॉलर आईडी दिख रही थी। मैंने फोन उठाया तो दूसरी तरफ से सीधा सवाल आया, जगे हो? मैंने कहा, हां सर. पीएम ने फिर पूछा, टीवी देख रहे हो? क्या चल रहा है वहां (मजार-ए-शरीफ)? इस पर मैंने कहा, सर हमला अब भी जारी है। मदद पहुंचाई जा रही है।

उम्मीद है दो-तीन घंटे में स्थिति सामान्य हो जाएगी। पीएम ने कहा, जब हो जाए तो मुझे बता देना। मैंने कहा, जी सर, जब ऑपरेशन खत्म हो जाएगा तो मैं आपके वहां सूचना भिजवा दूंगा। कुछ पल शांति रही फिर पीएम ने जोर देकर कहा- मुझे बता देना।' विदेश मंत्री कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विलक्षण गुण है। वह काम करते समय घड़ी नहीं देखते। पीएम मोदी अपना दिन सुबह 7:30 बजे शुरू करते हैं और काम करते रहते हैं, थकते नहीं (शेष पेज 8)

# 13 बिल्डरों पर 1 करोड, 39 लाख का जुर्माना

## खरीदारों को समय पर फ्लैट नहीं देने पर उत्तर प्रदेश रेरा की सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यूपी रेरा ने बिल्डरों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। रेरा ने 13 बिल्डरों पर 1 करोड़ 39 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना 30 दिन में जमा करना होगा और सभी प्रमोटर्स को 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

जुर्माने की रकम जमा नहीं करने पर आरसी जारी के तहत कार्यवाही की जाएगी। ये जुर्माना यूपी रेरा की 104वीं बैठक के बाद लगाया गया।

यूपी रेरा के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इन सभी बिल्डर के खिलाफ बायर्स की ओर से रेरा में शिकायत की गई है। समय.समय पर इनको निर्देश भी दिए गए। लेकिन बिल्डरों ने नहीं माने। ऐसे में खरीददारों के हितों की रक्षा के लिए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों की मनमानी हमेशा से रही है। बायर्स को समय से पजेशन नहीं देने, एओए को सोसाइटी हैंडओवर नहीं करने, निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के अलावा तमाम शिकायत यूपी रेरा में रजिस्टर्ड होती है। इन शिकायतों का निस्तारण भी किया जा रहा है। रेरा के अधिकारियों ने बताया कि ई कोर्टस के माध्यम से फरवरी 2020 से 21 हजार शिकायत फाइल की गई जिसमें 16 हजार शिकायतों का निस्तारण किया गया।




### इन बिल्डर पर सख्ती

- एसआरबी प्रमोटर्स प्रा. लि.
- गार्डेनिया इंडिया प्रमोटर्स प्रा लि
- एम्स गोल्फ टाउन डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड
- एमवी इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड हाउसिंग प्रा. लि.
- एलीगेंट इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्रा लि
- रेडीकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड हाउसिंग प्रा. लि.
- डीसेंट बिल्डवेल प्रा. लि.
- उत्तम स्टील्स कंसोर्टियम
- जेएसएस बिल्डकॉन प्रा. लि
- अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन प्रा. लि
- ओप्यूलेट इंफ्राडेवलपर्स प्रा.लि
- औरा बिल्डवेल प्रा. लि.
- ग्रीन बे इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्रा.लि.

# ऑपरेशन कायाकल्प से 96 परिषदीय स्कूल बनेंगे मॉडल


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

- सीईओ ऋतु की अध्यक्षता में बैठक हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में कुल 96 परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें 34 उच्च माध्यमिक और 62 प्राथमिक विद्यालय है। इनमें 14 मानक सुविधाएं दी जाएंगी। इस पर 430.21 लाख रुपए खर्च किया जाएगा।

इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण में सीईओ ऋतु माहेश्वरी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें प्राधिकरण का इंजीनियरिंग विंग शामिल रहा। इनको निर्देश दिए गए कि कायाकल्प योजना के तहत टेंडर जारी कर काम शुरू किया जाए। कायाकल्प योजना को नोएडा प्राधिकरण की 202 बोर्ड में पास किया गया था। नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प का कोई कार्य नोएडा प्राधिकरण ने नहीं कराया। जिला बेसिक अधिकारी ने 25 अगस्त 2020 को एक पत्र के जरिए अवगत कराया कि यह कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला शहरी विकास एजेंसी व लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने प्रस्तावित है।

यदि प्राधिकरण ये काम कराए तो इस पर लगने वाला चार्ज नहीं लगेगा। बताया गया कि प्राधिकरण से बजट लेकर विभिन्न संस्थाओं से काम कराने पर सेंटेज चार्ज सहित 459.79 लाख रुपए खर्च होंगे। यही कार्य प्राधिकरण अपने स्तर पर कराता है तो उस पर अगल से सेंटेज चार्ज नहीं लगेगा। इससे बचत होगी।

## संक्षिप्त समाचार


गाजियाबाद में आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो के साथ मीटिंग।

### लखनावली में तीन करोड़ की जमीन मुक्त कराई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफसे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को वर्क सर्किल चार की टीम ने लखनावली खसरा नंबर.381, 382 व 383 में 7850 वर्ग मीटर जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि वर्क सर्किल चार के प्रभारी एके सक्सेना के नेतृत्व में प्राधिकरण की पुलिस व अन्य स्टाफके साथ मिलकर यह कार्रवाई की गई। यहां अवैध तरीके से झुग्गियां व कुछ कमरे बने हुए थे। इन झुग्गियों व कमरों को हटा दिया गया। साथ ही वहां कई वाहन खड़े थे, उनको भी हटा दिया गया। इस जमीन पर 15 किसानों के छह फीसदी आबादी के भूखंड नियोजित हैं। इसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफअभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### चाइल्ड पीजीआई में नर्सिंग स्टॉफ ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआई में संविदा कर्मी को नौकरी से निकालने पर विरोध हो रहा है। नर्सिंग स्टाफने अस्पताल के डायरेक्टर का घिराव और ओपीडी ब्लाक में प्रदर्शन किया। इसमें नर्सिंग यूनियन, एसएसपीएच पीजीटीआई कर्मचारी संघ के शामिल है। मांग है कि संविदा नर्स का निष्कासन रद्द कर वापस नौकरी पर रखा जाए। कर्मचारी संघ ने संविद कर्मी सुरेंद्र बोरा बिना जांच कमेटी के नौकरी से निष्कासित करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सुरेंद्र ने बताया कि वह पत्नी की बीमारी पर चार दिन के अवकाश पर गया था। उन्होंने वार्ड नर्सिंग इंचार्ज और चीफनर्सिंग ऑफिसर को मेल किया था। उन्होंने बताया कि वह 16 सितंबर को सुबह की डियूटी कर राजस्थान गए थे। इसके बाद 21 सितंबर को आकर नाइट शिफ्ट की। 22 सितंबर को उन्हे निदेशक ने बुलाया और मौखिक तौर पर निष्कासित करने के निर्देश दिए। संघ ने बताया कि सुरेंद्र पिछले चार सालों से अस्पताल में काम कर रहा है। उसने कोविड अस्पताल में काम किया। मजबूरी में वो अपने घर गया। और उसे नौकरी से निकाल दिया गया। बहरहाल नर्सिंग स्टॉक के विरोध के चलते मरीजों को परेशानी हो रही है। यहां सभी बेड फुल है। इनडोर मरीजों की जिम्मेदारी इन्हीं नर्सिंग के हाथ में है। इसके अलावा ओपीडी में आए मरीजों को परेशानी हो रही है। बताया गया कि जल्द ही निदेशक के साथ बैठक की जाएगी। जिसके बाद कोई निर्णय निकलेगा।

### सड़क हादसे में छात्रा की मौत

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक सरिता मलिक ने बताया कि गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के पास कुछ दिन पूर्व 19 वर्ष की छात्रा सुमित्रा एक सडक दुर्घटना की शिकार हो गई थी। वह ऑटो रिक्शा में सवार होकर जा रही थी, तभी स्कार्पियो कार ने उन्हें टक्कर मार दिया था। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में भर्ती करवाया गया था। जहां पर उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक राधा.रमन सिंह ने बताया कि महमूदपुर गांव में रहने वाले ओमवीर के साथ प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश तथा उसकी पत्नी डोली ने एक हफ्ते पूर्व लाठी-डंडे से लैस होकर जमकर मारपीट की थी। पीड़ित मरणासन्न अवस्था में एक अस्पताल में उपचाराधीन है। इस मामले में उसके परिजनों ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल उसकी पत्नी अभी फरार है।

### सोशल मीडिया पर युवती के अश्लील फोटो डाले

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवती के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आई बनाकर उसके अश्लील फोटो डालने और अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। पीड़िता व उनके परिजनों ने आरोपी के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपने परिवार के साथ रहती हैं। युवती के अनुसार कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद निवासी एक युवक ने उनके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो व आपत्तिजनकर मैसेज अपलोड कर दिए। आरोपी की हरकत के कारण पीड़िता कई दिनों से तनाव में चल रही हैं। पीड़िता आरोपी की हरकत के बारे में अपने परिजनों को बताया। पीड़िता व उनके परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरे रामलीला मैदान

गाजियाबाद। दो साल से रामलीला मेले का इंतजार कर रहे लोगों को बारिश के कारण निराशा हाथ लग रही है। मेले की शुरुआत में ही हो रही बारिश के चलते मेला परिसर बारिश के पानी और कीचर से लबालब भर गए हैं।

आलम यह है कि कीचड के चलते मेला परिसर में पैदल चलना तक मुहाल है। इसकी वजह से अधिक स्टॉल संचालकों ने अपने स्टॉल भी शुरू नहीं किए। बारिश के कारण मेले में दर्शक भी नहीं पहुंच रहे हैं। जो एकाध पहुंच रहे हैं तो वह मेले की खस्ता हालत को देखकर वापस लौट रहे हैं। कविनगर रामलीला मैदान में जगह.जगह कीचड भर गया है तो जहां अस्थाई रोड बनाई गई थी।

# तेज बारिश से मौसम सुहाना, कई स्थानों पर हुआ जलभराव

- ग्रेटर नोएडा में बारिश से कलेक्ट्रेट परिसर बना तालाब

**पायनियरस समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में हो रही झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। तीन दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश से तापमान में कमी आई है और मौसम सुहावना हो गया लेकिन उसने प्राधिकरण और उसके अधिकारियों के दावों की पोल खोल कर रख दी है। इस हाई टेक सिटी की हर साल मानसून आने से पहले शहर की नालों की साफ-सफाई और जलभराव रोकने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन हर साल बारिश में सारे दावे पानी में धुल जाते हैं।

मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी कर किया हुआ है। जिसके कारण डीएम गौतम बुद्ध नगर सुहास एलवाई 23 सितंबर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक के समस्त बोर्ड के विद्यालय बंद करने के निर्देश जारी किये है लेकिन खुद डीएम आफिस का जो हाल है।

वह पूरे शहर के हालात को बयान करता हुआ नजर आया। गौतम बुध नगर का सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर भी बारिश से तालाब की तरह नजर आने लगा।

लगातार हुई बारिश से कलेक्ट्रेट परिसर में भी पानी जमा हो गया। जिससे आम लोगों के साथ साथ अधिकारियों को परेशानियों का समाना करना पड़ा। जिले के क्या शहर क्या देहात, सभी जगह पानी भरने की समस्या से लोग को हर साल परेशानी झेलनी पड़ती है, बारिश के कारण हुए जलभराव के चलते कलेक्ट्रेट एक तालाब में तब्दील हो गया है। अब जिले की हाईटेक शहर का जिला मुख्यालय सोशल मीडिया पर अपने जलभराव के कारण सुर्खियां बटोर रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस पूरे सप्ताह ऐसा ही मौसम बना रहेगा। रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला चलता रहेगा। बीच में तेज बारिश के आसार रहेंगे। फिलहाल इस दौरान तापमान में भी गिरावट आएगी। हवा भी बारिश की वजह से हवा भी साफ होगी।



### ग्रेनो प्राधिकरण अलर्ट पर

*नोएडा। दो दिन से मूसलाधार बारिश की वजह से होने वाली परेशानी से निपटने में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी जुटा हुआ है। प्राधिकरण ने अपने सभी वर्क सर्किल प्रभारी, प्रबंधक व सुपरवाइजरों को फील्ड में उतार दिया है। जहां भी जलभराव हो रहा है, वहां पानी निकासी के लिए पंप लगाए गए हैं। दो सुपर सकर मशीन भी लगाई गई है। जलभराव वाले जगहों पर पहुंचकर जल निकासी में जुटी रही। कुलेसरा, सूरजपुर, कलेक्ट्रेट, तिलपता, कासना, ईस्टर्न पेरिफेरल व यमुना एक्सप्रेसवे के सभी अंडरपास, सेक्टरों व गोलचक्करों आदि 27 जगहों पर पंप लगाए गए हैं। दो सुपर सकर मशीन भी जल निकासी में लगा रखा है। जहां पर अधिक जलभराव हो जाता है, वहां मशीन की मदद से पानी की निकासी कराई जा रही ।*

# हाथ-पैर बांधे, फिर अधेड़ की गला दबाकर हत्या

- नाबालिग बेटी और उसके दोस्त पर शक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पॉश एरिया वैशाली में स्वास्थ्य कर्मी के पति की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी गई। रस्सी से उनका गला घोटा गया है। हाथ-पैर भी रस्सी से बंधे मिले हैं। पुलिस को 14 साल की गोद ली हुई बेटी और उसके प्रेमी पर हत्या करने का शक है, जो फ्लैट से फरार हैं। सीसीटीवी खंगालने पर दिख रहा कि आखिरी बार घर से लड़की और उसका प्रेमी आगे-पीछे निकल कर जा रहे हैं।

वैशाली सेक्टर-4 के एक फ्लैट में अनिल सक्सेना, उनकी पत्नी पिंकी और गोद ली हुई 14 वर्षीय बेटी के साथ रहते थे। पिंकी दिल्ली के मलेरिया विभाग में कार्यरत हैं। वह गुरुवार सुबह ही ड्यूटी पर चली गई थीं। शाम को ड्यूटी करके लौटीं तो फ्लैट बाहर से बंद था। पिंकी ने अनिल को फोन लगाया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद पिंकी ने डूप्लीकेट चाभी से फ्लैट का दरवाजा खोला। बैडरुम में अनिल सक्सेना की लाश पड़ी हुई थी। हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। गला भी रस्सी से बंधा था।

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अनिल सक्सेना की गोद ली हुई 14 साल बेटी कुछ दिनों पहले अपने एक दोस्त के साथ चली गई थी। इसके बाद पुलिस ने लड़की को बरामद किया। कोर्ट में लड़की ने अपने दोस्त के पक्ष में बयान दिए थे। हालांकि, उसके नाबालिग होने की वजह से कोर्ट में ये बयान कहीं टिक नहीं पाए और उसके आरोपी दोस्त को कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था।

# दीवार हादसे में ठेकेदार सुंदर यादव गिरफ्तार

- नोएडा प्राधिकरण के उपप्रबंधक से 8 घंटे तक पुलिस ने की पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-21 में स्थित जलवायु विहार हाउसिंग सोसायटी की दीवार मंगलवार को गिर गई थी। जिसमें 4 श्रमिकों की मौत हो गई। इस मामले में नोएडा पुलिस ने अथॉरिटी के एक ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ठेकेदार के सहयोगी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। कंपनी का मालिक फरार चल रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सुंदर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दें कि इस मामले में नोएडा पुलिस ने अथॉरिटी के उपमहाप्रबंधक से थाने में 8 घंटे पूछताछ की थी। नोएडा के सेक्टर-21 में जलवायु विहार हाउसिंग सोसायटी की दीवार की बराबर एक नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाले की खुदाई करने के लिए ठेकेदार जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल कर रहा था। इसी दौरान हाउसिंग सोसायटी की करीब 25 साल पुरानी दीवार भरभरा कर गिर गई। इस दीवार के नीचे दबने से 4 श्रमिकों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसी दिन नोएडा सेक्टर.20 थाना पुलिस ने ठेकेदार और उसके सहयोगी के खिलाफगैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। ठेकेदार के सहयोगी गुल मोहम्मद को उस दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

## 26 हजार वाहन मालिकों से रोड टैक्स वसूली के लिए तीन दिन बचे

**नोएडा।** जिले के लगभग 26 हजार रोड टैक्स बकाएदार वाहन मालिकों से बकाया राशि वसूली के लिए महज तीन दिन शेष बचे हैं। आरटीओ गाजियाबाद के निर्देश के बाद परिवहन विभाग के कर्मचारी बड़े बकाएदारों को फोन करने में जुटे हैं।

अप्रैल 2020 के पहले पंजीकृत रोड टैक्स बकाएदार व्यावसायिक वाहनों के लिए शासन ने एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना पहले एक माह के लिए लागू हुई थी, लेकिन बाद में दो महीने के लिए और बढ़ा दी गई थी। 26 सितंबर को योजना खत्म हो जाएगी। इसके तहत वाहन मालिक आवेदन करके रोड टैक्स को तीन किस्तों में जमा कर सकते हैं। वहीं, टैक्स पर लगे जुर्माने से राहत पा सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि योजना के तहत शुक्रवार तक 2544 लोगों ने आवेदन किया हैं। इनमें से 1684 लोगों ने अब तक छह करोड 80 लाख रुपये टैक्स जमा किया है। अभी सात करोड़ 90 लाख रुपये जमा होने हैं। उन्होंने कहा कि 90 लोग ऐसे हैं, जिनके पास अधिक वाहन हैं और उनका टैक्स जमा नहीं हुआ है।

## कुत्ता खरीदने से पहले लेनी होगी कमेटी से अनुमति

### ओलिव सोसायटी का मामला

**गाजियाबाद।** कुत्तों के अधिकार और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सोसायटियों में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। वसुंधरा के ओलिव काउंटी सोसायटी में पेट एडवाइजरी कमेटी बनाई गई है। कुत्ता खरीदने से पहले लोगों को कमेटी से अनुमति लेनी होगी। इंदिरापुरम के आरेंज काउंटी सोसायटी में कुत्तों को घुमाने के लिए जगह निश्चित कर दी गई है। वसुंधरा सेक्टर पांच की ओलिव काउंटी सोसायटी के अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन एओए के अध्यक्ष केवीएस त्यागी ने बताया कि सोसायटी में छह सदस्यों की पेट एवडवाइजरी कमेटी बनाई गई है। इसमें दो एओए पदाधिकारी, दो कुत्ता पालने वाले, एक निवासी और एक पशु चिकित्सक को शामिल किया गया है। सोसायटी में यदि किसी को कुत्ता खरीदना होगा तो उसे सबसे पहले कमेटी से मिलना होगा। कमेटी के सदस्य उनके घर की स्थिति जानेंगे। इसके बाद उन्हें बताएंगे कि वह किस ब्रीड का कुत्ता खरीदें। कुत्ते को पालने को लेकर क्या-क्या सावधानियां बरतनी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

KNOW ALL MEN THAT, we, (i) Mr. Mohammad Altaf Gurkoo, and (ii) Mst. Shaheena, do hereby declare that we are the joint and absolute owners in respect of property i.e. Portion on Third Floor bearing Pvt. No. IIIB (without roof rights), measuring 60 sq yds., part of property bearing Municipal No. 3811/XI, Gali Magzine Wali, Choori Walan, Delhi, we further declare that we have lost / misplaced the original sale deed in respect of our said property i.e. Original Sale Deed dated 22/11/2005 executed by Mrs. Indra Goel in favour of Mst. Asma Bi, which is registered as Document No. 983, registered on 22/11/ 2005, with Sub-Registrar-III, Delhi. If anyone finds the said document please contact the undersigned

**MOHAMMAD ALTAF GURKOO S/o Mr. Mohammad Abdullah Gurkoo, R/o 2228, Second Floor, Gali Dakotan, Near Do Bhai Hotel, Turkman Gate, Delhi. Mbl.: 8826502956**

**PUBLIC NOTICE**

KNOW ALL MEN THAT, we, (i) Sh. Rakesh Ranjan Yadav and (ii) Smt. Sarita Kumari do hereby declare that we are the joint and absolute owners in respect of property i.e. Entire Upper Ground Floor of the property No. WZ-56-A/1, measuring 86.22 sq.mts without its roaf nths, situated at Sadh Nagar, area of Village Palam, New Delhi, we further declare that we have lost / misplaced the original sale deed in respect of our said property i.e. Original Sale Deed dated 28/09/2010 executed by Smt. Sudesh Sharma in our favour, which is registered as Document No. 12192, registered on 5560, with Sub Registrar-IX, Delhi. If anyone finds the said document please contact the undersigned. **Rakesh Ranjan Yadav S/o Mr. Jagdish Narsingh Yadav, R/o WZ-56/1, Gali No.09, Sadh Nagar, Palam, New Delhi, Mob. : 8383993806**

**PUBLIC NOTICE**

This is for the information of all concerned that our project of Expansion of Commercial Complex with Multiplex situated at Netaji Subhash Place Metro Station, Opposite Wazirpur District Centre, Pitampura, New Delhi, has been accorded the Environmental Clearance from Ministry of Environment, Forest & Climate Change (Issued by the State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Delhi) vide their approval no. F. No. SEIAA-D/C-410/EC-364/2022 dated 22nd September 2022 subject to the conditions enumerated herein and copies of clearances letter are available with the MoEF&CC and may also be seen on the website of MoEF&CC / SEIAA website.

**Harsh V. Bansal, C.E.O.**
Parsvnath Developers Ltd.
Parsvnath Metro Tower
Near Shahdara Metro Station, Shahdara, Delhi - 110032

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजू गुप्ता, ने खुरेजी खास गांव में "जितर नगर", शाहदरा, दिल्ली 110051 में स्थित भूतल पर दो कमरे वाली सीढ़ियों के साथ, प्रथम तल पर एक कमरा, अंतिम मंजिल तक निर्माण के अधिकार के साथ एक निर्मित संपत्ति, प्लॉट नंबर 45, एरिया परिमाप 45 वर्ग गज, आयत नंबर 29 का हिस्सा, किला नंबर 12, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 18.10.1996, पंजीकरण सं. 3916 सब-रजिस्ट्रार IV नई दिल्ली के साथ, के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री राजेश वार्ष्णेय उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ, श्रीमती अंजू गुप्ता से खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**बिक्री सूचना**

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
| --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम श्री सतवीर सिंह एवं अन्य (सीएस(सीओएमएम) सं. : 292-22) | वाहन नंबर - यूपी17एटी7086, मेक तथा माडल टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा अल्ट्रा 1518 विनिर्माण वर्ष - 2018 |

नीलामी की तिथि एवं समय : 03 अक्टूबर, 2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक
नीलामी की विधि : ऑनलाइन
स्थान : https://auctions.cardekho.com/#/
सम्पर्क व्यक्ति :- संतोष बलबंतराय (9163343439)/अंकित सोनी (8085250890)

**बिक्री की शर्तें**

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।

सफल बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा स्वीकृति की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।

इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, एजेसी बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, कोलकाता-700020 पधार सकते हैं।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | मनोज कुमार/सुमा मनोज/ खाता संख्या:- LBDEL00002098845 | फ्लैट नंबर 691, तीसरी मंजिल, एलआईजी फ्लैट्स, पॉकेट-ए, ब्लॉक-सी, लोकनायक पुरम, दिल्ली/ 20 सितंबर, 2022 | अगस्त 18, 2020 रु. 18,98,249/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 23, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# मेडिकल डिवाइस पार्क फेज-2 में 30 भूखूंडों वाली स्कीम जल्द होगी लॉन्च

- योजना में मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों को मौका दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क फेस दो विकसित कर रहा है। इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों के लिए 30 भूखंडों की स्कीम निकाली जाएगी। स्कीम में भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस पार्क के फेज वन का काम जल्द ही पुरा होने वाला है। इसीलिए यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क फेज दो योजना लाने जा रहा है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क की योजना भारत सरकार की योजना है। इसके द्वारा देश के चार राज्यों में मेडिकल डिवाइस पार्क उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु में बनाए जाने हैं। उत्तर प्रदेश में यह मेडिकल डिवाइस पार्क ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 28 में बन रहा है। मेडिकल डिवाइस पार्क का फेज वन में तय लक्ष्य के अनुसार प्राधिकरण ने 37 भूखंड आवंटन का लक्ष्य रखा था। इसको प्राधिकरण ने हासिल कर लिया है। मेडिकल डिवाइस पार्क सेक्टर 28 में 350 एकड़ में बनाया जा रहा है। सीईओ अरूण वीर सिंह ने कहा कि यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क में अब फेज दो की योजना ला रहा है। यह योजना 30 भूखंडों की होगी। इस स्कीम में इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों को मौका दिया जाएगा। मेडिकल डिवाइस पार्क की फेस वन की योजना में खंड छूट गया था। इसीलिए मेडिकल डिवाइस पार्क फेस दो में इन किट को बनाने वाली कंपनियों को ही मौका दिया जाएगा। मेडिकल में इन किट की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। क्योंकि सभी तरह की जांच इन किट के द्वारा ही की जाती है। मेडिकल डिवाइस पार्क में यह किट बनाने का हिस्सा छूट गया था, जिसको लेकर यमुना प्राधिकरण अब मेडिकल डिवाइस पार्क फेज दो की स्कीम जल्द ही ला रहा है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, पालम हुआ पानी-पानी

## मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, निचले इलाकों में जलभराव, ट्रैफिक जाम



जलभराव के कारण धीमी गति से चलते वाहन। फोटो: रंजन डिमरी


तेज बारिश से चलते छाते से बचाव करता व्यक्ति।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दो दिन पहले जहां दिल्ली में सितंबर की वर्षा 46 प्रतिशत कम चल रही थी वहीं अब लगातार बरसात से अब यह 16 प्रतिशत अधिक हो गई है। पालम व लोधी रोड में भी क्रमश : 32 और 16 प्रतिशत ज्यादा वर्षा हो गई है। अभी सितंबर का एक सप्ताह बचा हुआ है, जिसमें दो तीन दिन और बारिश होने के आसार हैं। यानी न केवल माह की बरसात कोई नया रिकार्ड बना सकती है बल्कि पूरे मानसून सीजन की बरसात में रह गई कमी भी पूरा कर सकती है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश से निचले इलाकों में जलभराव, ट्रैफिक जाम से लोगों को जूझना पड़ा। इन इलाकों में वाहन रेंगते नजर आए।

बृहस्पतिवार की तरह शुक्रवार को भी दिन भर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होती रही। सूरज के दर्शन लगातार दूसरे दिन भी नहीं हुए। बरसात के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.6 रहा जो सामान्य से सात डिग्री कम है।

न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। हवा में नमी का स्तर 95 से 100 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में हो रही इस वर्षा का प्रमुख कारण दो वेदर सिस्टम का मिलना है।

एक तरफ जहां उत्तरी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है तो वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में हवा का कम दबाव होने के चलते यह वर्षा हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार सर्वाधिक बरसात पालम और आयानगर पानी-पानी हो गए।

मौसम विभाग ने लगातार पांच दिनों तक वर्षा होने की संभावना जताई थी। दो दिन बीत चुके हैं। तीन दिन शेष है। शनिवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मध्यम स्तर की बरसात होगी और कहीं कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री जबकि न्यूनतम 22 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वह इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही अपनी यात्रा करें। इसके बाद रविवार और सोमवार को भी हल्की से मध्यम स्तर की बरसात होने का पूर्वानुमान है। इन दोनों दिनों के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया गया है।

### कहां-कितनी हुई बरसात

बृहस्पतिवार सुबह 8.30 से शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक और शुक्रवार सुबह 8.30 से शाम 5.30 बजे तक सफदरजंग 72.0 मिमी 8.0 मिमी, पालम 102.0 मिमी 30.3 मिमी, लोधी रोड 71.4 मिमी 6.4 मिमी, रिज 41.4 मिमी 15.2 मिमी, आयानगर 106.2 मिमी 20.4 मिमी, पूसा 51.0 मिमी 7.0 मिमी, जाफरपुर 19.5 मिमी 1.0 मिमी, नजफगढ़ 30.0 मिमी 15.0 मिमी, मयूर विहार 75.0 मिमी 3.5 मिमी, स्पोर्टस काम्प्लेक्स 43.0 मिमी 12.0 मिमी पालम में 24 घंटे के भीतर सबसे ज्यादा 102 मिमी बरसात हुई। यहां 44 मिमी वर्षा बृहस्पतिवार पूर्वाहन 11.30 से दोपहर 2.30 बजे के बीच हुई।

## भारी बारिश से प्रदूषण स्तर हुआ कम

- शनिवार को एक्यूआई अच्छी श्रेणी में रहेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में लगातार हो रही बारिश ने गर्मी से परेशान हो रहे लोगों को राहत दे दी है। भारी बारिश के चलते न केवल तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहावना हुआ है बल्कि हवा में प्रदूषण का स्तर भी घट गया है। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार को एक्यूआई अच्छी श्रेणी में रहेगी।


मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि 25 और 26 सितंबर के बाद वर्षा का दौर खत्म हो जाएगा, तो प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगेगा। वहीं 27 सितंबर के बाद इसके मॉडरेट श्रेणी में जाने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक वीके सोनी के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली की हवा का अच्छी श्रेणी में आना काफी अच्छा है। ऐसा कई सालों के बाद होगा कि सितंबर के महीने में हवा सांस लेने के योग्य होगी। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़े पर नजर डालें तो पिछले 24 घंटे में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल और गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स संतोषजनक और अच्छी श्रेणी में पहुंच चुका है। चूंकि अभी 26 सितंबर तक बारिश होने का ही अनुमान है लिहाजा इन दिनों में एक्यूआई अचछी श्रेणी में जाने की उम्मीद है। मानसून के विदा होने का समय पास आते दिल्ली एनसीआर में सांसों कके आपातकाल का दौर भी करीब आ सकता है क्योंकि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने का दौर शुरू हो गया है।

## पानी भरने से रामलीला मैदानों की हालत खराब

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगातार बारिश से रामलीला आयोजकों को हो रही परेशानी की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा है कि बारिश के कारण ज्यादातर रामलीलाओं के मैदानों की हालत बहुत खराब हो गई है। मैदानों की मरम्मत कराने के लिए सरकार तुरंत आगे आए। राजधानी में एक हजार से अधिक छोटी-बड़ी रामलीलाओं का मंचन होता है। पिछले तीन दिन की बारिश के बाद सभी रामलीला मैदानों में पानी भर गया है और वहां गहरे गड्ढे हो गए हैं। यही नहीं मैदानों तक पहुंचने वाली सड़कों की हालत भी बहुत खराब हो गई है। रामलीलाओं का आयोजन 25 सितंबर से शुरू हो रहा है। ऐसे में आयोजकों के पास समय बहुत कम बचा है।

## जलजमाव व जाम से लोग बेहाल: भाजपा

- थोड़ी सी बारिश में स्थित हो जाती है बदतर: आदेश


आदेश गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में गत दो दिनों से रुक-रुक हो रही बारिश ने सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा कर दी है। जगह-जगह जलभराव के चलते हालत खराब हैं। वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसको लेकर प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर की बारिश में ही लोग सड़कों पर जलजमाव के कारण घंटों ट्रैफिक में फंसे रहते हैं क्योंकि केजरीवाल सरकार काम की जगह सिर्फ झूठे वादे करती है। भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सिर्फ कागजों में काम दिखाने में माहिर है जबकि हकीकत हमेशा ही समस्या आते ही उजागर हो जाती है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए आरोप लगाया कि जब-जब भी बारिश होती है केजरीवाल का नालों की सफाई करने का दावा उजागर हो जाता है। यह सिलसिला पिछले आठ वर्षों से चल रहा है। सड़कों पर वाहन रेंगने लगते हैं। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कई मार्गों और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम में लोग घंटों फंसे रहे। पानी सड़कों पर होने कारण कारें रेंगती हुई नजर आईं। प्रगति मैदान, मुख्य हाइवे सहित राजौरी गार्डन, पश्चिम पंजाबी बाग, नजफगढ़, विजवासन, कापसहेड़ा, अशोक नगर, द्वारका, जंगपुरा, नेहरू नगर, आनंद विहार, विश्वास नगर, सीआर पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, करोल बाग, पहाड़गंज, सब्जी मंडी, आजादपुर और जहांगीरपुरी जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों को बारिश से हुए जलजमाव से भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि अभी तो थोड़ी बारिश के कारण यह स्थिति है, अगर तेज बारिश आ जाती है तो स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी।

## धनशोधन मामला : सत्येंद्र जैन की जमानत पर दूसरे कोर्ट में सुनवाई

- प्रधान जिला एवं सत्र अदालत ने ईडी की याचिका को मंजूरी दे दी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने उनके खिलाफ धनशोधन का मामला अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने संबंधी निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया।

निचली अदालत के आदेश के कुछ घंटे बाद मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया, जिसने इसे सोमवार को सूचीबद्ध करने की अनुमति दी।

जैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि वह मामले को किसी अन्य न्यायाधीश को भेजे जाने को चुनौती दे रहे हैं, क्योंकि यह अवैध है। मेहरा ने कहा कि मामले का स्थानांतरण अवैध है। जब मुख्य न्यायाधीश ने यह जानना चाहा कि इसकी तत्काल सुनवाई की जरूरत क्यों है, इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि निचली अदालत ने इस पर शुक्रवार को सुनवाई की तारीख तय की है और मामले में हर दिन सुनवाई की जाएगी। जैन ने जिला न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी है, जिन्होंने जैन के खिलाफ धन शोधन मामले को दूसरे न्यायाधीश को स्थानांतरित करने के अनुरोध वाली ईडी की याचिका को मंजूरी दी है।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल द्वारा सुनवाई के दौरान कुछ निश्चित विवादों का जिक्र किए जाने के बाद एजेंसी ने मामला किसी और न्यायाधीश को भेजने का अनुरोध किया था। सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मामले में अब विशेष न्यायाधीश विकास ढुल सुनवाई करेंगे। इससे पहले 19 सितंबर को सत्र न्यायाधीश ने विशेष न्यायाधीश गोयल के समक्ष निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

## यूपी का बदमाश सराय काले खां से गिरफ्तार

- दिल्ली समेत लूटपाट की कई वारदातों को दिया अंजाम, पिस्तौल, कारतूस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लूटपाट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस ने एक बदमाश को दक्षिण पूर्व दिल्ली के सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान मशरूफ उर्फ मशरूर के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश का निवासी है। उसके पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली थी कि मशरूफ शाम करीब सात बजे अपने किसी सहयोगी से मिलने के लिए सराय काले खां के पास आएगा, जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। मशरूफ वहां शाम करीब सवा सात बजे पहुंचा और उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2011 में उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के हसनपुर इलाके में ढाई लाख रुपए की हथियारों की लूट को अंजाम दिया था।

## अदालत परिसर में उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट प्रणाली लगे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप सरकार को छह दिसंबर से पहले अदालत परिसर में उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट सेवा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने दिल्ली सरकार से जिला अदालतों में या तो एसीएलएस एम्बुलेंस तैनात करने या इस सेवा के लिए पोर्टा केबिन बनाने की संभावना तलाशने को कहा। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय की चिकित्सा समिति को अदालत परिसर में एसीएलएस सेवाओं की स्थापना के लिए दो सप्ताह के भीतर जगह निर्धारित करने को कहा। मेट्रो को भी छह सप्ताह के भीतर सभी प्रमुख इंटरचेंज स्टेशन पर एसीएलएस सेवाओं की स्थापना की संभाव्यता का पता लगाने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

## आत्महत्या रोकने के लिए छात्रों की हो काउंसलिंग: डीयू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जाकिर हुसैन कॉलेज में एक छात्रा द्वारा कथित रूप से आत्महत्या किए जाने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सभी कॉलेज प्रमुखों को सलाह दी कि वे समय-समय पर छात्रों को सलाह मशविरा दें और उन्हें मनुष्य जीवन के मूल्य के बारे में बताएं। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने एक परामर्श जारी करके कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय में देखा गया है कि कुछ छात्र दबाव झेल नहीं पा रहे हैं और अपनी जीवनलीला समाप्त कर ले रहे हैं। अब्बी ने कहा, सभी प्रमुखों, निदेशकों, प्रचार्यों, प्रोवोस्ट, वार्डन आदि को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर छात्रों की काउंसलिंग करें और छात्रों को मनुष जीवन के महत्व तथा मूल्य के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं भी हुई हैं जहां बेहद मामूली बातों को लेकर छात्र प्रॉक्टर कार्यालय को आत्महत्या की धमकी भेज रहे हैं। अब्बी ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय में नए छात्रों के दाखिले के मद्देनजर भी यह महत्वपूर्ण है। अनुकूलन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम में भी इस संबंध में काउंसलिंग की जा सकती है।

### स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के प्राचार्य को समन जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने शिक्षकों की नियुक्ति में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देशों का कथित रूप से पालन नहीं करने को लेकर स्विामी श्रद्धानंद कॉलेज के प्राचार्य को समन किया है। आयोग ने कॉलेज के प्राचार्य प्रवीण गर्ग को कार्वाई रिपोर्ट के साथ सोमवार को तलब किया है। शिकायत करने वाले प्रोफेसर सूरज मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने 2021 में कॉलेज को आदेश दिया था कि वह तदर्थ आधार पर सभी 27 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति रद्द कर दे।

## 18 से 59 वर्ष की आयु के केवल 19 फीसदी लोगों ने ली बूस्टर डोज

- एहतियाती खुराक लेने के योग्य कुल 1.33 करोड़ लाभार्थियो में से 20 सितंबर तक केवल 31.49 लाख लोगों ने ही ली खुराक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग के केवल 19 प्रतिशत लोगों ने ही कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक ली है। यानी की कुल आबादी का अभी तक कुल 24 प्रतिशत लोगों ने बूस्टर डोज ली है। गुरुवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की हुई बैठक में इस पर सहमति जताई गई कि इस आंकड़े को लगभग 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत है।

एहतियाती खुराक लेने के योग्य कुल 1.33 करोड़ लाभार्थियों में से 20 सितंबर तक केवल 31.49 लाख (24 प्रतिशत) लोगों ने ही खुराक ली। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर तक 18 से 59 वर्ष की आयु के कुल 1.14 करोड़ लाभार्थी एहतियाती खुराक लेने के योग्य हैं लेकिन केवल 21.21 लाख लोगों ने ही खुराक ली।

साठ साल से अधिक उम्र के 13.20 लाख लाभार्थी टीके की खुराक लेने के योग्य हैं और इनमें से 6.33 लाख लोगों ने एहतियाती खुराक ली है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में से 61 प्रतिशत ने एहतियाती खुराक ली है।

### दो महीने में 90 फीसद कोविड नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में बीए-2 स्वरूप मिल

**नई दिल्ली।** जुलाई और अगस्त में जीनोम अनुक्रमण के दौरान 90 प्रतिशत कोविड-19 नमूनों में इस वायरस का बीए-2 स्वरूप (वैरिएंट) मिला। जुलाई में प्रयोगशालाओं में l,271 नमूनों का विश्लेषण किया गया जिनमें से 1133 में बीए-2 स्वरूप मिला। किसी नमूने में बीए-4 स्वरूप नहीं मिला जबकि 138 नमूनों में इस वायरस का बीए-5 स्वरूप था। अगस्त में प्रयोगशालाओं में 2,064 नमूनों का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि 90.35 प्रतिशत मामलों में बीए.2 स्वरूप मिला जबकि 199 मामलों में इस वायरस का बीए.5 स्वरूप था।



दिल्ली में अगस्त में कोविड-19 के मामले में वृद्धि हुई थी और विशेषज्ञों ने इसके लिए लोगों द्वारा एहतियात नहीं बरतने एवं कोविड-19 उपयुक्त आचरण का पालन नहीं करने को जिम्मेदार ठहराया था। अब चूंकि यहां इस संक्रमण के रोजाना मामले 100 के नीचे आ गए हैं तो दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपए का जुर्माना एक अक्टूबर से हटा सकता है तथा चरणबद्ध तरीके से अस्पतालों में संबंधित कर्मियों एवं सुविधाओं में कमी ला सकता है। शहर में कोविड-19 के नए मामलों में गिरावट आ रही है। डीडीएमए ने राष्ट्रीय राजधानी में कोविड की स्थिति की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को एक बैठक की थी और कोरोना वायरस से निपटने के लिए अस्पतालों में लगाए गए कर्मियों एवं सेवाओं का मूल्यांकन किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रकवि दिनकर की 114वीं जयंती मनाई गई


रश्मिरथी का पाठ करते पद्मश्री डॉक्टर यश गुलाटी

**नई दिल्ली।** रेस्पेक्ट इंडिया ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 114वीं जयंती जयंती मनाई। इस दौरान इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिनकर महोत्सव का आयोजन किया। अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर रेखा सक्सेना ने किया। पद्मश्री मालती जोशी को प्रथम दिनकर संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मनोज तिवारी रहे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर रामेश्वर राय ने कहा की दिनकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से जो प्रश्न खड़ा किया था, वह आज भी अनुत्तरित है। कवि राजीव कुमार ने दिनकर के रश्मिरथी के तृतीय सर्ग का भावपूर्ण पाठ किया। पद्मश्री डॉ. यश गुलाटी ने दिनकर के कविताओं का पाठ किया। पूर्व राज्यपाल बाल्मीकि प्रसाद सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे। राज्य सभा राजीव कुमार, पूर्व आईपीएस सुरेंद्र भगत, सुरेश चौधरी, मालविका जोशी, अधिवक्ता संग्राम पटनायक, विनय मणि त्रिपाठी, डॉ प्रमोद कुमार द्विवेदी,अतुल सिंह, जवाहरलाल उनियाल,पंकज ठाकुर, आरती, सौम्या मिश्रा आदि शामिल थे। संयोजन शम्भू झा, आशुतोष कुमार एवं गुरुदत्त रंगा ने एवं कुशल संचालन बरखा दुबे ने किया। आगत अतिथियों के प्रति आभार रिस्पेक्ट इंडिया के संस्थापक डॉ मनीष के चौधरी ने दिया।

### नरेला औद्योगिक क्षेत्र में आग



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में नरेला औद्योगिक क्षेत्र के एक कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर दमकल की 10 गाड़ियों को भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एमएससी मॉल के निकट नरेला औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने की सूचना सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर मिली थी। नरेला क्षेत्र में बृहस्पतिवार को भी जूते बनाने के एक कारखाने में आग लग गई थी।

### एलजी शौचालय घोटाले में दर्ज कराएं केस : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करने वाली केजरीवाल सरकार के 8 वर्षों के शासन में लगातार एक के बाद एक नए मामले उजागर हो रहे हैं। शराब घोटाले, डीटीसी बस खरीद और रख-रखाव घोटाला, क्लास रुम घोटाले के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के संरक्षण में अब दिल्ली शहरी आश्रय विकास बोर्ड का शौचालय घोटाला कांग्रेस ने उजागर किया है जिसकी शिकायत उपराज्यपाल से की है। उन्होंने मांग की है कि उपराज्यपाल जल्द शौचालय घोटाले की प्रारंभिक जांच कर एफआईआर दर्ज करे और मंत्री सिसोदिया का इस्तीफा लें। अनिल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जेजे कलस्टर एवं स्लम क्षेत्रों में शौचालयों की सुविधा देने के लिए डूसीब 725 शौचालयों के 23000 डब्लूसी शीटों के रख-रखाव का काम करता है जिस पर 42 करोड़ का वार्षिक खर्च आता है।

# गुरुग्रामवासियों के लिए बेमौसमी बारिश बनी आफत


गुरुग्राम-जयपुर हाइवे की सर्विस लेन में भरे पानी से गुजरती कार।


गुरुग्राम-जयपुर हाइवे की सर्विस लेन में भरा बरसाती पानी।


गुरुग्राम में बरसाती पानी के बीच बंद हुई बाइक को पैदल ले जाता युवक।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### आपदा प्रबंधन ने दी कर्मचारियों को घर से काम करने की सलाह

### निजी कंपनियों से आपदा प्रबंधन की ओर से की गई है अपील

**बेमौसमी** बरसात फिर से गुरुग्रामवासियों के लिए आफत बनकर बरसी है। दो दिन से लगातार हो रही बरसात ने फिर से शासन-प्रशासन के दावों को खोखला साबित कर दिया है फिर से मिलेनियम सिटी पानी-पानी हो गई है। फिर से वही यातायात जाम से लोग जूझे। ऐसे में फिर से आपदा प्रबंधन ने निजी कंपनियों के कर्मचारियों को घरों से ही काम करने की अपील की है। यानी नया कुछ नहीं देखने को मिला। हर बार की तरह हाइवे और दूसरी सड़कों पर जलभराव हुआ। इसके साथ ही सड़कों में गड्ढे भी बन गए हैं।

गुरुवार को शुरू हुई बरसात कुछ समय के लिए थमीं और फिर से शुरू हो गई। शुक्रवार की सुबह से ही बरसात जारी रही। बरसात के बीच जलभराव से वाहनों की रफ्तार धीमी होनी स्वाभाविक है। नए-पुराने गुरुग्राम के बीचों-बीच गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 का तो बुरा हाल ही रहा। हरियाणा ही नहीं देश और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण शहर गुरुग्राम की ऐसी स्थिति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर शासन की कोई सख्ती नहीं होती। अधिकारी बदलते रहते हैं। समस्याएं वही की वही रहती है।

**बाकी विकास खूब हुए पर पानी निकासी के प्रबंध फेल** : केंद्र और हरियाणा सरकार ने कई परियोजनाओं को सिरे चढ़ाकर यहां विकास के खूब काम किए हैं। फ्लाईओवर, अंडरपास, यू-टर्न जैसी तमाम सुविधाएं दे दी हैं। यानी सामान्य दिनों में यातायात जाम लगने वाले प्वाइंट पर यातायात सिगनल खत्म करके नॉन स्टॉप वाहनों का संचालन किया है। अगर इलाज नहीं हो पाया है तो वह है जलभराव। अनेक अधिकारियों की यहां नियुक्ति हुई है। हर बार अधिकारी बरसात से पूर्व शहर का दौरा करके बरसाती पानी निकासी की जायजा लेते हैं। अपने अधीनस्थ अधिकारियों को समयसीमा में नालों की सफाई करवाकर जलभराव नहीं होने के दावे करते हुए अखबारों की सुर्खियां बनते हैं। लेकिन जब बरसात आती है तो सब दावे झूठे साबित होते हैं, सब काम अधूरे नजर आते हैं। सबसे बड़ी बात है कि सरकार की ओर से किसी का जवाबदेही तक तय नहीं की जाती।

**लोग नालों में डालते हैं घरों से निकली गंदगी** : एनएच-48 की सर्विस लेन की बात करें तो आम तौर पर यहां नालों से निकलकर पानी सड़क पर भरा रहता है, क्योंकि नालों की सफाई नहीं की जाती। नाले बंद पड़े रहते हैं। इसमें हाइवे किनारे के गांवों के लोगों की भी गलती साफ नजर आती है। क्योंकि लोग अपने घरों का कूड़ा-करकट सीधे इन नालों में ही डालकर घर की सफाई कर लेते हैं। नालों में डाला गया वही कूड़ा उनके घरों के आगे भरने वाले गंदे पानी का कारण बनता है। इसके बावजूद भी लोग समझदार नहीं हो रहे। हीरो होंडा चौक से जयपुर की तरफ जाते समय सीधी तरफ के गांव के लोग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे।


गुरुग्राम में बरसात के पानी के बीच अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हुई कार।

## संक्षिप्त समाचार

### महान योद्धा राव तुलाराम अंग्रेजों से आखिरी सांस तक लड़े


गुरुग्राम में राव तुलाराम को श्रद्धांजलि देते लोग।

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को राव तुलाराम जी की पुण्यतिथि पर न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन हाउस में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने साथियों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राव तुलारामजी महान योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी थे। अहीरवाल की धरती पर जन्म लेकर उन्होंने ना केवल अहीरवाल, बल्कि पूरे हरियाणा को गौरवान्वित किया। कम उम्र में ही पिता के निधन के बाद माता ज्ञान कौर से उन्हें देशभक्ति का ज्ञान मिला। वे अंतिम समय तक देश की आजादी के लिए लड़े और अंग्रेजों से लड़ते हुए ही अमर शहीद हो गए। गोयल ने कहा कि आजादी आंदोलन के साथ पाकिस्तान और चीन के साथ हुई जंग में अहीर वीर योद्धाओं का बलिदान सदा याद रखा जाएगा। ऐसे योद्धाओं पर हमें गर्व तो होना ही चाहिए, साथ ही हमें अपनी पीढ़ियों को उनके बलिदान की गाथा भी सुनानी चाहिए। अमर शहीद राव तुलाराम जी को श्रद्धांजलि देने वालों में कमांडर उदयवीर सिंह, ईशु वाल्मीकि, रोहताश सैनी, प्रताप गुलिया, रजनीश सैनी, जगजीत सैनी, योगेश शर्मा, बॉबी कटारिया, पंडित सोनाराम, बलजीत, प्रवीन, मोहित वत्स, दर्पण शर्मा, विजय वर्मा, कमल वर्मा, सुरेंद्र पन्नू, राजेश शर्मा, संदीप भारद्वाज, ताराचंद आदि शामिल रहे।

### वजीराबाद तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक 130 एमएम बारिश हुई

**गुरुग्राम।** जिले में सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक सबसे अधिक बारिश पटौदी क्षेत्र में 80 एमएम हुई। दूसरे नंबर पर फरूखनगर तहसील क्षेत्र में 52 और तीसरे पर गुरुग्राम तहसील क्षेत्र में 29 एमएम बारिश दर्ज की गई। दो दिन से लगातार हो रही बारिश से शहर में काफी जगह पर जलभराव हो चुका है। शुक्रवार को तहसील गुरुग्राम, पटौदी और फरूखनगर के अलावा सब-तहसील कादीपुर व हरसरू में 23एमएम बारिश, वजीराबाद तहसील में 20 एमएम, सब-तहसील बादशाहपुर क्षेत्र में 15एमएम, तहसील मानेसर में 7 एमएम और सोहना तहसील में सबसे कम 4 एमएम बारिश हुई। सुबह 7:30 बजे से पहले की बात करें तो वजीराबाद तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक 130 एमएम बारिश, दूसरे नंबर पर तहसील मानेसर में 115 एमएम, तहसील गुरुग्राम में 114 एमएम, सब तहसील कादीपुर व हरसरू में 110-110 एमए और सोहना तहसील क्षेत्र में 108एमएम बारिश दर्ज की गई। इसी तरह से फरूखनगर तहसील में 66 एमएम, सब-तहसील बादशाहपुर में 64 एमएम और तहसील पटौदी क्षेत्र में 45 एमएम बारिश हुई। तस्वीर साफ है कि जिलाभर में कहीं पर अधिक कहीं कम लेकिन बरसात जरूर हुई है।

### खेतों में भरा बरसाती पानी, किसान खासे परेशान



**सोहना।** पिछले 24 घंटा में हुई रुक-रुककर बरसात से शहर के वार्ड-19 के आबादी क्षेत्र से लगते खेतों में गंदे नाला के पानी से जलभराव हा ेगया। किसानों की सब्जी की फसल जलमग्न होने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ। वहीं महामारी फैलने का खतरे ने स्थानीय नागरिकों को बेचैन कर दिया है। क्षेत्र में हो रही बरसात शहरवासियों के लिए आफत बनकर बरस रही है। इस बरसात से सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड-19 के नागरिकों के लिए पैदा हो गई है। जहां आबादी क्षेत्र से लगते खेतों में बरसाती व गंदे पानी के नालों का पानी जमा हो गया है। आबादी क्षेत्र से लगते 5 से 7 एकड़ जमीन पर तीन से चार फुट पानी जमा हो गया है। यहा के निवासी दीनदयाल सैनी का कहना है कि खेतों में स्थानीय किसान 90 फीसरी सब्जी पैदा करते है। लेकिन खेतों में बरसाती पानी जमा होने से सब्जी की फसल खराब हो गई है। जिससे एक किसानों को सब्जी की फसल खराब होने से एक से दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने फूलगोभी, टमाटर, बेंगन, पत्ता गोभी, पालक, आलू, गाजर, मैथी, प्याज, धनिया आदि की फसल बिजाई की हुई थी। वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में रहने वाले और पिछले करीब 7 साल से आम रास्तों में गंदे पानी जमा होने की लड़ाई लड़ रहे ललित कुमार का कहना है कि गंदे नाले का पानी आम रास्तों में जमा होने से मक्खी, मच्छर और बरसाती कीड़ों का आतंक छा जाता है। जिससे स्थानीय नागरिकों को मलेरिया, डेंगू के अलावा अन्य जानलेवा बीमारियां फैलने के पूरे-पूरे आसार बन चुके हैं। संजीत का कहना है कि खेतों में शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों से यह जलभराव हो रहा है, क्योंकि शहर से बाहर जाने का पानी का स्तर ऊंचा होने के कारण बैक मार रहा है। मंगलनगर के दिन आबादी क्षेत्र के साथ जलभराव होने के कारण स्थानीय नागरिक दिन छुप जाने के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गुलाब सिंह का कहना है कि वृद्ध और छोटे बच्चों को तो दिन के समय में भी बाहर नहीं जाने देते।

# गुरुग्राम से अग्रोहा धाम भेजी 2000 किलो खाद्य सामग्री


अग्रोहा धाम के लिए खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को रवाना करते अग्र समाज के समाजसेवी।

### महाराजा अग्रसेन जयंती के लिए भेजी गई यह सामग्री

### 24 से 26 सितम्बर तक जयंती समारोह में पहुंचेंगे करीब सात लाख लोग

**गुरुग्राम।** अग्रोहा धाम (हिसार) में मनाई जाने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती में लोगों के लिए खाने-पीने के प्रबंध में गुरुग्राम की भी हिस्सेदारी होगी। इसके लिए यहां से 2000 किलो खाद्य सामग्री भेजी गई है। खाद्य सामग्री से भरी गाड़ी को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन टावर से झंडी दिखाकर रवाना किया।

नवीन गोयल ने बताया कि आगामी 24 से 26 सितम्बर तक अग्रोहा धाम में बड़ा मेला होने जा रहा है। इस मेले में करीब सात लाख लोग पहुंचकर महाराजा अग्रसेन को नमन करेंगे। सभी लोगों के लिए विशेष खान-पान की व्यवस्था होगी। व्यापक तैयारियां वहां पर की जा रही हैं। गुरुग्राम से भी खाद्य सामग्री भेजी गई है, ताकि यहां के लोगों की नेक कमाई का हिस्सा धर्म के कार्य में लगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हमें जो मानवता, इंसानियत का रास्ता दिखाया है, उस पर चलते हुए अग्र समाज आगे बढ़ा है। जनसेवा उन्होंने सिखाई है। एक रुपया एक ईंट दान करने की जो उन्होंने रीत चलाई, उससे करोड़ों लोगों का जीवन खुशहाल हुआ है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अग्र समाज का अहम योगदान है। हर अच्छे समय में, हर आपदा के समय में अग्र समाज दान देने में अग्रणी रहता है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटरी गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अग्रोहा धाम में ऐतिहासिक मेला लगता है। इस कार्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच गुरुग्राम इकाई, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, कैनवनि फांउडेशन समेत समस्त अग्रवाल समाज का योगदान मिला है। इस अवसर पर रघुनंदन अग्रवाल, गगन बंसल, विपुल अग्रवाल, सीए यमन गर्ग आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब सोहना टाउन के सरदार अवतार सिंह बने प्रधान

**सोहना।** सामाजिक कार्यों में अग्रनीय सेवा करने वाली लायंस क्लब सोहना टाउन के सरदार अवतार सिंह प्रधान बने। सरदार अवतार सिंह क्लब के 30वें प्रधान बने है। शपथ दिलाई गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह से लेकर स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों की हर तरीके से मदद करते हुए पढ़ाई कराना, नि:शुल्क गरीब लोगों की आंखों का चैकअप और लेंस वाले ऑपरेशन कराने से सामाजिक कार्यों में पिछले 30 वर्ष से जनसेवा में हमेशा समर्पित रहने वाले क्लब ने अपना सर्वसम्मति से सरदार अवसर सिंह को प्रधान बनाया।

# मेयर मैडम, निगम कमिश्नर..जरा विचार करें, न्याय करें

### जलभराव पर भाजपा नेता ने भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

### कुछ समय पूर्व बनाए नाले, फिर भी सेक्टर-10 पानी-पानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** की कालोनियों में जलभराव से आजीज लोग लगातार सोशल मीडिया पर तस्वीरें और कमेंट लिखकर अधिकारियों को कोस रहे हैं। लोगों ने हर सोशल प्लेटफार्म पर गुरुग्राम के जलभराव को प्रशासन की विफलता बताया है।

भाजपा नेता कमांडर उदयवीर यादव ने जलभराव पर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा है कि पार्षद, निगम के इंजीनियर स्वयं में कंसलटेंट भी हैं और तकनीक के जानने वाले भी हैं। इनके अजूबे विश्व में आठवें अजूबे के नाम से जाने जाएंगे।

सेक्टर-10 में सीवर का और बाहर का पानी खांडसा मंडी की तरफ जाकर भरता है। सुझाव दिया था कि यदि नाले सेक्टर के बाहर बनाए जाते हैं तो यह पानी सेक्टर में नहीं आता।

उन्होंने कहा है कि करीब 8 करोड़ रुपये खर्च करके सेक्टर-10 में बरसाती पानी निकासी के लिए नाले पर और आरसीसी सड़क बनाकर लेवल ऊंचा किया था। हालात अब भी पहले जैसे ही हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि-खेल खत्म पैसा हजम। कौन जिम्मेदार। कौन करदाताओं की जेब पर डाका डाल रहा है। मेयर मैडम, निगम कमिश्नर जरा विचार करें, गौर करें और हो सके तो कुछ न्याय करें।

# नप सरकारी विभागों को ब्याज माफी छूट के साथ कर भुगतान को दोबारा देगी नोटिस

### नप ने बकाया संपत्ति कर के दिए थे एक करोड़ 27 लाख रुपये के नोटिस

### नप सरकारी विभाग को एक बार फिर से रिमांड नोटिस देने की कर रही है तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “ **प्रदेश** सरकार ने राज्य के राजस्व खर्चा को बढ़ाने और बकाया संपत्ति कर को वसूलने के लिए उपभोक्ताओं को संपत्ति कर में छूट दी है। यह छूट कुल संपत्ति कर पर लगा ब्याज को माफ किया है। यदि कोई भी संस्था एक बार में अपना संपत्ति कर जमा करती है। उसे 5 फीसदी की अलग से भी छूट दी जाएगी। **अतर सिंह ( कार्यकारी अधिकारी नप )**

**नगर** परिषद एक बार फिर शहर में स्थापित सरकारी विभागों को संपत्ति कर जमा कराने के लिए नोटिस जारी करेगी। लेकिन इस बार के नोटिस में सरकारी विभागों को योजना के मुताबिक संपत्ति कर में दी जाने वाली छूट के आधार पर कुल राशि में राहत दी जाएगी। नगर परिषद ने करीब डेढ़ माह पहले शहर में स्थापित सरकारी विभागों के भवन कार्यालय पर बकाया संपत्ति कर के एक करोड़ 27 लाख रुपये के नोटिस जारी किए थे, लेकिन बिजली निगम के एक्सइएन और एसडीओ कार्यालय द्वारा अपना-अपना संपत्ति कर का जमा कराया है।

अन्य किसी भी विभाग द्वारा परिषद को नोटिस दिए जाने के करीब एक माह बाद तक संपत्ति कर जमा नहीं किया है, लेकिन नगर परिषद संपत्ति कर जमा न कराने वाले सरकारी विभाग को एक बार रिमांड नोटिस देने की तैयारी कर रही है। जिससे परिषद की आय हो सके।

**नियम के आधार पर मिलेगी छूट** : नगर परिषद दूसरी बार सरकारी विभागों को दिए जाने वाले रिमांड नोटिस में सरकार के नियमानुसार संपत्ति कर की कुल राशि में छूट दी जाएगी।

इस छूट के आधार पर प्रत्येक विभाग को 5 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक की छूट मिलने के आसार हैं। जबकि 5 से 6 सरकारी ऐसे विभाग हैं। जिन पर नगर परिषद का लाखों रुपये का संपत्ति कर वर्ष 2010-11 से बकाया चला आ रहा है।

## आईआरबी के कुक ने की सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़, केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी ने पुलिस उपायुक्त के आदेश पर आईआरबी द्वितीय वाहिनी के कुक के खिलाफ मेडिकल दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। ये कागजात आरोपी कुक द्वारा पीजीआई रोहतक में तैयार कराए गए थे।

भोंडसी में स्थित आईआरबी द्वितीय वाहिनी के आदेशक धर्मबीर सिंह ने गुरुग्राम पुलिस उपायुक्त को 5 मई 2022 को एक प्रार्थना पत्र लिखा। जिसमें जोगिन्द्र कुक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराए जाने की मांग की गई। धर्मबीर सिंह ने पुलिस उपायुक्त को लिखे पत्र बताया कि जोगिन्द्र सिंह अपना रोहतक स्थित पीजीआई की ओपीडी में स्वास्थ्य की जांच कराई।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने परिषद को पत्र लिखकर नालों की सफाई कराने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने नगर परिषद को पत्र लिखते हुए गंदे व बरसाती नालों का पानी सीवर में जाने वाले स्थानों पर कूड़ा-कचरा को रोकने के उद्देश्य से लोहे की जाल लगाने की मांग की है। जिससे सीवर लाइन में कचरा जाने से गंदे व बरसाती पानी का जमा होने की परेशानी से बचा जा सके।

मालूम रहे कि शहर के दमदमा मोड़ पर बना जनस्वास्थ्य विभाग की सीवर लाइन में गंदे व बरसाती नालों में बहकर आ रहा कूड़ा-कचरा जमा हो गया था। जिससे सीवर लाइन में पानी जाना बंद हो गया। यही कारण रहा जो पिछले पांच दिन तक शहर के वार्ड-19 के आबादी क्षेत्र के आम रास्तों में गंदा पानी जमा हो जाने से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जनस्वास्थ्य विभाग ने जमा गंदे पानी की निकासी के लिए गुरुग्राम से विशेष मशीन लाकर सीवर लाइन में जमा कूड़ा-कचरा को बाहर निकलवाया। उसके बाद आम रास्तों में जमा गंदा पानी नालों के माध्यम से सीवर लाइन में चला गया।


सोहना के दमदमा मोड़ पर बनी बरसाती पुलिया के गंदे पानी में जमा कूड़ा-कचरा कर रहा है सीवर जाम।

> **नगर** परिषद यदि बरसाती व गंदे पानी के नालों बहकर आने वाले कूड़े-कचरा को बीच-बीच में लोहे के जाल लगाकर जाने से रोकती है। उसके बाद शहर में गंदा व बरसाती पानी जमा होने की समस्या छुटकारा मिल जाएगा। **-ओमप्रकाश सिंह ( एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**
>
> **नगर** परिषद द्वारा गंदे व बरसाती नालों में कूड़े कचरे को रोकने के लिए पांच लाख रुपये के लोहे के जाल लगवाएं हैं, लेकिन दमदमा मोड़ पर बनी पुलिया के साथ से हटाये गये जाल को दोबारा स्थापित किया जा रहा है। **दिगम्बर सिंह ( जेई नप )**

**जुर्माना लगाने की चेतावनी** : जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर परिषद को कड़े शब्दों चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि सीवर लाइन में कूड़ा-कचरा फंसता है। जाम हुए सीवर लाइन को खुलवाने के दौरान खर्च होने वाली राशि नगर परिषद को देनी होगी। साथ में जहां-जहां भी नालों का पानी सीवर लाइन में डाला हुआ है। वहां-वहां पर लोहे के जाल लगाने को कहा गया है।

# कनिका सैनी ने हरिद्वार में मारा सिल्वर पर निशाना

**सोहना।** देवपुरा हरिद्वार के भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम हुई ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में कनिका सैनी ने सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया। कनिका सैनी ने सिल्वर मेडल जीतकर राज्य व जिले का नाम रोशन किया है। भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम देवपुरा हरिद्वार में ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता 16 से 22 सितंबर 2022 तक चली। कनिका सैनी के कोच भगवत सिंह ने बताया कि कनिका सैनी ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया कनिका ने रैंकिंग राउंड में 14 वी रैंक प्राप्त की थी दूसरे दिन एलिमिनेशन राउंड नॉकआउट मैच में कनिका ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने पहला नॉकआउट मैच असम के खिलाड़ी से खेला। जिसको कनिका ने 4-6 से हराकर सेमीफइनल में जगह बनाई। कनिका का सेमी फइनल मैच मेजबान राज्य हरिद्वार के खिलाड़ी के साथ हुआ। जिसको कनिका ने 3-7 से हराकर फइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में कनिका का सामना उत्तर प्रदेश से खिलाड़ी से हुआ जिसमें 6-4 से टक्कर देते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। कनिका सैनी सोहना के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में भगवत सिंह तीरंदाजी कोच के सानिध्य में तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही है। कनिका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए रोजाना 4 से 5 घंटे नियमित तीरंदाजी का अभ्यास करती है। कनिका सैनी ने पहला राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया था। कनिका सैनी का इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने से हौसला काफी बुलन्द है।


हरिद्वार में हुई जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोच भगवत सैनी के साथ सिल्वर मेडल जीतने वाली कनिका सैनी।

# शारदा अस्पताल ने दवा सुरक्षा पर केंद्रित रोगी सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**विश्व** रोगी सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शारदा अस्पताल ने रोगियों के अधिकारों और सुरक्षा के महत्व पर एक सप्ताह का शिविर शुरू किया। शारदा मेडिकल कॉलेज के छात्रों के साथ डॉक्टरों, चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय कर्मचारियों ने शिविर के दौरान पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, रोगी परामर्श और एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

दवा सुरक्षा के प्रति जागरूकता के महत्व को संबोधित करते हुए, शारदा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आदेश के. गडपयेले ने कहा, &quot दवा सुरक्षा अक्सर सबसे मौलिक सुरक्षा प्रोटोकॉल होता है, फिर भी रोगियों द्वारा इसकी सबसे ज्यादा अनदेखी की जाती है। यह आदत के कारण है। अक्सर लोग किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के बजाए स्वयं दवाई लेने लगते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्या ज्यादा जटिल हो जाती है। हमने लोगों को रोगियों के रूप में उनके कानूनी अधिकारों और दुर्घटनाओं, दुर्व्यवहार और गलत इलाज को रोकने के लिए प्रोटोकॉल के बारे में भी जागरूक किया। शारदा अस्पताल के सीओओ, भाग्यलक्ष्मी ने कहा, ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक व्यवहार शारदा अस्पताल के मूल मूल्य हैं जो हमारे डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों को हमारे रोगियों के साथ लंबे समय तक अच्छे संबंध बनाने में मदद करते हैं। शिविर के दौरान, हमारे संकाय सदस्यों, अस्पताल के कर्मचारियों और मेडिकल छात्रों ने रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने और हमारे मूल मूल्यों के अनुसार सहानुभूति और करुणा के साथ रोगियों के साथ व्यवहार करने की शपथ ली।

इसके अतिरिक्त, शारदा मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर के हमारे छात्रों ने रोगी सुरक्षा के बारे में अपनी समझ व्यक्त की और इससे जुड़ी कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शारदा अस्पताल के बारे में 2006 में स्थापित, शारदा अस्पताल ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में स्थित एक अत्याधुनिक मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल है। नौ एकड़ में फैले शारदा अस्पताल में 1200 से अधिक बिस्तर हैं और वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं और परिष्कृत उपकरणों से लैस है।

# एचआईवी मरीज को इलाज के लिए खाने पड़े धक्के

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में बीके अस्पताल और एआरटी सेंटर होने के बाद भी एचआईवी मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। उनका न तो ऑपरेशन किया जा रहा है और न ही उनकी जांच की जा रही है। एक मरीज की परेशानी को पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

इस खबर को समाजसेवी अनीशपाल ने मानव अधिकार आयोग को भेजा था। खबर पर संज्ञान लेते हुए मानव अधिकार आयोग ने सीएमओं को एचआईवी मरीजों की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध न होने का क्या कारण है, इसकी रिपोर्ट आगामी 15

## सीएमओ से मानव अधिकार आयोग ने 15 नवंबर तक मांगा जवाब

नवंबर 2022 को पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**यह था मामला :** शहर में एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए चाहे जितने भी दावे किये जाएं, लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। यहां मरीजों को दवा तो मिल रही है। लेकिन उनके ऑपरेशन की सुविधा जिले में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उन्हें निजी अस्पतालों, दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल या एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में स्वयं


बीके अस्पताल का फाइल फोटो।

पायनियर फोलोअप

जाकर ऑपरेशन करवाना पड़ता है। एनआइटी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाला एक व्यक्ति चार साल से एचआईवी पॉजिटिव है। वह दवाईयां लगातार ले रहा है। जुलाई माह में कावंड लेने हरिद्वार गया था। जहां उसे एक बाइक वाले ने टक्कर मार दी थी। लौटकर उसने बीके अस्पताल में दिखाया तो चिकित्सक ने ऑपरेशन की सलाह दी। खुद को एचआइवी पॉजिटिव बताने पर चिकित्सक ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। जब तक वह दिल्ली पहुंचा तब तक उसे देर हो चुकी थी। करीब डेढ़ माह बाद उसका ऑपरेशन हुआ। लेकिन पीड़ित का कहना है कि यदि फरीदाबाद में ऑपरेशन समय पर हो जाता, तो इतनी परेशानी नहीं होती।

**इनसे की थी बात :** पायनियर संवाददाता ने मरीज के विषय में पीएमओ डॉ. सविता यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत और सेक्टर-आठ ईएसआई अस्पताल के प्रभारी डॉ. अखिल महाजन से बात की थी। जिसमें पीएमओ से पता कि यहां केवल गर्भवती की डिलीवरी तो करवाई जाती है, अन्य पॉजिटिव मरीजों के ऑपरेशन बीके में नहीं अन्य डॉक्टरों के पॉजिटिव होने के खतरे के कारण नहीं किए जाते। डॉ. महाजन ने कहा था कि ईएसआई में पॉजिटिव का इलाज है, लेकिन मरीज का ईएसआई कार्ड होना जरूरी है।

वहीं एचआईवी विभाग की प्रभारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने पॉजिटिव को दवाओं की व्यवस्था तो सेक्टर-आठ स्थित एआरटी सेंटर में मौजूद है। लेकिन अभी तक पॉजिटिव मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यहां से मरीजों को दिल्ली ही भेजा जाता है।

# जलवायु परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा संकट : कृष्णपाल गुर्जर

## हवा, पानी और मिट्टी के संरक्षण को जन आन्दोलन बनाना होगाः कुलपति प्रो. एसके तोमर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वायु, जल और भूमि विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' प्रारंभ हो गया।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय ऊर्जा तथा भारी उद्योग मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधियों के राष्ट्रीय सहसंयोजक राकेश जैन मुख्य वक्ता तथा वाटरमैन ऑफ इंडिया के रूप में लोकप्रिय प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी डॉ. राजेन्द्र सिंह विशिष्ट


जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल ने की। ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश चैधरी तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे। छह तकनीकी सत्र आयोजित किये जा रहे है, जिसमें 20 से ज्यादा विशेषज्ञ वक्ता वायु, जल एवं भूमि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-मंथन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़े संकट का कारण है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (कॉप-21) में भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन को लेकर वर्ष 2030 तक रखे गये लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि कॉप-21 में प्रधानमंत्री ने 2030 तक अपनी बिजली क्षमता का 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी, जिसे देश ने नवंबर 2021 में ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत गांवों के पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों को अमूल्य धरोहर बताते हुए गुर्जर ने कहा कि जल एवं ऊर्जा संसाधनों का समुचित उपयोग होना चाहिए, लेकिन यह तभी होगा जब इसके प्रति लोग संवेदनशील बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 'मुफ्त' का कार्यक्रम चल गया है।

राकेश जैन ने जलवायु परिवर्तन के लिए पहाड़ों पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तथा निर्माण कार्यों को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि देश में कचरे के ऊंचे पहाड़ बन रहे है, जिनसे निकलने वाली विषैली गैसें पर्यावरण को दूषित कर रही है। 'पेड़ लगाओ, पानी बचाओ और पोलीथीन हटाओ' का नारा लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 28 है, जोकि प्रति व्यक्ति 400 होनी चाहिए। सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन के तकनीकी सत्र को डॉ. राजेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया।

# अवैध निर्माण से कई मकानों में आई दरार विरोध में किया रोड जाम



पायनियर संवाददाता। फरीदाबाद

**डबुआ** कालोनी के ई-ब्लॉक में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा अपने प्लॉट पर लपरवाही किये गए निर्माण का खामियाजा आसपास के लोगों को उठाना पड़ रहा है। आसपास के कई मकानों में दरार आ गई। शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का गुस्सा सातवें आसपास पहुंच गया।

शुक्रवार को लोगों ने सड़क पर जाम लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने के प्रयास शुरू कर दिये। इस निर्माण का विरोध कर रहे देवेंद्र भाटी, सतपाल और अन्य लोगों ने बताया कि ई-ब्लॉक की गली नंबर चार में स्थित एक डेयरी संचालक का 500 वर्गगज का प्लॉट है। कुछ समय पहले उन्होंने इसमें 50 वर्ग गज हिस्सा सुदेश नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। सुदेश ने 50 गज के प्लॉट में चार मंजिला इमारत खड़ी कर दी है। आरोप है कि यह निर्माण गलत तरीके से किया गया है। इसके लिए निगम से किसी तरह की कोई मंजूरी नहीं ली गई है। आरोप है कि निगम कर्मचारियों की मिलीभगत से यह निर्माण किया गया है। अन्य मकानों की नीव में पानी घुस गया है।

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे नगर निगम के जेई दिनेश आर्य ने लोगों को आश्वासन दिया कि मौसम साफ होते ही मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जल के बिना जीवन की कल्पना भी व्यर्थ है : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत जल संरक्षण को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसाना में जल संरक्षण रैली में भाग लिया और गांव तिलपत में हर घर नल से जल योजना के तहत गांव के लोगों को जल संरक्षण के बारे जागरूक किया।

उन्होंने कहाकि जल के बगैर कुछ नहीं है जब तक हम जल की बचत नहीं रोकेंगे पानी के दुरुपयोग को नहीं रोकेंगे पानी नहीं बचेगा। हमें पानी की एक-एक बूंद को बचा कर रखना है। सेवा पखवाड़ा के तहत जनहित के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप, पौधारोपण, जल बचाओ अभियान, हर घर नल से जल योजना जैसे कार्यक्रम पूरे देश में चल



रहे हैं। पीएम की स्कीम है हर घर में नल और नल में जल यह कोई छोटी मोटी स्कीम नहीं है पांच लाख करोड़ की स्कीम है अब तक देश में छह करोड़ घरों में नल के कनेक्शन लग चुके हैं। घर में नल हो और नल में जल ना हो तो नल का क्या फायदा। हमें पानी के दुरुपयोग से बचना है। पानी बहुत कीमती है। इस अवसर पर सरपंच विनोद नागर, चरन सिंह, अध्यक्ष बलजीत नंबरदार, सोताश अधाना, कर्ण सिंह बोहरा, सुखबीर सूबेदार, जगबीर अधाना, नाथी सिंह, चंद्रपाल, बिजेंदर, रूपचंद, प्रताप, सतपाल, प्राचार्य डॉ. रीना कुमारी, ऋतु चावला, रीना, शशि रंजना, अनीता, योगेश शर्मा, अमित छाबड़ा, रवि डांगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# ड्यूटी के साथ निभा रहे इंसानियत का फर्ज

## हमारे जवान फरीदाबाद पुलिस की शान, इनके कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कमः डीसीपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पानी में फंसे वाहनों को धक्का देकर बाहर निकालते पुलिस अधिकारी।

**शहर** में हो रही भारी बारिश के बीच कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आ रही हैं जो जिसे देखकर आप अपने शहर की पुलिस पर गर्व महसूस करेंगे। परिस्थितियों में भी फरीदाबाद पुलिस विभाग शिद्दत से कार्य कर रहा है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी जी जान लगाकर लोगों की मदद कर रहे हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस अपने कर्तव्यों से कहीं आगे बढ़कर शहरवासियों की सुरक्षा के लिए मेहनत कर रही है। यातायात पुलिसकर्मी इतनी भारी बरसात के बावजूद अपनी ड्यूटी पर पूरी तरह से सजग हैं। बारिश बरसात के कारण उत्पन्न हुई ट्रैफिक जाम की स्थिति से निपटना तो है ही साथ ही किसी आमजन को इस बारिश के कारण किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए अपने आसपास के एरिया में बारिश के बीच फंसे व्यक्ति की मदद करके उसको अपनी मंजिल तक पहुंचाना भी ट्रैफिक पुलिस का लक्ष्य है।

रात मथुरा हाईवे पर बल्लभगढ़ नहर के पास बने विक्टर 4 पॉइंट पर तैनात सिपाही गिरधारी स्वतंत्र तथा होमगार्ड जितेंद्र मौजूद थे कि एक कार बीच सड़क बंद हो गई और पानी बोनट से ऊपर तक आ चुका था। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी चालक की मदद करने के लिए एक क्रेन मंगवाई ताकि गाड़ी को बांधकर बाहर निकाला जा सके। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने धक्का देकर गाड़ी को पानी से थोड़ा बाहर निकाला। उसे क्रेन से खींचकर सड़क पर एक साइड में खड़ा किया। सुबह इसी जगह पर हवलदार बच्चू सिंह, सिपाही स्वतंत्र और होमगार्ड प्रीतम को जब एक गाड़ी चालक पानी में गाड़ी को निकालने की मशक्कत कर रहा था तो हवलदार बच्चू सिंह भीगने की परवाह किए बिना उसके पास पहुंचे। डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए सराहनी की।

# एडवांस्ड इंस्टीट्यूट में मनाया इंटरनेशनल फार्मेसी दिवस

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के प्रांगण में इंटरनेशनल फार्मेसी दिवस मनाया गया। सभी छात्रों एवं छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शुरुआत चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल, चेयर पर्सन डॉक्टर पूनम गोयल, कुमारी गरिमा गोयल एडमिनिस्ट्रेटर एआईई, डॉक्टर सुनील दलाल प्रिंसिपल, लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल, डॉ आर आर पांडे, प्रिंसिपल एआइपी अर्पणा राणा एवं रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा के शुभ हाथों से किया गया। इसके बाद सभी प्रतियोगिताओं का आरंभ किया गया। जिसमें रंगोली चार्ट व पोस्टर वर्किंग मॉडल इत्यादि थे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. अर्पणा राणा ने फार्मासिस्ट दिवस का महत्व बताया। उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक विकलांगता में फार्मासिस्ट के योगदान पर प्रकाश डाला।

# महालया अमावस पर होगी शहर में भव्य पूजा

कविता। फरीदाबाद

**दुर्गा** पूजा उत्सव बंगाली समुदाय महाष्ठी, महासप्तमी, महाअष्टमी, महानवमी और दशमी तक इसे मनाता है। देवी दुर्गा ने महिसासुर का वध किया था। इसलिए इस उत्सव में बुरी शक्ति का विनाश होकर शुभ शक्ति की विजय होती है। यह बात पंडित (पूजारी) हेमंत मुखर्जी, राजीव निओगी और निकुंज खुलबी ने सेक्टर-16 स्थित कालीबाड़ी मंदिर में कही। उन्होंने बताया कि पूजा से पहले महालया अमावस मनाई जाती है, जिसका बहुत महत्व होता है।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को इस महालया अमावस को मनाई जाएगी। इस दिन पितृ पक्ष का समापन एवं देवी पक्ष के आगमन की सूचना होती है। इस दिन पितृ तर्पण किया जाता है। जिनके पूर्वज परलोक गमन किए हैं, उनका उद्देश्य से तिल तर्पण किया जाता है। पुराण में वर्णित है कि ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने असुर को बध करने के लिए देवी दुर्गा माता की श्रृष्टि की थी। अमावस्या पर इसलिए विशेष रूप से मनाया जाता है। इसके बाद नवरात्र शुरू होता है। इस दिन मंदिर में चंडी पाठ करके


फरीदाबाद कालीबाड़ी में तैयार होता पंडाल।

विशेष पूजा शुरु की जाती है। लोग मंदिर में सुबह से शुरू होने वाली पूजा के लिए तिल, गंगा जल, भोज्जो (डाल, चावल, तेल, मशाला, नमक, कपड़े) पंडित को दान करते हैं और दक्षिणा देते हैं।

**गरीबों की सेवा से शुरू होगी पूजा:** फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉ. प्राणजीत भौमिक ने बताया कि गरीबों की सेवा से मां दुर्गा की पूजा शुरू की जाएगी। 30 सितम्बर को मंदिर में कैम्प लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के लिए लोग 29 सितम्बर को कालीबाड़ी के मोबाइल नंबर 9667881118 पर अपना पंजीकरण करवा सकेंगे।

**बांस का पंडाल:** महासचिव औचिंत्य कुमार पंडित ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा के लिए बांस का पंडाल तैयार किया जा रहा है। जोकि 100 फीट बाई 160 फीट का बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल में 2500 से तीन हजार लोगों के एक साथ बैठकर खाना खाने तक की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर उनके संग मनोरंजन संतरा, देवाशीष बसाक, सुमन कुमार आचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को मुर्ति का अनावरण होगा। दीप प्रज्ज्वलित करके सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। इसके बाद बच्चों के लिए मैजिक शो होगा।

# आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ करेगी आंदोलन: भड़ाना


**फरीदाबाद।** बीते पांच दिन से लगातार डीसी कार्यालय के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनीत गोस्वामी द्वारा की जा रही भूख हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरना आखिरकार खत्म हो गया है। शुक्रवार को फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना के साथ जिले के सभी साथियों ने मिलकर विनीत गोस्वामी को जूस पिलाकर उनका धरना खत्म करवाया।

आपको बता दें कि करीब 6 महीने पहले आम आदमी पार्टी ने अवैध पार्किंग का एक मुद्दा उठाया था उस समय पुलिस द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया था कि अब यहां कोई अवैध पार्किंग नही होगी परंतु अब छह महिने बाद यह मुद्दा फिर गरमा रहा है तो इसी कारण आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परंतु अब आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने हड़ताल को खत्म करा दिया है। इस मौके पर भड़ाना ने कहा कि यह हड़ताल हरियाणा सरकार द्वारा किये जा रहे रजिस्ट्री, शिक्षा विभाग, अवैध पार्किंग एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ है।

# धनखड़ गुजरात नेशनल गेम्स हरियाणा टीम के कोच नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुजरात में आयोजित हो रहे 36वें नेशनल गेम्स में 30 सितम्बर से चार अक्टूबर तक एथलेटिक्स हरियाणा के 69 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा।


सत्यवीर धनखड़।

हरिणाणा दल में 37 महिलाएं और 32 पुरुष शामिल हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि प्रीति हिसार 100 मीटर, दीपांशी रोहतक, किरण पहल सोनीपत 400 और चार गुना 400 मीटर रिले, पूजा फतेहाबाद और उर्वशी झज्झर 800 मीटर, भारती सोनीपत 5000 और 10000 मीटर, सोनिका भिवानी, बाधो चरखी दादरी,पूजा सिरसा 10000 मीटर, भतेरी हिसार, सम्मी हिसार 400 मीटर हर्डल, प्रीति लांबा 3000 मीटर स्टेपल चेज, रेखा फतेहाबाद, रूबीना यादव रेवाडी हाई जंप, पूजा हिसार, रजनी भिवानी और वंशिका घनघस भिवानी पोलवाल्ट, मनप्रीत कौर अम्बाला, रेखा जींद और योगिता भिवानी शाट पुट, निधि रानी रोहतक, पूजा चरखी दादरी, संदीप कुमारी भिवानी और सुनीता देवी भिवानी डिस्कस थ्रो इवेंट में, हैमर थ्रो में रेणु सोनीपत और संजीता झज्झर, कुमारी शर्मिला भिवानी, पुष्पा जाखड झज्झर और शिल्पा रानी जींद जेवेलिन थ्रो इवेंट में, काजल करनाल, सोनू कुमारी चरखी दादरी और तनु हिसार हैप्टाथलान इवेंट में, मोनिका झज्झर, प्रीति चरखी दादरी और रवीना जींद 20 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में और निशा हिसार एवं नैंसी रोहतक 4 गुणा 400 रिले और मिक्स रिले में भाग लेकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन करेंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा वीर एवं बलिदानियों की धरती है: डॉ. सिंह



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के तत्वावधान में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के अमर महान नायक शहीद राव तुलाराम सहित सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह ने कहा कि हरियाणा की धरती सदैव से हीं वीर एवं बलिदानियो की धरती रही है। डॉ. सिंह ने अमर शहीद राव तुलाराम के राष्ट्र प्रेम, समर्पण एवं सर्वोच्च बलिदान की चर्चा करते उन्हें अतुलनीय वीर बलिदानी बताया। उन्होंने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम की जीवनी से हम सबको शिक्षा लेने की आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि आज के तारीख मे भी देश की सभी सीमाओं पर सजग प्रहरी के रूप में हरियाणा के वीर जवानों की समर्पित सेवा सबसे अधिक है। उपस्थित गणमान्य लोगों ने शहीद राव तुलाराम तथा सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए। पुष्प एवं विचारों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अनुशासन कमेटी की चेयरमैन बहन नीरा तोमर, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) नारायण सिंह, संगठन मंत्री पं. केबी दूबे, श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रभारी एडवोकेट नागेश सिंह, चन्द्रशेखर यादव, विष्णु पाण्डेय आदि प्रमुख थे।

## 1857 की क्रांति के जननायक थे शहीद राव तुलाराम: शर्मा

**बल्लभगढ़।** शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले, बस एक यही निशा बाकी रहेगा की कहावत को सार्थक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह पार्क में पहुंचकर शहीद स्मारक पर शहीदों को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीद राव तुलाराम ने आजादी की अलख जगाई थी। शहीद राव तुला राम ने छोटी सी आयु में ही अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए सेना तैयार की थी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 1857 की क्रांति के जननायकों में से शहीद राव तुलाराम एक थे। मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा शहीदों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भुलाया जा सकता। वे हमेशा हमेशा के लिए समाज के प्रेरणा स्रोत बनें रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, एसीपी मुनीष सहगल और शहर के कई गणमान्य लोगों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शहर में लगातार चल रही बरसात के दौरान बरसाती पानी के निकासी के लिए उचित प्रबंध करें। इस मौके पर प्रताप भाटी, पारस जैन, लखन बेनीवाल, महेश गोयल, दीपक यादव, संदीप चौधरी, प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, रोशन लाल गेरा, नवीन चेची, कैलाश वशिष्ट, सुंदर आजाद, महेश मित्तल, रिछपाल लांबा, ओमप्रकाश यादव सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ऑपरेशन मजनू के तहत 10 मनचले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला अपराध के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कॉलेज तथा पार्क से 10 मनचलों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में पवन, चमन, भारत, बसंत, राहुल, सोलार, हर्ष, विहार, राहुल तथा महिंद्र का नाम शामिल है। मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। महिला पुलिस थाना तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने छह युवकों को केएल मेहता कॉलेज तथा चार लड़कों को पार्क में महिलाओं तथा लड़कियों का पीछा करके उन्हें परेशान करते हुए काबू किया। लड़कों से पूछताछ करने पर पता चला कि यह लड़के आवारा घूमते रहते हैं और छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते रहते हैं। छेड़छाड़ करने वाले युवकों के परिजनो को थाने बुलाया गया तथा उन्हें सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि अगली बार वह ऐसी हरकत करते पाए गए तो उन उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें उन्हें जेल तक जाना पड़ सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1091 जारी किया हुआ है। इसके अलावा हरियाणा पुलिस का 112 नंबर नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध है। सभी से अनुरोध है कि यदि उन्हें समाज में महिला विरुद्ध या किसी भी अन्य प्रकार का अपराध होते हुए दिखाई दे तो उक्त नंबरों पर फोन करके पुलिस को इसके बारे में तुरंत सूचना दें। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीसीपी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ फील्ड में उतरे



**फरीदाबाद।** बारिश के कारण पैदा हुए परिस्थितियों का जायजा लेने के लिए डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल, एसीपी मुनीश सहगल, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार तथा अन्य सभी जोन के एसीपी रात फील्ड में मौजूद रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा सेवाभाव से किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आने वाले 2 दिनों में ओर भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है जिससे कि शहर में हालात और भी खराब हो सकते हैं इसलिए ट्रैफिक से संबंधित शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न आए इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक व एसीपी हालातों का जायजा लेने के लिए फील्ड में मौजूद थे। बारिश के कारण अंडरपास पूरी तरह से भर चुके हैं जिनके बाहर नाकाबंदी कर दी गई है ताकि गलती से कोई उसके अंदर न चला जाए या किसी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना घटित ना हो जाए। भारी बारिश होने के कारण बहुत से वाहन बीच सड़क पर बंद हो रहे हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिसकर्मियों को हिदायत दी है कि यदि उन्हें उनके आसपास कोई भी व्यक्ति बारिश के कारण परेशानी से जूझता हुए दिखाई दे तो उसकी मदद करें और उसके वाहन को एक सुरक्षित जगह पर पहुंचाकर उसकी सहायता करें। इसके अलावा शहर में सड़कों पर बहुत अधिक गड्ढे हो चुके हैं जिसके लिए संबंधित विभाग को सूचना दी जा रही है। कुछ जगहों पर पुलिसकर्मी खुद ही इन गड्ढों को भरने का काम कर रही है ताकि कोई व्यक्ति इन गड्ढों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो। डीसीपी ट्रैफिक ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इतनी विकट परिस्थितियों में पूरी सतर्कता से ड्यूटी पर तैनात रहना बहुत ही बहादुरी का काम है और फरीदाबाद के सभी पुलिसकर्मी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

## कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने की सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन भेंट

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ी कला में आज वीरवार को कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन भेंट की गई। इस अवसर पर कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन श्री एस के माथुर ने बताया कि इस मशीन से महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा अस्पताल के सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

## घृणापूर्ण भाषण
### समाज के लिए ज़हर

**सर्वोच्च** न्यायालय ने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया है जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। जब सार्वजनिक विमर्श विकृत हो जाता है तब नारेबाजी को यथार्थ तथा लफ्फाजी को विवेक समझा जाने लगता है। भारत में यही स्थिति है और अब बेलगाम उग्र बयानों को शक्तिशाली तर्क समझा जाने लगा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि घृणापूर्ण भाषण की घटनायें बढ़ रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय को उचित ही इस नकारात्मक प्रवृत्ति से चिन्ता है। बुधवार को उसने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे विधिक ढांचे की अनुपस्थिति पर भी निराशा प्रकट की है जिससे टेलीवीजन बहसों में घृणापूर्ण टिप्पणियों को रोका जा सके। उसने केन्द्र से दो महीने में जवाब मांगा है कि क्या वह घृणापूर्ण भाषण को दंडात्मक अपराध घोषित करने का कानून बनाने पर विचार कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि खबरिया टीवी चैनल 'घृणा व अन्य सभी मसालेदार चीजों' को अपनी रेटिंग बढ़ाने का माध्यम मानते हैं। अदालत ने आश्चर्य प्रकट किया कि सरकार 'खामोश तमाशबीन' कैसे बनी हुई है, जबकि टीवी एंकरों द्वारा घृणापूर्ण भाषणों से रोकने के कदम उठाना उसका दायित्व है। जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस ऋषिकेश राय की पीठ ने कहा, 'यदि हम घृणापूर्ण भाषणों को स्वीकार करते रहे तो हमारा देश कहां जाएगा? घृणापूर्ण भाषण पूरी तरह सामाजिक ढांचे में जहर घोल रहे हैं।'



उन्होंने यह बात अनेक याचिकाओं की सुनवाई करते समय कही जिनमें घृणापूर्ण भाषण पर नियंत्रण के दिशानिर्देश देने की प्रार्थना की गई थी।


कुछ दिनों पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीवी चैनलों की बहसों में संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया था। वे चाहते थे कि 'खबरों में पुन: तटस्थता लाई जाए।' वास्तव में उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्यधारा मीडिया को खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय मुख्यधारा खबरिया चैनलों से है। उनका यह कहना उचित है कि यदि कोई खबरिया चैनल ऐसे अतिथियों को आमंत्रित करता है जो ध्रुवीकरण का काम करते हैं तो वे झूठे विमर्शों का प्रसार करेंगे जिससे खबरिया चैनल की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। दुर्भाग्य से अनेक खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता बहुत खराब है और उनको व्यापक रूप से एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी का समर्थक माना जाता है। राजनीतिक विषयों पर बहसें न केवल विभिन्न सहभागियों के गलत तरीकों और अर्धशिक्षित लफ्फाजी से प्रभावित होती हैं, बल्कि इनसे एंकरों के जिम्मेदार व्यवहार के बजाय उनके पूर्वाग्रह दिखाई देते हैं। ऐसे टीवी कार्यक्रम काफी गरमी व तूफान पैदा करते हैं, लेकिन इनसे कोई सच्ची बात सामने नहीं आती है। राजनीतिक पार्टियों को सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक बहसों का स्तर और न गिरे। इसमें सत्तारूढ़ दल की भी भूमिका है। मीडिया की ओर से की जाने वाली कार्रवाई आत्मनियंत्रण की दिशा में होनी चाहिए। खबरिया चैनल, प्रेस क्लब आफ इंडिया, प्रेस कौंसिल तथा मीडिया से जुड़े अन्य संगठनों को सामने आ कर खबरिया चैनलों के एंकरों व अन्य मीडिया कर्मियों के व्यवहार पर नियंत्रण करने वाले दिशानिर्देश बनाने चाहिए। उनको ऐसी सीमारेखायें निर्धारित करनी चाहिए जिनको पत्रकारों द्वारा कभी पार न किया जाए। इसके साथ ही सरकार व मीडिया के बीच संवाद विकसित कर खबरों में फिर से नम्रता व निष्पक्षता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। वैकल्पिक रूप से देखा जाए तो सरकार या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियम बनाना बहुत आकर्षक नहीं लगता है। ऐसे नियमों से भले ही घृणापूर्ण भाषणों पर लगाम लगे, पर इनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सभी पक्षों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# समानता के लिए जारी है संघर्ष

**समानता का अधिकार केवल कागजों पर है क्योंकि अनेक कारणों से संविधान में व्यक्त सपना पूरा होने की दिशा में बाधायें आ रही हैं।**



**ईशानी शर्मा**
(लेखिका, पेशे से अधिवक्ता हैं)



भारत में समानता का विचार वैदिक विवेक के युग से है जिसमें सभी लोगों में ईश्वरीय आत्मा का वास माना गया है। आध्यात्मिक व दार्शनिक रूप से समानता का सिद्धान्त मनुष्यों में दैवत्व के सिद्धान्त पर आधारित है। उपनिषदों व धर्मशास्त्रों में जोर दिया गया है कि सभी लोगों को समान अवसर मिलने चाहिए ताकि वे राज्य समेत किसी बाहरी एजेंसी द्वारा किसी मनमाने हस्तक्षेप के बिना चार आयामों वाले पुरुषार्थ की ओर बढ़ सकें जो जीवन का लक्ष्य है। ऐसा कर ही कोई महिला या पुरुष अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सकता है। संभवत: विधिक समानता की अवधारणा स्टोइक्स के प्राकृतिक नियम सिद्धान्त से निकलती है जिसके अनुसार सर्वव्यापी तर्क के आधार पर व्यक्तियों, नस्लों व देशों के बीच समानता की अवधारणा पेश की गई थी। लेकिन यह केवल आध्यात्मिक या दार्शनिक आधार पर थी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि सभी लोग समान हैं, पर भौतिक व सामाजिक जीवन की असली दुनिया में शायद ऐसा नहीं होता है।

समाज में लोगों तथा लोगों के समूहों के बीच प्राकृतिक असमानतायें हो सकती हैं और इनके साथ ही कृत्रिम रूप से पैदा की गई सामाजिक व आर्थिक असमानताओं की रचना भी की जा सकती है। ऐसे समाज में औपचारिक या विधिक समानता का अर्थ कानून द्वारा सभी लोगों के साथ समान व्यवहार पर जोर देना है। इसका अर्थ वर्तमान असमानताओं के रहते हुए भी बैल व शेर के लिए समान कानून होना है। इस प्रकार समानता की अवधारणा तभी सार्थक व समझ में आने योग्य हो सकती है जब यह मूलत: एक गतिशील व तुलनात्मक अवधारणा हो। इसमें आवश्यक समानीकरण रणनीतियों को शामिल करना जरूरी है जिनसे वर्तमान सामाजिक व आर्थिक असमानताओं को हटा कर समानता व सामाजिक न्याय का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। आज हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं, पर समाज में हमारे चारों ओर भयानक असमानतायें दिखाई देती हैं। इस प्रकार संविधान निर्माताओं का प्रिय स्वप्न अभी प्राप्ति से बहुत दूर है। हमारे संविधान को स्वीकार करने का एक अर्थ ऐसे समाज का निर्माण भी था जहां सबको शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, अभिव्यक्ति एवं विरोध की स्वतंत्रता, रोजगार व राजनीतिक सहभागिता प्राप्त हो। कुछ लोगों को शुरुआत से ही असमानता का अनुभव होता है क्योंकि वे जन्म से अंधता, शारीरिक दिव्यांगता या मानसिक दिव्यांगता का शिकार होते हैं। लेकिन यदि हम जन्म से असमानता का सामना नहीं करते हैं तो भी हमें समान अवसर, बुद्धि, शक्ति, स्वास्थ्य व धन में समानता मिलनी चाहिए।

एथेंस के गणराज्य में विधिकता न्याय का पर्याय थी क्योंकि इसका जन्म यूनानी-लैटिन शब्द 'ईक्वेलिस' से होता है। इसका अर्थ है कि धन या मूल्य या इस्लामी गणित में दो वस्तुएं समान होती हैं जिसका प्रयोग आज भी होता है। बाद में इसका प्रयोग परिवर्तनशील रूप से स्वतंत्रता की अवधारणा से होने लगा जिसे सबसे पहले 18वीं व 19वीं शताब्दी में प्रभावशाली विचारकों जान लाक, थामस होब्स, फ्रेडरिक हेगेल तथा बाद में फ्रांसीसी मोन्टेस्क्यू, वोल्टेयर व जीन-जैक्वीस रूस ने विस्तार दिया। रूसो का यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ कि 'मनुष्य जन्म से स्वतंत्र होते हैं।' इन अवधारणाओं का हमारे पूर्वजों पर काफी प्रभाव पड़ा। इनका उन समाजों पर भी भारी प्रभाव पड़ा जो ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश थे। उन्होंने विद्रोह के माध्यम से अपने उत्पीड़कों का विरोध किया, युद्ध में विजय प्राप्त की तथा बाद में यह अवधारणा विकसित की जिसके अनुसार, 'सभी मनुष्यों को समान बनाया जाता है।' जब हम कहते हैं कि समानता होनी चाहिए तो भयानक गरीबी में रहने वाले लोग ज्यादा उम्मीद नहीं करते हैं। लेकिन यदि यह उम्मीद पूरी नहीं होती है तो समाज में 'अमीरों व गरीबों' के बीच असंतोष पैदा होता है। कार्ल मार्क्स के अनुसार इससे समाज में अव्यवस्था पैदा होती है जिसका परिणाम क्रांति को जन्म दे सकता है। भारत ने संभवत: मूल रूप से सामाजिक असमानता को स्वीकार किया था जिसका अर्थ अंतर्निहित रूप से टकराव का विचार स्वीकार करना है। व्यापक रूप से समानता के सिद्धान्त को संविधान के अनुच्छेद 14 में दर्ज किया गया है जो कानून के समक्ष समानता तथा कानूनों द्वारा समान संरक्षण की बात करते हुए व्यक्तियों के बीच अनुचित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है।

इसे भारतीय संविधान में मूलाधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। किसी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। 'कानून द्वारा समान संरक्षण' अच्छी अवधारणा है। सरल भाषा में कहें तो इसका अर्थ यह है कि तुलनात्मक स्थितियों में सबके समान अधिकार व दायित्व होने चाहिए। मूलत: इसका अर्थ है कि सबके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। समानता व असमानता का समान रूप से सह-अस्तित्व नहीं हो सकता है या उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता है। विधि के समक्ष समानता की इस अवधारणा का अर्थ मनुष्यों में संपूर्ण समानता है जिसे प्राप्त करना संभव नहीं है। इस अवधारणा का अर्थ जन्म, नस्ल या किसी अन्य आधार पर किसी व्यक्ति के पास कोई विशेषाधिकार न होना है। इसके साथ ही देश के कानून में सभी व्यक्ति व वर्ग समान हैं। कानूनों द्वारा समान संरक्षण में बिना खास पहचान के सभी लोगों से समान व्यवहार की कल्पना नहीं की गई है। इसमें कल्पना की गई है कि समान कानूनों का समान प्रयोग समान स्थिति वाले सभी लोगों के लिए समान रूप से किया जाएगा। इसका अर्थ समान परिस्थितियों में समान व्यवहार है।

डाइसी के विचार से कानून का शासन कानून के समक्ष समानता है। इसका अर्थ है कि कोई कानून से ऊपर नहीं है तथा सामान्य अदालतों का क्षेत्राधिकार सभी पर है, भले ही उनका दर्जा या परिस्थितियां चाहे जो हों। समान परिस्थितियों में सभी लोगों के साथ समान व्यवहार उनको मिले अधिकारों तथा उनके दायित्वों के संदर्भ में होना चाहिए। एक व दूसरे व्यक्ति के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा समान परिस्थितियों में सब पर समान कानून लागू होने चाहिए। इस प्रकार नियम यह है कि असमान चीजों के साथ समान व्यवहार के बजाय समान चीजों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

स्टीफेन कालेज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय मामले में अदालत ने कहा था कि 'कानूनों द्वारा समान संरक्षण' का अर्थ अब राज्य की सकारात्मक जिम्मेदारी से समझा जाता है कि वह कानून द्वारा समान संरक्षण सुनिश्चित करेगा तथा ऐसे आवश्यक सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन सुनिश्चित करेगा जिनसे सभी कानून द्वारा समान संरक्षण का लाभ उठा सकें तथा किसी को ऐसे संरक्षण से वंचित न किया जाए। यदि राज्य वर्तमान असमानता को अनदेखा करे तो वह सबको कानून द्वारा समान संरक्षण के दायित्व का उल्लंघन करेगा। इस प्रकार भारत के सभी नागरिकों तथा गैर-नागरिकों को राज्य से समान संरक्षण प्राप्त होगा। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन 'कानून द्वारा समान संरक्षण' की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार भारत में रहने वाले सभी लोगों को समान विधिक संरक्षण मिलना चाहिए ताकि वे बिना किसी अपवाद या पक्षपात के बिना अपने विधिक अधिकारों का प्रयोग कर सकें।

इसके अनुसार राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह सभी नागरिकों द्वारा इसकी प्राप्ति की गारंटी के कदम उठाए। इसका अर्थ राज्य द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाइयां यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि सबके साथ समान व्यवहार सुनिश्चित हो सके। इस नियम के अनुसार सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए, लेकिन वह यह भी कहता है कि असमान लोगों के साथ समान व्यवहार नहीं होना चाहिए। किसी जीवन्त समाज के लिए सभी लोगों के साथ समान व गरिमापूर्ण व्यवहार जरूरी है ताकि सभी लोग अपना पूर्ण विकास कर सकें। इसका अर्थ सामाजिक न्याय व समानता पर आधारित विवेकपूर्ण सकारात्मक कार्रवाई नीति भी है। हालांकि, पहुंच सुनिश्चित करने के अनेक रास्ते हो सकते हैं, पर अवसरों की समानता किसी अन्य चीज की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसके लिए अनेक चीजों, जैसे पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र, विभिन्नतापूर्ण निवेश, मूल्यांकन, सुधार, फीडबैक, दृष्टिकोण, संस्थागत देखभाल, आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# बच्चों के साथ क्रूरता है बाल विवाह

**राकेश कुमार कौशिक**
(लेखक, राजस्थान महिला कल्याण मंडल के निदेशक हैं)



आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मु आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। उद्यमी किरण शॉ ने अपने दम पर हजारों करोड़ की कंपनी बॉयोकॉन खड़ी की है। महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला ने अंतरिक्ष तक का सफर तय किया था। साल 2018 में अवनी चतुर्वेदी अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, फोगाट बहनें, हिमा दास और न जाने कितनी लड़कियां खेल की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले दिनों ही नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2022(नीट) में तनिष्का ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये बदलते भारत की तस्वीर है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है जिसके बारे में हम जानते तो हैं लेकिन बात नहीं करते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की साल 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 20 से 24 साल की हर चौथी महिला का बाल विवाह हुआ है। ये सब बाल विवाह नाम की सामाजिक कुरीति और दशकों से चली आ रही रूढ़ीवादी परंपरा का शिकार हो गईं। शिक्षा हासिल करना इनके लिए सपना बनकर रह गया और खेलने-कूदने की उम्र में यह पारिवारिक जिम्मेदारियां उठाने को अभिशप्त हो गईं। ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि कम उम्र में ही गर्भधारण करने की वजह से अनेक नाबालिग लड़कियां प्रसव के दौरान असमय मौत का शिकार हो गईं।

यकीन नहीं होता कि इसी भारत में आजादी से पहले से बाल विवाह के खिलाफ अनेक आंदोलनों ने जागरूकता फैलाने का काम किया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद और राजाराम मोहन रॉय जैसे समाज सुधारकों ने बाल विवाह को रोकने के लिए जीवन भर काम किया लेकिन यह सामाजिक बुराई आज भी हमारे समाज में गहराई तक जड़ें जमाए हुए है।

आखिर एक नाबालिग बच्ची की शादी कैसे की जा सकती है। विडंबना यह है कि कानून के



तहत बाल विवाह अपराध तो है लेकिन शिकायत न होने की स्थिति में वह भी मूकदर्शक बनकर रह जाता है। अधिकतर बाल विवाह के मामलों में शिकायत ही नहीं की जाती और समाज की इस कुरीति पर मौन सहमति सी रहती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की सामाजिक बुराई विकराल रूप लेती जा रही है। रूढ़ीवादी परंपराएं, अशिक्षा, आर्थिक तंगी और बेटी को बोझ समझना इस समस्या के मूल में है। एक और प्रमुख कारण बेटियों की सुरक्षा भी है। मां-बाप को लगता है कि जितनी जल्दी वो वैवाहिक बंधन में बंधकर एक परिवार का हिस्सा बन जाएंगी, उतनी ही जल्दी वे सुरक्षित भी हो जाएंगी। ग्रामीण इलाकों में यह सोच बलवती है क्योंकि कमजोर एवं गरीब वर्ग की बच्चियों के साथ निरंतर दुष्कर्म एवं यौन शोषण की घटनाएं दशकों से होती आ रही हैं। सामाजिक ताना-बाना ऐसा है कि अगर कोई अपनी बेटी के बालिग होने पर शादी करना चाहे तो समाज के लोग ही उस परिवार और उसकी बेटी के बारे में अनाप-शनाप बातें फैलाने लगते हैं। नतीजा बेटी नाबालिग उम्र में विदा करना बेहतर विकल्प माना जाता है। परंपरा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर अपराध किया जा रहा है।

यह समस्या इतनी भयावह हो चुकी है कि इसके विनाश के लिए 'भागरथी प्रयास' करना होगा। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) इसके लिए लंबे समय से काम कर रही है। केएससीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्रामों में से एक बाल मित्र ग्राम(बाल मित्र ग्राम) और सर्वाइवर-लेड इंटेलीजेंस के जरिए कई साल से निरंतर गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल मित्र ग्राम, कैलाश सत्यार्थी का एक अभिनव प्रयोग है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि इस गांव में कोई भी बाल विवाह न हो और न ही कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित रह जाए। किसी बच्चे का किसी भी तरह से शोषण न हो। लेकिन यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। यह तभी पूरा हो पाएगा जब हम सबकी इसमें सामूहिक भागीदारी होगी। कैलाश सत्यार्थी जैसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। केएससीएफ ने पिछले दिनों ही कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में बाल विवाह के खिलाफ एक देशव्यापी मुहिम चलाने का ऐलान किया है। बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

समस्या के खात्मे के लिए जरूरी है कि समाज, सरकारी एजेंसियां, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अमला, सभी समुदाय, युवा वर्ग एवं हर जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो तो जरूरी है कि पहले हम 'बाल विवाह' नाम की कुरीति का अंत करें। ऐसा करके ही हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित बचपन और खुशहाल भविष्य दे सकते हैं। इसके बाद ही हमारी हर बेटी अपने सपनों की उड़ान को पंख दे सकेगी और अवनी, पीवी सिंधु, हिमादास व द्रौपदी मुर्मु और कल्पना चावला जैसे ही दुनियाभर में देश का नाम रोशन कर सकेगी।

## आप की बात

### दिखावा न करे मीडिया

**छुटपुट** घटनाओं के बीच जम्मू कश्मीर में हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। फिर भी कभी कभार होने वाले आतंकी घटनाएं डराती जरूर है मगर ऐसा लगता है कि अब राज्य से आतंकवाद पस्त होने लगा है। बावजूद इसके सतर्कता के साथ ही आगे कदम उठाने की जरूरत है। अनुकूल हालातों ने एक बार फिर सुबे में थिएटर युग की वापसी हुई है जो अच्छी बात है। इससे घाटी के लोगों में आत्मविश्वास लौटेगा। लेकिन देखने में आता है कि जब भी शासन/प्रशासन हालातों की अनुकूलता के बाद कोई कदम उठाता है तो मीडिया का महा कवरेज शुरू हो जाता है। मीडिया सरकार की योजना का नफा नुकसान, उसका कार्यस्थल आदि का विस्तार से कवरेज करके उसे इतना प्रसारित कर देता है कि आतंकवाद की आंख लगते देर नहीं लगती।हाल ही में सरकार ने हिम्मत करके राज्य में फिर से थिएटर शुरू किए हैं जिससे लोगों को मनोरंजन के साथ ही उससे जुड़े हुए रोजगार भी मिलेंगे। क्योंकि लंबे समय के बाद राज्य में थिएटर शुरू हो रहे हैं ऐसे में सिनेमा प्रेमियों का उस ओर झुकाव स्वभाविक ही है ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस तरह के समाचारों को दिखाने में मीडिया संयम बरतें ताकि भीड़भाड़ को लेकर कोई आतंकवादी रणनीति ना बने।

- **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएफआई पर प्रतिबंध लगे

**जांच** एजेंसियों ने करीब 11 राज्यों में पीएफआई के 106 ठिकानों पर छापेमारी की है और 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों की नजर पीएफआई को मिल रहे धन, नेटवर्क और प्रशिक्षण पर है। इस संगठन के कार्यकर्ताओं के कार्यालयों और आवासों पर भी छापेमारी की गई है और जांच-पड़ताल तेज हुई है। दक्षिण भारत में पीएफआई की गतिविधियों को ज्यादा संदिग्ध माना जा रहा है, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु से सर्वाधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीते दिनों भी एनआईए ने आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की थी। आरोप यह है कि सिमी पर प्रतिबंध के बाद अस्तित्व में आया यह संगठन हिंसा भड़काने की साजिश करता है और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त रहता है। जांच एजेंसी की कार्यवाही सराहनीय थे है, मगर केरल पीएफआई समर्थकों ने हुड़दंग मचाकर एजेंसी पर गलत दबाव बनाने का प्रयास किया है. पीएफआई के दफ्तरों में आवेध धन के अलावा कई प्रकार की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सबूत मिले हैं। पहले मदरसों की जांच और अब पीएफआई पर छापेमारी से जाहिर हो गया है कि यह लोग कई वर्षों से और राष्ट्र विरोधी विधियां चला रहे हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### हेट स्पीच पर न्यायालय सख्त

**इन** दिनों टीवी पर चलने वाली डिबेट का जिस तरह से स्तर गिरता जा रहा है वह न केवल पूरे देश के लिए बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट को भी हैरान परेशान किए हुए है कि इन डिबेट के लिए बुलाए अतिथि पार्टियों के प्रवक्ता किस तरह से चिल्लाकर अपनी पार्टियों का पक्ष रखते हैं एवं अपनी बात को मनवाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं फिर चाहे उन्हें अपना घूंसा या फिर जूता ही क्यों ना दिखाना पड़े। तब हम यही कहेंगे कि आज हमारे देश का प्रसारण विभाग क्या कर रहा है। इन डिबेटों पर हो रही आपत्तिजनक कार्यवाही पर उसके द्वारा कड़ी लगाम क्यों नहीं लगाई जाती है। इन टीवी डिबेटों के एंकर क्या कर रहे हैं सबसे बड़ा फर्ज तो उनका ही है कि वे इस बहस में बढ़ती गर्मी या तनाव को ठंडा क्यों नहीं रखते हैं। किसी भी प्रवक्ता के आपत्तिजनक बोलने पर उस पर लगाम क्यों नहीं लगाई जाती, उन्हें तुरंत डिबेट से बाहर क्यों नहीं किया जाता है पूरी बहस में उन्हें आखरी तक शामिल क्यों रखा जाता है। हम सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हैं।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अच्छा** होता कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत गुजरात से करती जहां इस वर्ष के अंत में चुनाव हैं।

- **प्रशांत किशोर**
चुनाव रणनीतिकार



**हमारे** देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पैदा होने पर हम रूस व उसकी जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह धोखा नहीं है।

- **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**मीडिया** में भाषण बेलगाम हैं। यह एंकरों की जिम्मेदारी है कि ऐसे भाषणों को रोका जाए।

- **के.एम. जोसेफ**
सुप्रीम कोर्ट के जज

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

## जिलाधिकारियों से तलब की बाढ़ राहत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट

● जनहानि पर जताया शोक, मुआवजा राशि तत्काल वितरित करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा एवं बाराबंकी का शुक्रवार को हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य पूरी गति से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनहानि व पशुहानि में प्रभावितों को अनुमन्य सहायता राशि का वितरण तेजी से किया जाए। बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट्स का वितरण त्वरित गति से कराया जाए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित गांवों में संचालित राहत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रवक्ता के अनुसार सरयू नदी की बाढ़ से जनपद गोरखपुर के 41 गांव, जनपद संतकबीर नगर का एक गांव, जनपद बस्ती के 12 गांव, जनपद अयोध्या का एक गांव, जनपद गोण्डा के 24 गांव तथा जनपद बाराबंकी के 19 गांव प्रभावित हैं। बाढ़ से प्रभावित जनपदों में चलाये जा रहे राहत कार्यों में शरणालयों की स्थापना, खाद्यान्न सामग्री, लंच पैकेट का वितरण एवं मेडिकल टीमों की तैनाती शामिल है।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जनपद इटावा, कासगंज, फिरोजाबाद एवं हमीरपुर में अतिवृष्टि, जनपद बलरामपुर, शाहजहांपुर, मैनपुरी व हरदोई में आकाशीय विद्युत तथा जनपद प्रयागराज में डूबने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गए विवरण के अनुसार अतिवृष्टि से जनपद इटावा में 10, कासगंज में एक, फिरोजाबाद में तीन एवं हमीरपुर में एक जनहानि, आकाशीय विद्युत से जनपद बलरामपुर में एक, शाहजहांपुर में एक, मैनपुरी में दो तथा हरदोई में एक जनहानि, जनपद प्रयागराज में डूबने से एक जनहानि हुई है। जनपद बलिया में डूबने से दो व्यक्ति लापता हैं। अतिवृष्टि से जनपद इटावा में चार, फिरोजाबाद में सात लोग घायल हैं।

# ग्लोबल ख्याति प्राप्त कर रहे लोकल उत्पाद: राकेश सचान

● ओडीओपी उत्पादों तथा प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित



फोटो-सचान

लखनऊ। प्रधानमंत्री के उद्घोष ''वोकल फार लोकल'' तथा ''आत्म निर्भर भारत'' के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शुक्रवार से 02 अक्टूबर तक ओडीओपी उत्पादों तथा प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, शहीद पथ पर किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास, राज्यमंत्री, कौशल किशोर, उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान एवं राज्यसभा सदस्य सुधान्शु त्रिवेदी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में जनपद लखनऊ के ओडीओपी उत्पाद, चिकनकारी एवं जरी जरदोजी के अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ओडीओपी के उत्कृष्ट उत्पादों जैसे कि कानपुर का लेदर उत्पाद, सहारनपुर का लकड़ी का उत्पाद, मेरठ का खेल उत्पाद, प्रतापगढ़ का आवलां, सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल, मुरादाबाद का पीतल उत्पाद, भदोही की कालीन, बुलन्दशहर (खुर्जा) की पोटरी, वाराणसी का रेशम उत्पाद एवं गोरखपुर के टेराकोटा इत्यादि की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जन प्रतिनिधियों द्वारा ओडीओपी के हस्तशिल्पियों से उत्पादन प्रक्रिया के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी आय बढ़ाने हेतु नये सुझाव दिये गये। कौशल किशोर द्वारा अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के तहत मनाये जाने वाले सेवा पखवारा का उल्लेख करते हुए समस्त हस्तशिल्पियों का स्वागत तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। वोकल फार लोकन की परिकल्पना को यथार्थ रूप देने में इस प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री के 2047 (आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर) में भारत को पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया। मंत्री द्वारा वोकल फर लोकल को लोकल फार वोकल में प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में राकेश सचान द्वारा प्रधानमंत्री के वोकल फार लोकल के उद्देश्य से स्थानीय उत्पाद के मार्केटिंग के विषय में चर्चा की गयी तथा प्रधानमंत्री द्वारा विदेश में आयोजित समिट में बड़े देशों के नेताओं को ओडीओपी गिफ्ट देकर अवगत कराया गया कि किस प्रकार यूपी लोकल उत्पाद ग्लोबल ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। मंत्री ने होने वाली इन्वेस्टर समिट तथा उद्योगों के अनुकूल वातावरण की चर्चा की तथा आने वाली नई एमएसएमई नीति तथा रोजगार सृजन के आयामों के विषय के बारे में भी बताया। सुधान्शु त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों को स्टार्टअप, स्टैण्डअप योजना के बारे में अवगत कराया गया तथा छोटे उद्योगों के माध्यम से व्यवसाय प्राप्त करने तथा नौकरी देने वाला बनने पर बल दिया तथा अपनी सोच को इस दिशा में अग्रसर करने हेतु प्रेरित किया गया। भारत सरकार के डिजीटल इंडिया तथा डिजीटल पेमेन्ट के माध्यम से हो रहे लाभ से हस्तशिल्पियों को अवगत कराया गया तथा डिजीटल साधनों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सपा का बहिर्गमन, सरकार ने कहा, हर क्षेत्र में हुआ व्यापक सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को छात्र संघों की बहाली, फीस वृद्धि, महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सदन से पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया।

वहीं, सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी, चिकित्सा और शिक्षा समेत हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का कोई एजेंडा होगा, जिसके चलते वह सदन छोड़कर चले गए। शुक्रवार को सत्र की शुरुआत पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आसन पर बैठते ही नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर मुद्दों पर जवाब न देने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्र-संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर 800 दिन से आंदोलन कर रहे हैं और सरकार ने उन्हें उपहार देते हुए 500 गुना फीस बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सदन चार दिन चला और इस दौरान सरकार की तरफ से जनहित के मुद्दे, मसलन-महंगाई, बेरोजगारी, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली पर कोई जवाब नहीं आया, लिहाजा हम लोग बहिर्गमन करते हैं। इसके बाद, अखिलेश अपनी सीट से उठ गए और उनके साथ सपा और रालोद के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। जब अध्यक्ष ने पूछा कि वापस आएंगे तो सपा सदस्यों ने नहीं में जवाब दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मुख्य विपक्षी दल सपा और उसकी सहयोगी रालोद की अनुपस्थिति में ही चली। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नेता प्रतिपक्ष के बहिर्गमन पर तंज कसते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष का निश्चित तौर पर कोई और एजेंडा होगा, जिसके चलते वह सदन छोड़कर चले गए। उन्होंने दावा किया कि हर विषय पर सरकार ने जवाब दिया। खन्ना ने कहा कि महंगाई, चिकित्सा, बेरोजगारी, बिजली, पानी, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्होंने दोहराया कि नेता प्रतिपक्ष अपने किसी एजेंडे के तहत ही सदन छोड़कर गए हैं।

## यूपी में नौ माह में डेंगू से सिर्फ एक रोगी की मौत, मलेरिया से एक भी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि एक जनवरी 2022 से 13 सितंबर 2022 तक प्रदेश में डेंगू से सिर्फ एक मौत हुई और मलेरिया से किसी भी रोगी की मौत इस अवधि में नहीं हुई।

समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न किया था जिसके लिखित उत्तर में स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे पाठक ने यह जानकारी दी। पांडेय ने यह प्रश्न किया था कि वर्तमान में बड़ी तेजी से डेंगू, मलेरिया, वायरल जैसे संक्रामक रोग फैल रहे हैं, ऐसे में 13 सितंबर 2022 तक राज्य में डेंगू एवं संक्रामक रोगों के प्रकरण सामने आए हैं तथा उनमें से कितने मरीजों की मृत्यु हुई है। उपमुख्यमंत्री ने सरकार की तैयारियों का व्यापक ब्यौरा देते हुए कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश में वर्ष में तीन बार (माह अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर में) संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अन्तर्विभागीय रूप में आयोजित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त अवधि में डेंगू के 905 और मलेरिया के 2149 मरीज सामने आए और इनमें डेंगू से सिर्फ एक मौत और मलेरिया से एक भी मौत नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि सपा सदस्यों ने सुबह सत्र शुरू होते ही सदन से बहिर्गमन कर दिया था लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह व्यवस्था दी कि सभी तारांकित, अतारांकित प्रश्नों के उत्तर विधानसभा के पोर्टल पर अपलोड हो गए हैं, इसलिए उन्हें उत्तरित माना जाएगा। हालांकि मूल प्रश्नकर्ता के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने अन्य सदस्यों को पूरक प्रश्न का मौका नहीं दिया।

## मिलें चालू होने से पहले गन्ना किसानों को कर दिया जाएगा शत प्रतिशत भुगतान: लक्ष्मी नारायण

### भाजपा सरकार पर गन्ना विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा ने किया सदन का बहिष्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान परिषद की कार्यवाही**

**प्रदेश** के गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा है की योगी सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में बीते 5 वर्षों के दौरान गन्ना किसानों को 52 हजार करोड़ रुपए अधिक का भुगतान किया है। इसके साथ ही गन्ने की फसल का एरिया भी बड़ा है। 2017 तक यूपी में 20 लाख 54 हजार हेक्टेयर में गन्ने की पैदावार होती थी जबकि अब 25 लाख 52 हजार हेक्टेयर में यह पैदावार हो रही है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 35000 करोड रुपए का गन्ना खरीदा है जिसमें साढ़े तीन करोड़ रुपए का भुगतान बकाया रह गया है जो कि मिल चलने से पहले शत प्रतिशत पूरा करा दिया जाएगा। चौधरी शुक्रवार को विधान परिषद में समाजवादी पार्टी की ओर से गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सपा सदस्य गन्ना मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रहे और भाजपा सरकार पर गन्ना किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। शून्य प्रहर में नियम 105 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में सपा के नरेश चन्द उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य एवं लाल बिहारी यादव ने प्रदेश के गन्ना किसानों की समस्याओं को उठाया। सपा ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आय दोगुनी-तिगुनी करने की बात कागजों पर करती है लेकिन हकीकत इससे परे है। गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि 2007 से 2017 तक गन्ने का भुगतान 147348 करोड़ रुपया किसानों को दिया जबकि 2017 से 2022 तक हमने 178924 करोड़ रुपया किसान के खाते में सीधे दिया। हमने नियम बनाया है कि जो मिल गन्ने का भुगतान पूरा नहीं करेगी उसके गन्ने में हम कटौती करेंगे। सपा की ओर से गन्ना किसानों के पुराने बकाए के संबंध में लगाए गए आरोप पर गन्ना मंत्री ने कहा कि यह सही है कि एक्ट के अनुसार 14 दिन में भुगतान न होने पर ब्याज भी मिलना चाहिए लेकिन हमारे सामने समस्या है। वर्ष 2016 में सरकार ने कैबिनेट में प्रस्ताव पास करके नियम बनाया कि 2012 से 2015 तक का कुल 1896 करोड़ रुपया ब्याज का माफ कर दिया गया। जिसके खिलाफ किसान संगठन कोर्ट चले गए। इसलिए अभी ब्याज नहीं दिया जाता है। यूपी में किसानों के पर्चे से लेकर भुगतान तक सब मोबाइल पर दिया जा रहा है। अभी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपया गन्ने का भुगतान बकाया है लेकिन मिल चलने से पहले हम किसानों का भुगतान दे देंगे। सपा सदस्य गन्ना मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और गन्ना किसान विरोधी यह सरकार के नारे लगाते हुए सदन का बहिष्कार कर बाहर चले गए। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार कर दिया।

## भाजपा विधायक ने सदन में उठाया चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जेवर** विधानसभा से भाजपा के विधायक धीरेंद्र सिंह ने आए-दिन प्रतिबंधित चायनीज मांझे से होने वाली गंभीर घटनाओं का मुद्दा शुक्रवार को प्रमुखता से विधानसभा में उठाया। उन्होंने नियम 51 के तहत इस मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने पिछले दिनों लखनऊ में पायनियर हिन्दी के वरिष्ठ संवाददाता अभिषेक रंजन के साथ हुई इसी प्रकार की घटना का उल्लेख भी किया। जो हजरतगंज क्षेत्र में मोटरसाइकिल से जाते समय चायनीज मांझे से दुर्घटनाग्रस्त होकर जख्मी हो गए। भाजपा विधायक ने कहा कि हम पंतग उड़ाने की परंपरा का विरोध नहीं करते हैं लेकिन चाइनीज मांझा की वजह से आए दिन हो रही गंभीर दुर्घटनाओं की वजह से इस लोकहित के बिन्दु पर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कोई ठोस कदम उठाए जिससे आए दिन होने वाली घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं: अनिल राजभर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं है। विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल में बहुजन समाज पार्टी के दल नेता उमाशंकर सिंह ने यह प्रश्न किया कि प्रदेश में वर्तमान में सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत नौजवानों में कितने बेरोजगारों को सेवायोजित कर दिया गया है और क्या सरकार शेष बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने पर विचार करेगी। सिंह के इस प्रश्न पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने बताया कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के पंजीकरण की व्यवस्था है, और 19 मार्च 2017 से 12 सितंबर 2022 तक 25, 39,619 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। राजभर ने बताया कि 19 मार्च 2017 से 31 अगस्त 2022 तक सेवायोजन विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार मेलों के माध्यम से 6,68,269 अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित कराया गया है। उमाशंकर सिंह ने पूरक प्रश्न किया कि रोजगार से वंचित जो शेष अभ्यर्थी हैं क्या सरकार उन्हें बेरोजगारी भत्ता देगी, इसके उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं है।

## सरकारी स्कूलों में 15 दिनों के अंदर पहुंच जाएंगी शत प्रतिशत किताबें: संदीप सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने दावा किया है कि सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में निशुल्क किताबें15 दिन के अंदर शत प्रतिशत पहुंच जाएंगी।

संदीप सिंह शुक्रवार को विधान परिषद में शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी और ध्रुव कुमार त्रिपाठी की ओर से प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तके दिलाए जाने के संबंध में कार्य स्थगन के रूप मे उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इससे पहले शिक्षक दल के नेताओं ने कहा कि पढ़ाई का सत्र अप्रैल से शुरू होने के बाद आज सिंतबर चल रहा है लेकिन किसी भी विद्यालय में अभी तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं जिससे पठन-पाठन में परेशानी हो रही है। इससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस पर जवाब देते हुए संदीप सिंह ने कहा कि हमारी सरकार में पठन-पाठन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। स्मार्ट क्लासेज और दीक्षा एप के जरिए पढ़ाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि करोना के कारण पुस्तकों की खरीद का टेंडर दो बार में कराना पड़ा जिससे विलंब हुआ। इसके बावजूद जून माह से निशुल्क वितरण प्रारम्भ करा दिया गया था। उन्होंने कहा कि 92 प्रतिशत स्कूलों में निशुल्क पुस्तकें वितरित हो चुकी हैं। आने वाले पंद्रह दिनों के भीतर शत प्रतिशत स्कूलों में वितरण सुनिश्चित करा दिया जाएगा। इस पर शिक्षक दल के ध्रुव त्रिपाठी ने दावा किया कि एक भी विद्यालय में पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

## मायावती ने पूछा, भागवत को राष्ट्रपिता कहने से क्या बदलेगा?

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के मस्जिद में जाने को लेकर संघ परिवार पर तंज कसा है। मायावती ने ट्वीट करते हुए कहा कि खुली जगह में नमाज तो योगी सरकार को सहन नहीं हो रहा, भागवत को राष्ट्रपिता कहने से क्या बदलेगा? शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा कल दिल्ली स्थित मस्जिद/मदरसे में जाकर उलेमाओं से मुलाकात करने और फिर उनसे अपने आपको राष्ट्रपिता व राष्ट्र ऋषि कहलवाने के बाद क्या बीजेपी व इनकी सरकारों का मुस्लिम समाज व उनके मस्जिद मदरसों के प्रति नकारात्मक रूख व बर्ताव में बदलाव आयेगा। अगले ट्वीट में उन्होंने कहा कि यूपी सरकार खुली जगह में कुछ मिनट की अकेले में नमाज पढ़ने की मजबूरी को सहन नहीं कर पा रही है।

## विधानसभा में जनता के मुद्दों को सरकार ने अनसुना किया: अखिलेश

● सपा विधायकों ने सदन से लेकर सपा मुख्यालय तक पैदल मार्च कर व्यक्त किया रोष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी प्रमुख एवं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी विधायकों के साथ विधानभवन से सपा मुख्यालय तक पैदल मार्च निकालकर आखिरकार अपनी मंशा पूरी ही कर ली। ज्ञात हो कि विधानसभा मानसून सत्र के शुरू होने पर समाजवादी पार्टी ने पैदल मार्च निकालकर विधानसभा में जाने की योजना बनाई थी जिसे प्रशासन ने यह कहकर विफल कर दिया कि यह सुरक्षा की दृष्टि से उचित नही है। विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन सपा ने सदन में स्वास्थ्य का मुद्दा उठाया जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार नही किया। इस पर विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के नेतृत्व में सदन से वाकआउट किया। सदन से वाकआउट कर समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के विधायकों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में इन्हीं मुद्दों को लेकर विधान सभा भवन से राज भवन के सामने से होते हुए विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तक पैदल मार्च किया।

सपा मुख्यालय पहुंचने पर अखिलेश यादव ने विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने जब-जब जनता के मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था का मामला उठाया, सरकार ने अनसुना किया। आज भी भाजपा सरकार का व्यवहार उपेक्षापूर्ण रहा। प्रदेश में कानून का राज नहीं है। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आज आम जनता गरीब, किसान, नौजवान की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी वर्गों के साथ अन्याय और शोषण हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि सदन से वाकआउट इसलिए किया कि समाजवादी पार्टी और सभी विपक्षी दल मांग करते रहे कि सदन का समय बढ़ाया जाए।

समाजवादी पार्टी और अन्य दलों का कहना है कि सदन में समय कम दिया गया है। जनता से जुड़े बहुत सारे मुद्दे हैंए उन पर बहस नहीं हो पायी। सरकार का जवाब संतुष्ट करने वाला नहीं रहा। आज प्रदेश में कुछ जिलों में सूखा है तो कुछ जिलों में बाढ़ आ गयी है। किसानों की फसल सूखा और बाढ़ से बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गयी। इधर लंपी बीमारी से बड़े पैमाने पर गायों की जान गयी है। किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं हुआ। कई जिलों में खाद और खेती से जुड़ी वस्तुओं का इंतजाम नहीं हो पाया है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। नौजवानों को नौकरी रोजगार का इंतजार है। इलाहाबाद में फीस वृद्धि के खिलाफ लगातार छात्र नौजवान आंदोलित है। धरने पर बैठे है। सरकार और विश्वविद्यालय ने उनकी फीस चार पांच सौ गुना बढ़ा दी।

### आजम खां के मुद्दे पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



● भाजपा सरकार ने जुल्म की इंतेहा कर दी है: सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में विधायकों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां साहब पर सरकार के इशारे पर द्वेष भावना से लगाए जा रहे झूठे और फर्जी मुकदमों को लेकर राज्यपाल महोदया से मुलाकात की। अखिलेश यादव के साथ प्रतिनिधिमण्डल में विधायकगणों में मनोज कुमार पारस, शाहिद मंजूर, मौहम्मद फहीम इरफान, रविदास मेहरोत्रा, कमाल अख्तर, नवाब जान, हाजी नासिर हुसैन, जियाउर्रहमान, इकबाल महमूद, रामअचल राजभर, दुर्गा प्रसाद यादव सहित शहनवाज खान सदस्य विधान परिषद शामिल रहे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां साहब के साथ अन्याय और जुल्म की इंतेहा कर दी है।

आजम खां साहब का अपमान और उत्पीड़न क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष भावना से नेताओं और कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमें लगा कर प्रताड़ित कर रही है।

## वादा करके मुकर जाना भाजपा की पुरानी आदत: रामाशीष राय

● ऊर्जा मंत्री के वायदे से मुकर जाना एक बार फिर सिद्ध करता है कि भाजपा जुमला पार्टी है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने भाजपा की जुमलेबाजी पर तंज कसते हुये कहा है कि प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा करके फिर मुकर जाना भाजपा की पुरानी आदतों में से एक है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय अपने संकल्प पत्र में भाजपा ने स्पष्ट रूप से कहा था कि किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली दी जायेगी परन्तु प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री द्वारा वायदे से मुकर जाना एक बार फिर सिद्ध करता है कि भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है।

शुक्रवार को बयान जारी कर राय ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक के सभी लोकसभा और विधान सभा के आम चुनाव में किसानों के साथ किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के समय किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया गया था तथा गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिन में करने का वादा किया गया था। दोनो ही वादे अब तक पूरे नहीं किये गये। किसानों को उनकी लागत का भी मूल्य नहीं मिल पा रहा है और गन्ने का दाम आज भी बकाया है। इसी प्रकार वर्ष 2017 के आम चुनाव में किसानों के सभी ऋण माफ करने का वादा किया गया था परन्तु प्रदेश में सरकार बनने के पश्चात केवल वर्ष 2016 तक के फसली ऋण माफ करने को कहा गया। वास्तविकता यह है कि जब एक फसली ऋण अदा हो जाता है तब दूसरा मिलता है ऐसी स्थिति में लगभग सभी किसान ठगे से रह गये। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार से मांग करते हुये कहा कि प्रदेश के किसानों का मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न बंद करें और उनकी मांगों और अपने वादों पर संज्ञान ले तथा उन्हें पूरा करे।

बीएसए कार्यालय से पैदल मार्च कर डीएम कार्यालय पहुंचे शिक्षक

# सैकड़ों शिक्षकों ने डीएम कार्यालय पर मांगों को लेकर की नारेबाजी







**संवाददाता। सीतापुर**

● **उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन, जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित ने कहा कि मांगें न सुनी गईं तो होगा आंदोलन**

**पदोन्नति न** होने से आक्रोषित बेसिक शिक्षा परिसद के शिक्षक शुक्रवार को बीएसए कार्यालय पर पहले तो एकत्र हुए उसके बाद वह पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पहुंच गए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में अपनी मांगो को लेकर पहुंचे शिक्षको ने पहले तो नारेबाजी की व बाद में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक के पद रिक्त है, इसके बावजूद भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। संघ जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित ने कहा कि अधिकतर शिक्षक सहायक अध्यापक का वेतन लेकर प्रधानाध्यापक का दायित्व निभा रहे है, लेकिन इस दायित्व को निभाने में वह अपने को सक्षम नहीं पा रहे है। पदोन्नति लाभ न दिए जाने से परिषदीय शिक्षक आहत है। इसी को लेकर वह डीएम को ज्ञापन सौंपा है अगर इस पर संज्ञान नहीं लिया गया तो वह आंदोलन करेगें। ज्ञापन देने के बाद शिक्षक फिर वापस बीएसए कार्यालय पर आ गए। इस दौरान परसेंडी अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, खैराबाद पवन सिंह, ऐलिया अश्वनी सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, लवलेश प्रताप सिंह, आनंद प्रातप पांडेय, रामकिशोर, ब्रजेश सिंह, पुनीत, आषुतोष वर्मा, पंकज सिंह, श्रद्धा त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र, संजीव सिंह, अपूर्वा पांडेय सहित शिक्षक महामंत्री रविंद्र मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री फरीद गौरी, प्रिय गौतम, बृजेश कुमार, राजेश वर्मा, शारदा प्रसाद, कृष्णकांत, सुधांशु श्रीवास्तव, अटल बिहारी सहित सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

पीड़ित ने रेउसा थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

# पांच बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार, पति ने दी तहरीर

● **रेउसा क्षेत्र की बम्भनावां निवासी 35 वर्षीया समा प्रेमी संग फरार, गांव के रहने वाले छोटू पुत्र ललतू के संग तीन माह से चल रहा था प्रेम प्रसंग, पीड़ित पति सत्तार ने पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का लगाया आरोप**

**सीतापुर।** सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र में रहने वाली पांच बच्चों की मां पर प्यार का ऐसा रंग चढ़ा कि वह अपने पति व बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार हो गई, महिला का पति अपने बच्चों को लेकर थाने के चक्कर लगाने को मजबूर है, बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। रेउसा थाना क्षेत्र के बम्भनावां गांव निवासी 35 वर्सीया संमा पत्नी सत्तार गांव के ही छोटू पुत्र ललतू के संग दिन के उजाले में ही फरार हो गई। समां के पति सत्तार ने बताया कि छोटू अपने भतीजे हिमांषू के साथ मिलकर मेरी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रेउसा थाने में प्रार्थना पत्र देने आए पीड़ित पति सत्तार ने बताया कि छोटू गांव में ही चाय का होटल चला रहा था, और करीब तीन माह पूर्व मेरी पत्नी समां और छोटू के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, इसकी मुझे जानकारी नहीं थी, जब जानकारी हुई तो मैने अपनी पत्नी और छोटू को समझाया भी। पीड़ित की मांग है कि एक बार उसकी पत्नी समा रेउसा थाने आ जाए, बच्चे परेषान है, इसके बाद जहां जाना है, चली जाएं। सत्तार ने यह भी बताया कि जब वह अपनी पत्नी को वापस करने की बात कह रहा है तो छोटू और हिमांषू उसे धमकी दे रहे है। बता दें कि सत्तार और समां के 5 बच्चे सना, सावेद, षहनवाज, षाहिद और असद है, यह सभी नाबालिंग है। सत्तार और सना की षादी वर्स पूर्व हुई थी। पीड़ित पति सत्तार ने रेउसा थाने में प्रार्थना दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष रेउसा मुकुल प्रसाद वर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, मामला संज्ञान में है जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का इंतजार खत्म...

# सीतापुर के हेमपुर क्रासिंग पर अब राहगीरों को नहीं होगी दिक्कत

● **10 वर्षो से अधिक लंबित निर्माण कार्य से राहगीरों को हो रही परेशानी**

**संवाददाता। सीतापुर**

**सीतापुर उरदौली** स्थित हेमपुर क्रॉसिंग के निर्माण के लिए रेलवे और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मध्य काफी समय से चली आ रही तकरार अब समाप्त हो गई है ,पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के आश्वासन के बाद जल्द ही रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी है। आपको बता दें कि सन 2009 में बरेली वाया सीतापुर तक फोरलेन बनाने का कार्य शुरू हुआ था, कार्य के दौरान कार्यदायीं संस्था ने रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज बनाने के लिए पिलर का निर्माण किया था, रेलवे ने इस पर आपत्ति जताई थी कि कार्यदाई संस्था ने हेमपुर नेरी रेलवे क्रॉसिंग के पास जो पिलर का निर्माण किया है वह रेलवे ट्रैक के काफी पास है और इसी आपत्ति के चलते नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ओवरब्रिज निर्माण में अड़चन पैदा कर दी थी और रोंक लग गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 पर लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित ओवरब्रिज के निर्माण कार्य से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, राहगीरों को तब बहुत ज्यादा मुसीबत होती है जब डबल ट्रेनों का आवागमन होता है और लम्बे जाम के चलते इंतजार करना पड़ता है। इस रेलवे ट्रैक पर 24 घंटे में लगभग 60 से 70 ट्रेनों का आवागमन होता है जिसमें माल गाड़ियों की संख्या ज्यादा होती है, साथ ही ब्रिज के नीचे का रास्ता इतना खराब है कि वाहनों को बड़े गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है । गेटमैन शत्रुघ्न ने बताया कि 6 माह में रौजा सीतापुर रेल ट्रैक का कार्य पूर्ण हो जाएगा जिससे इस ट्रैक पर 100 से 150 तक रेलगाड़ियों का आगमन होगा तब तक यदि ओवरब्रिज न बना तो स्थिति और भयावह हो जाएगी। इस मामले में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक पत्र भेजकर लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से कहा कि बरेली से सीतापुर स्टेशन पर हेमपुर क्रासिंग के पास बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का कार्य षुरू कर दिया जाए। इसको लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से रेलवे बोर्ड ने पत्राचार करने के साथ निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी है।

## लम्बित वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलायी जायः डीएम

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंह के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। अभियोजन कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल सिंह ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सज़ा से बच नहीं सकते हैं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। समीक्षा बैठक के दौरान में ईण्प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंगए सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशाण्निर्देश दिये गए। डीएम ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। डीएम ने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाय। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाएए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके।

संयुक्त निदेशक यअभियोजनद्ध धीरेंद्र कुमार मिश्रा व नीरज कुमार, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सरयू प्रसाद यादव व घनश्याम गुप्ता, अभियोजन अधिकारी पवन गौतम, सहायक अभियोजन अधिकारी यदुनंदन अवधेश, दयाशंकर, सुभाष चंद्र व प्रदीप, जिला शासकीय अधिवक्ता यक्रिमिनलद्ध अरविंद त्रिपाठी, विशेष लोक अभियोजक बृजेश पांडेय मौजूद रहे।

# वोकल फॉर लोकल की अवधारणा पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ आगाज

● **केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ, स्टालों का किया अवलोकन**

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**




**पीएम** नरेंद्र मोदी के उद्घोष वोकल फ़ॉर लोकल की अवधारणा पर तीन दिवसीय ओडीओपी उत्पादोंए हस्तशिल्पियों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी स्थानीय विलोबी हाल में आयोजित हुई। प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्रीध्खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह व प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। इसके उपरांत उन्होंने सभी स्टालों का अवलोकन कर उनके उत्पादों के संबंध में जरूरी जानकारी प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा। निर्यात अधिक होए आयात कम हो इसके लिए सरकार निरंतर योजनाएं बनाकर उनपर काम कर रही है। भारत का दिनोंदिन सम्मान बढ़ रहा है। भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेए उनका निर्यात बढ़े इसके लिए सरकार काम कर रही है। भारत में सरकार ने 2030 तक एक हजार अरब डालर निर्यात करने का लक्ष्य नियत है। सरकार ने सभी की जरूरतें पूरी करने के साथ ही निर्यात में आने वाली बाधाओं को दूर किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले का आनंद उठाएं। स्थानीय उत्पादकों का हौसला बढ़ाएं उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने तीन दिवसीय वोकल फ़ॉर लोकल की अवधारणा पर आयोजित तीन दिवसीय ओडीओपी उत्पादोंए हस्तशिल्पियों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने प्रदर्शनी में लगे स्टालों पर उत्पादों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कुलभूषण सिंह, विजय शुक्ला रिंकू, अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सीतापुर में 26 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**सीतापुर।** सीतापुर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। इसको लेकर 26 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवा योजन कार्यालय पर किया जाएगा। इस मेले में आये हुए युवाओं को उनकी प्रतिभा निखारने का मौका भी दिया जाएगा। मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जहां पर करीब दो हजार पदों पर होगी भर्ती होगी। जिला समन्वय कौशल विकास मिशन अमित कुमार ने बताया कि यह आयोजन उ.प्र. कौशल विकास मिशन सीतापुर और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर, जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में सुबह 10 बजे से होगा। इस रोजगार मेले में 20 से अधिक कम्पनियों के द्वारा दो हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू होगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में कक्षा 8, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले मे प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो एवं बायोडाटा की 3 प्रति में लेकर आये।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक ग्रामीण को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शाही थाने के गांव बफरी अब्दुल नबी निवासी 48 वर्षीय चंद्रसेन पुत्र हीरालाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद चंद्रसेन के घर वालों ने बताया कि वह मजदूरी करता था और 14 सितंबर को वह मोटरसाइकिल से बसावन पुर में मजदूरी करने के लिए गया था ।जहां से शाम को काम समाप्त होने के बाद मोटरसाइकिल से घर वापस लौटते समय रास्ते में सेंधा गांव के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दे दी। जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सुमन है।

### महानगर बस सेवा के एसी का कंप्रेसर फटा, एक की मौत

**बरेली ।** महानगर बस सेवा चार्जिंग बस स्टेशन में खड़ी एक बस के एसी का कंप्रेसर गैस भरते समय अचानक तेज धमाके के साथ फट गया जिससे काम कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई व दो गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलने पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे घायलों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। किला थाना क्षेत्र में स्वाले नगर स्थित महानगर बस सेवा के चार्जिंग स्टेशन पर आज दोपहर स्टेशन परिसर में खड़ी एक बस के खराब एसी में नाइट्रोजन गैस भरने का काम चल रहा था । इस काम में सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर निवासी विजयपाल पुत्र रामपाल अपने साथी बबलू और नरेंद्र के साथ एसी के कंप्रेशर में नाइट्रोजन गैस भरने का काम कर रहे थे। इसी दौरान कंप्रेसर तेज धमाके के साथ फट गया और उसके पास मौजूद तीनो लोग बस से काफी दूर जा गिरे। और गंभीर रूप से घायल हो गए । धमाके की आवाज सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोग और स्थानीय लोगों की भीड़ चार्जिंग स्टेशन के बाहर लग गई ।घटना के समय मौके पर मौजूद स्टेशन मैनेजर सुरेंद्र ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन विजय को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना ही मिलते ही मृतक के घर वाले भी जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। मृतक की पत्नी का नाम कुसुम है वह एक बेटे का पिता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।घटने के बाद स्टेशन कर्मचारियों ने किसी को भी अंदर नहीं घुसने दिया। कुछ देर बाद मीडिया कर्मचारी मौके पर पहुंच गए ।सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शिवा कांत द्विवेदी के साथ एसएसपी एसपी सिटी सीओ एवं थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि बस में धमाका चार्जिंग के कारण नहीं बल्कि एसी का कंप्रेशर फटने के कारण हुआ है ।उन्होंने घटना की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया ।

### साबुन कारोबारी की हत्या का खुलासा, दो प्रेमिका सहित 6 गिरफ्तार

**बरेली ।** साबुन कारोबारी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिसमे तीन नाबालिग है सभी को जेल भेजा जा रहा है । प्रेम नगर थाना क्षेत्र के जनकपुरी निवासी साबुन कारोबारी दीपक गांधी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने किला थाना क्षेत्र के गुलाब नगर के मूल निवासी हितेश सक्सेना हाल निवासी लल्ला मार्केट भूड़ और हितेश की पत्नी सपना सक्सेना निवासी लल्ला मार्केट भूड थाना प्रेम नगर ,काजल शर्मा पुत्री रूप किशोर निवासी थाना भोजीपुरा के गांव मकरंदापुर को गिरफ्तार कर लिया । तीन नाबालिग सहित 6 अभियुक्तों को आईवीआरआई पुल के पास से गिरफ्तार किया है जोकि सभी भागने की फिराक में थे। सभी को जेल भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि दीपक गांधी 18 सितंबर को शाम के समय अपनी कार लेकर घर से निकले थे और 19 सितंबर की मध्यरात्रि को उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी तब पुलिस ने उनको तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और उनकी कार बन्नुवाल नगर चिक्कर स्कूल के पास मिली कार की पिछली सीट पर दीपक गांधी की लाश पड़ी थी घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि दीपक गांधी अपनी महिला मित्र सपना और काजल से मिलने राजीव एनक्लेव स्थित आवास पर गए थे । अचानक दीपक गांधी तबीयत खराब होने पर वह बेहोश हो गए और सपना काजल ने योजना बनाकर हितेश और दो पुत्रों और दोस्त की मदद से उन्हें कार में दीपक गांधी को डालकर बन्नू बाल कॉलोनी के पास छोड़ दिया और भाग गए पुलिस ने आज 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा है।

### युवतियों पर अभद्र टिपण्णी करने वाले मनचले युवक को गिरफ्तार किया गया

**लखीमपुर.खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा एवं सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे एंटीरोमियों अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी महोदय के कुशल मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद की एण्टीरोमियों टीम द्वारा दैनिक चेकिंग के दौरान ग्राम गणेशपुर मोड़ के पास से एक मनचले युवक अरबाज खां पुत्र लियाकत खां को रास्ते में आने जाने वाली बालिकाओंध्युवतियों पर अभद्र टिप्पणी करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना हैदराबाद पर मु.अ.सं. 395/22 धारा 294 भादवि पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि अबलीश कुमारए थाना हैदराबादए काण् नितिन कुमार थाना हैदराबादए मआ अंकिता चैधरी थाना हैदराबाद व म.आ. अनुराधा थाना हैदराबाद शामिल रहे।

## पेज एक का शेष

### विकास में...

नाम पर विकास परियोजनाओं को बाधित करने के लिए विभिन्न संस्थाएं उनका समर्थन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग न्यायपालिका और विश्व बैंक तक को प्रभावित कर परियोजनाओं को बाधित करते हैं। व्यवसाय को सुगम बनाने या जीवन को आसान बनाने वाली परियोजनाओं को केवल पर्यावरण के नाम पर अनावश्यक रूप से न रोका जाए और पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने के वास्ते संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। विभिन्न परियोजनाओं को पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने में विलंब पर नाखुशी जताते हुए मोदी ने कहा कि मंजूरी जल्दी दिए जाने पर ही तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा, करीब छह हजार पर्यावरण संबंधी मंजूरी के आवेदन और करीब 6500 वनीय मंजूरी के आवेदन विभिन्न राज्यों में लंबित हैं।

### कनाडा में...

बेहद आपत्तिजनक है कि एक मित्र देश में कट्टरपंथी एवं चरमपंथी तत्वों को राजनीति से प्रेरित ऐसी गतिविधि की इजाजत दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा था कि भारत ने इस मामले को राजनयिक माध्यमों से कनाडा के प्रशासन के समक्ष उठाया है और इस मुद्दे को कनाडा के समक्ष उठाना जारी रखेगा। उन्होंने तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह को फर्जी कवायद करार दिया था। बागची ने कहा था कि कनाडा ने भारत की सम्प्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की बात कही है, लेकिन यह बेहद आपत्तिजनक है कि एक मित्र देश में कट्टरपंथी एवं चरमपंथी तत्वों को राजनीति से प्रेरित ऐसी गतिविधि की इजाजत दी जा रही है। प्रवक्ता के अनुसार, कनाडा सरकार ने कहा था कि वे उनके देश में हो रहे तथाकथित जनमत संग्रह को मान्यता नहीं देते हैं।

### शिवाजी पार्क...

बनाए रखने को कहा है। अदालत ने पुलिस को पूरी रैली की वीडियोग्राफी कराने को भी कहा है। अदालत ने हालांकि चेताया, पुलिस के काम में कोई बाधा नहीं पहुंचनी चाहिए। अदालत के आदेश के बाद, परिसर में ही पत्रकारों से बातचीत में शिवसेना नेता अनिल देसाई ने कहा, मैंने आदेश की सूचना उद्धव ठाकरे को दे दी है, वह खुश हैं। यह रैली महाराष्ट्र के लोगों के लिए है और इसमें कोई राजनीति नहीं है। यह वर्षों से चली आ रही परंपरा है। सत्यमेव जयते। बीएमसी ने 21 सितंबर को कहा था कि वह ठाकरे नीत पार्टी का आवेदन इसलिए खारिज कर रही है क्योंकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के विद्रोही धड़े के विधायक सदा सारवंकर ने भी ऐसी ही अर्जी दी है और अगर एक धड़े को अनुमति दी जाती है तो इससे स्थानीय पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो जाएगी। बीएमसी ने शिवाजी पार्क थाने द्वारा रैली के संबंध में चिंता जताए जाने वाली रिपोर्ट भी अदालत को सौंपी। शिवाजी पार्क में रैली के आयोजन की अनुमति मांगने वाले शिंदे खेमे के विधायक सदा सारवंकर भी उच्च न्यायालय गए थे।

### इमामों के...

गुमराह किया गया है। गलतफहमी पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भागवत की इलियासी से मुलाकात अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संवाद करने के संघ की पहल का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत 20 वर्ष पहले आरएसएस के तत्कालीन प्रमुख के. एस. सुदर्शन के नेतृत्व में हुई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को संघ पर निशाना साधने के लिए पश्चाताप करना चाहिए। कुमार ने कहा कि अगर वह (कांग्रेस) पश्चाताप करती है, तब संघ उसकी गलतफहमी को दूर कर देगा। उल्लेखनीय है कि भागवत ने यहां बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया था तथा ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख के साथ बैठक की थी। आरएसएस के सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया था।

### पीएम बनने...

लगाया, 2020 के विधानसभा चुनावों में कुमार की पार्टी द्वारा जीती गई सीटों की संख्या हमारी संख्या का लगभग आधा थी। भाजपा ने पूर्व में किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनका समर्थन करके बड़प्पन दिखाया। हालांकि, लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही प्रधानमंत्री पद की उनकी महत्वाकांक्षा उन पर हावी हो गई और उन्होंने हमारी पीठ में छुरा घोंप दिया। जद (यू) पिछले विधानसभा चुनावों में अपनी सीटों की संख्या में कमी के लिए परोक्ष रूप से भाजपा को दोषी ठहरा रही है, जब चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी ने मुख्यमंत्री कुमार की पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ भाजपा के कई बागियों को मैदान में उतार दिया था।

### एम. श्रीनिवास...

शुरुआती आदेश नौ सितंबर को जारी किया गया था, लेकिन सरकार ने 23 सितंबर को तारीख में बदलाव करते हुए नया आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक के पद पर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया का कार्य विस्तार 25 मार्च, 2022 से प्रभावी है जो छह महीने या अगले निदेशक की नियुक्ति तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा। एम्स के निदेशक के रूप में डॉक्टर गुलेरिया के कार्यकाल में दूसरी बार किए गए विस्तार की अवधि 23 सितंबर को समाप्त हो रही है। उन्हें 28 मार्च, 2017 को पांच साल के लिए एम्स, दिल्ली का निदेशक नियुक्त किया गया था, लेकिन बाद में उनके कार्यकाल को तीन-तीन महीने के लिए दो बार बढ़ाया गया।

### पीएफआई का...

बचने के लिए प्रदर्शनकारियों ने अपने चेहरे मास्क या अन्य कपड़े से ढक रखे थे। हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले दुकानदारों पर प्रदर्शनकारियों ने हमले किए और उनसे दुर्व्यवहार किया, उनका सामान तोड़ दिया। संघ कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंका गया। बताया जा रहा है कि इस बम हमले से यहां भारी नुकसान हुआ है। केरल पुलिस के अनुसार अभी तक 127 पीएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### सोनिया व...

भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल के साथ एआईसीसी के एक अन्य महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार और कई नेताओं ने शुक्रवार को यात्रा के संबंध में पार्टी की समीक्षा बैठक में भाग लिया। वेणुगोपाल ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी किसी दिन भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो सकती हैं और प्रियंका गांधी भी किसी अलग दिन शामिल होंगी।

### अशोक गहलोत...

के बाद यह घोषणा की। उनके अनुसार, राहुल गांधी ने उनसे दो टूक कहा है कि गांधी-नेहरू परिवार से कोई उम्मीदवार नहीं होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री की इस घोषणा के साथ ही देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए उनके रूप में पहला उम्मीदवार सामने आ गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी चुनाव लड़ने का स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। कुछ अन्य नेताओं के भी चुनावी मैदान में उतरने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी चुनाव लड़ने की संभावना पर विचार कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

### उत्तर प्रदेश...

मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को सदन में दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2022 पारित करने का प्रस्ताव रखा। विधेयक के पक्ष में सत्ताधारी सदस्यों के बहुमत की वजह से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की। शुक्रवार को मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी और उसकी सहयोगी रालोद के सदस्यो ने सदन का पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया था। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा ने इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन सत्ता पक्ष के सदस्यों के विरोध की वजह से उनका प्रस्ताव गिर गया। संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने विधेयक के बारे में सदन को बताया कि इस संशोधन विधेयक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले और महिलाओं से दुराचार के आरोपियों को अब अग्रिम जमानत न देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बालकों, बेटियों और महिलाओं के यौन अपराधों में अग्रिम जमानत न मिलने से आरोपियों द्वारा सबूतों को नष्ट करने की संभावना कम होगी। साथ ही आरोपी की ओर से पीड़ित या उसके गवाहों को भयभीत या प्रताड़ित नहीं किया जा सकेगा।

### जब पीएम...

हैं, जबकि उनके साथ काम करने वाले अन्य भले ही थक जाएं। आप पूछते हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी बदलाव ला सकते हैं, लेकिन मैं कहता हूं पीएम मोदी खुद एक बदलाव का परिणाम हैं। उनके जैसा कोई व्यक्ति (समाज के गरीब तबके से आने वाले व्यक्ति) भारत का प्रधानमंत्री बन गया है, यह दिखाता है कि देश कितना बदल गया है।

# कांग्रेस अध्यक्ष बनने में मेरी दिलचस्पी नहीं : दिग्विजय

**भाषा।** जबलपुर

**कांग्रेस** में अध्यक्ष पद की दौड़ तेज होने के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष बनने में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं है। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को एक अधिसूचना जारी कर पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। दो दशकों के अंतराल के बाद पार्टी के शीर्ष पद के लिए चुनाव की स्थिति दिखाई दे रही है, गहलोत और पार्टी के नेता शशि थरूर चुनाव में आमने-सामने हो सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ, और दिग्विजय सिंह सहित मुकुल वासनिक एवं पृथ्वीराज चव्हाण के नाम भी संभावित दावेदार के तौर पर चर्चा में थे लेकिन उनमें से कई ने शीर्ष पद के लिए दौड़ से इनकार किया है।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने कहा, मैं पहले ही कह चुका हूं और फिर दोहरा रहा हूं कि मुझे पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सिंह यहां नरसिंहपुर जिले के झोटेश्वर में दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की समाधि पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। स्वामी जी का हाल ही में निधन हो गया था। यह पूछे जाने पर कि गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की स्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी जगह कौन लेगा, उन्होंने इस पर किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार करते हुए कहा मैं राजस्थान का जन प्रतिनिधि नहीं हूं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के दिल्ली में एक मस्जिद और मदरसे का दौरा करने के सवाल पर सिंह ने कहा कि यह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है, जिसने केवल दो सप्ताह ही पूरे किए हैं। सिंह ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होने के लिए मैं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस तरह की भावना संघ के निचले तबके तक पहुंचनी चाहिए। सिंह ने कहा कि उन्हें (आरएसएस कैडर) धार्मिक आधार पर समुदायों के बीच मतभेद और दुश्मनी की भावना पैदा करना बंद कर देना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया पार्टी की उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद द्वारा इस यात्रा को गांधी परिवार बचाओ यात्रा करार दिए जाने पर सिंह ने कहा, परिवार की उनकी (प्रसाद की) परिभाषा संघ परिवार तक सीमित है जबकि कांग्रेस की परिवार की परिभाषा पूरी दुनिया है। हम वसुधैव कुटुम्बकम और भारतीय सनातनी परंपरा में विश्वास करते हैं।

## अगला कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार का प्रतिनिधि होगाः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का जो भी नया अध्यक्ष होगा वह गांधी परिवार का प्रतिनिधि होगा और वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह रिमोट कंट्रोल से संचालित होगा। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजस्थान सरकार का नेतृत्व करने के लिए उनके उत्तराधिकारी के संबंध में कोई भी फैसला कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी मामलों के राजस्थान प्रभारी अजय माकन द्वारा लिया जाएगा। गहलोत ने पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता व सांसद शशि थरूर उन्हें चुनौती देने की तैयारी में है। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर जारी चुनाव प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए पूनावाला ने कहा, किस हैसियत से वह (सोनिया गांधी) इस बारे में फैसला लेंगी क्योंकि वह पूर्व अध्यक्ष हो जाएंगी?

आपको नहीं लगता कि यह फैसला विधायकों को करना चाहिए? अगर रिमोट कंट्रोल गांधी परिवार के हाथ में ही रहेगा तो यह चुनाव का दिखावा क्यों? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने हाल ही में कहा था कि कोई भी कांग्रेस का अध्यक्ष बन जाए, राहुल गांधी पार्टी में प्रमुख पद पर बने रहेंगे। एक बयान में पूनावाला ने आरोप लगाया, यह सबूत है कि कांग्रेस का नया अध्यक्ष गांधी परिवार का प्रॉक्सी ही होगा और वह ठीक उसी तरह गांधी परिवार द्वारा संचालित होगा, जैसे मनमोहन सिंह को सोनिया गांधी करती थीं। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में चल रही चुनावी प्रक्रिया महज दिखावा है।



श्रीनगर में डल झील में शाम के समय डुबते सुरज की रोशनी में शिकारों का मनोरम दृश्य

## ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक 64.97 करोड़ की संपत्ति के मालिक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पास दिसंबर, 2021 के आंकलन के अनुसार 64.97 करोड़ रुपए की संपत्ति है जो एक साल पहले की उनकी 64.98 करोड़ रुपए की संपत्ति से मामूली कम है। ओडिशा में सभी मंत्रियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा सरकारी पोर्टल पर डालना होता है। मुख्यमंत्री पटनायक की संपत्ति का ब्योरा भी यहीं उपलब्ध है। जनप्रतिनिधियों की संपत्तियों और देनदारी का ताजा आंकड़ा शुक्रवार को वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। इन आंकड़ों के अनुसार, पटनायक के पास 12.09 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है जिसमें नई दिल्ली, भुवनेश्वर, हिन्जलीकट और बारगढ़ में उनके बैंक खातों में जमा राशि, आभूषण और एक चार पहिया वाहन शामिल है।

मुख्यमंत्री के पास 3.45 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने और 1980 मॉडल की एक एम्बेसडर कार है जिसकी कीमत 6,434 रुपए है। मुख्यमंत्री के नई दिल्ली, जनपथ स्थित बैंक खाते में 72 लाख रुपए जबकि भुवनेश्वर में भारतीय स्टेट बैंक के खाते में 21.71 लाख रुपए जमा हैं।

मुख्यमंत्री के संपत्ति ब्योरे के अनुसार, उनके पास 52.88 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है, जो उन्हें अपने माता-पिता ज्ञान और बीजू पटनायक से पैतृक संपत्ति के रूप में मिली है। उनकी अचल संपत्ति में नवीन निवास का दोतिहाई हिस्सा है। भुवनेश्वर हवाई अड्डे के पास स्थित इस मकान की कीमत 9,52,46,190 रुपए है और 50 फीसदी हिस्सा नई दिल्ली में 3, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित मकान का है। इसकी कीमत करीब 43,36,18,000 रुपए है। अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने भी वेबसाइट पर अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री नब दास ने बताया है कि उनकी पत्नी के पास 75 वाहन हैं और उन सभी का व्यावसायिक कार्यों में उपयोग होता है। इनमें से 18 वाहन 2021 में खरीदे गए हैं।

## गुजरात में 28 सितंबर को यात्रा निकलेगी कांग्रेस

**राजकोट।** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में 28 सितंबर को कांग्रेस पार्टी दिन भर चलने वाली एक यात्रा निकालेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नवरात्र पर्व के दौरान निकाली जाने वाली इस यात्रा को चलो कांग्रेस के साथ मां के द्वार नाम दिया गया है। विधायक ललित कागथरा ने बताया कि यात्रा की शुरुआत राजकोट शहर से होगी। कागथरा ने संवाददाताओं से कहा, 28 सितंबर को हम चलो कांग्रेस के साथ मां के द्वार रैली निकालेंगे जिसका प्रभाव सौराष्ट्र की 25 विधानसभा सीटों पर होगा। पाटीदार समुदाय के नेता नरेश पटेल मां खोडियार मंदिर पर यात्रा का स्वागत करेंगे। पटेल को क्षेत्र के लेउवा पाटीदार समुदाय का अच्छा समर्थन प्राप्त है। कागथरा ने कहा कि खोदलधाम मंदिर के न्यासी पटेल राजकोट जिले में कागवड में पांच सौ वाहनों के साथ रैली का स्वागत करेंगे। कागथरा ने कहा कि रैली राजकोट से शुरू होगी और जूनागढ़ जिले के सिदसर में इसका समापन होगा।

## भाजपा विधायक बरबा मोहन ने इस्तीफा दिया

**अगरतला।** भाजपा विधायक बरबा मोहन त्रिपुरा ने शुक्रवार को त्रिपुरा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। ऐसी अटकलें हैं कि वह टिपरा मोथा से जुड़ सकते हैं। गोमती जिले के कारबुक से विधायक त्रिपुरा ने अपने त्यागपत्र में विधानसभा सदस्यता छोड़ने के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। विधानसभा अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती ने कहा, काबुक विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ने मुझसे भेंट की और व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना त्यागपत्र सौंपा। उनके साथ टिपरा मोथा के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा भी थे।

अध्यक्ष ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है क्योंकि उन्होंने प्रक्रिया का पालन किया है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा आज से ही विधानसभा के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनसे इस्तीफा नहीं देने का अनुरोध किया क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने जा रहा है, लेकिन उन्होंने सदस्यता छोड़ने की जिद की। इस इस्तीफे के बाद अब 60 सदस्ईय विधानसभा में सदस्यों की संख्या घटकर 58 रह गई है, क्योंकि आईपीएफटी के विधायक बृषकेतु देबबर्मा को पहले ही सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया था। टिपरा मोथा के प्रमुख ने कहा, बरबा मोहन त्रिपुरा ने विधायक एवं भाजपा के सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया है। वह किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी से जुड़े रहना नहीं चाहते हैं। वह त्रिपुरा की मूल जनजाति टिपरासा के हितों के लिए काम करना चाहते हैं। इस इस्तीफे के बाद भी माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार के पास विधानसभा में स्पष्ट बहुमत है। भाजपा के 35 विधायक हैं जबकि उसके सहयोगी आईपीएफटी के सात विधायक हैं। विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 17 और कांग्रेस के एक विधायक हैं।

## यात्रा के विश्राम वाले दिन केरल में कंटेनर कैम्प में हैं राहुलः रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन शुक्रवार को राहुल गांधी केरल के चालाकुडी में यात्रियों के लिए बने कंटेनर कैम्प में ही हैं। कुछ चैनलों और प्रिंट मीडिया के एक हिस्से में फर्जी खबर दी गई है। राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन आज कंटेनर कैम्प में ही हैं। भारत यात्रियों के लिए एक चिकित्सा शिविर लगाया गया है और राहुल गांधी आज आराम कर रहे हैं। मीडिया के एक हिस्से में ऐसी खबरें आई थीं कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी गहमागहमी के बीच राहुल गांधी 23 सितंबर को दिल्ली में होंगे। कांग्रेस की 3,570 किमी लंबी और 150 दिनों तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर में संपन्न होगी। भारत जोड़ो यात्रा 10 सितंबर की शाम को केरल पहुंची थी।

## न्यायपालिका में भरोसा मजबूतः अदालत के फैसले पर उद्धव नीत शिवसेना ने कहा

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने मध्य मुंबई में स्थित शिवाजी पार्क में वार्षिक दशहरा रैली निकालने की अनुमति देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका में उसका भरोसा और मजबूत हुआ है। फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी की प्रवक्ता मनीषा कायान्डे ने कहा कि इस साल की रैली भव्य होगी। उन्होंने दावा किया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर निश्चित ही कुछ दबाव रहा होगा, जिसके कारण उनसे अनुमति नहीं दी।

शिवसेना के सचिव विनायक राउत ने कहा, न्यायपालिका में हमारा भरोसा कायम रहा है। पिछले कई वर्षों से शिव तीर्थ (शिवसेना शिवाजी पार्क को यही कहती है) में दशहरा रैली हो रही है, लेकिन इस साल शिंदे गुट और भाजपा ने मिलकर बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। शुक्र है कि अदालत ने इसे खारिज कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट ने भी पांच अक्टूबर को शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करने की अनुमति मांगी थी।

हालांकि, बीएमसी ने दोनों गुटों को अनुमति देने से इंकार कर दिया और कहा कि किसी एक पक्ष को अनुमति देने से कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। न्यायमूर्ति आर. डी. धनुका और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना गुट और उसके सचिव अनिल देसाई की, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि बीएमसी का आदेश स्पष्ट रूप से कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। पीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना को दो से छह अक्टूबर तक शिवाजी पार्क का उपयोग करने की अनुमति दी है, लेकिन साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने को कहा है।



नादिया में दुर्गा पूजा के लिए तैयारी करते हुए कलाकार।

## जनवरी 20 से अगस्त 22 के बीच 27 नक्सली मारे गए, 1131 गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में जनवरी 2020 से लेकर पिछले महीने तक कुल 27 नक्सली मारे जा चुके हैं और।,131 अन्य गिरफ्तार हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2020 से अगस्त 2022 के बीच नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच कुल 108 मुठभेड़ हुईं और इस अवधि में 45 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों के मुताबिक, झारखंड में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में ए आंकड़े पेश किए गए। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं।राज्य में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) में गिरावट आने की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से आठ एलडब्ल्यूई मुक्त हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों, मसलन-बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ, सारंडा, पोदाहाट और चतरा-गया में 25 अग्रिम चौकियां या शिविर स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 15 अतिरिक्त चौकियां भी बनाई जा रही हैं। बैठक में सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नक्सलवाद प्रभावित इलाकों में पुलिस सुरक्षा के साथ शिविर स्थापित कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराएं।मुख्यमंत्री ने कहा, वहां बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे लोगों के बीच पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ेगी और नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। सोरेन ने कहा, सुरक्षाबलों को रोजमर्रा की जरूरी चीजें ग्रामीण इलाके में रह रहे लोगों से खरीदनी चाहिए। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा और उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने आपराधिक गतिविधियों में कमी लाने के लिए राज्य की सभी जेलों में सिग्नल जैमर लगाने के भी निर्देश दिए।

## सीबीआई, ईडी अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैंः नक्वी

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैं। नकवी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि जो लोग जांच एजेंसियों, अदालत, सरकार और व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, वे खुद सवालों से घिरे हुए हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि करप्शन के क्रान्तिकारियों, बेईमानी के बाहुबलियों का बुरा वक्त चल रहा है, इसलिए वे बौखलाहट में "बेबुनियाद बयानबहादुरे बन बैठे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैं। नकवी ने कहा, मदरसों और वक्फ के सर्वे पर सवाल करने वाले "सियासती साजिश के सूत्रधारे हैं। भय और भ्रम

## क्विक न्यूज

### 2,500 करोड़ रुपए के ड्रग जब्ती में पुलिस ने आठ के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के मादक द्रव्य रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने करीब 2,500 करोड़ रुपए मूल्य के मेफेड्रोन की जब्ती से संबंधित मामले मे आठ लोगो के खिलाफ यहां एक विशेष अदालत में शुक्रवार को आरोप-पत्र दायर किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस अधिनियम) के तहत स्थापित विशेष अदालत में 4,818 पन्नों का दस्तावेज दाखिल किया गया। आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था, जिन्हे मुंबई अपराध शाखा ने म्याऊंम्याऊं के नाम से चर्चित सिंथेटिक उत्तेजक मादक द्रव्य बनाने के आरोप मे गिरफ्तार किया है।

### आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कनाडा के गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लांडा और पाकिस्तान के गैंगस्टर हरविंदर सिंह रिंडा द्वारा संयुक्त रूप से संचालित पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पंजाब पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि लखबीर सिंह को हरविंदर सिंह का करीबी माना जाता है, जिसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के साथ हाथ मिलाया था और दोनों के आईएसआई के साथ घनिष्ठ संबंध है। लखबीर सिंह ने मई में मोहाली में पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमले की साजिश रचने में अहम भूमिका निभाई थी और अमृतसर में सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह की कार के नीचे एक आईईडी भी लगाया था।

### आईएस से जुड़े आरोपियों ने भारत में खलीफा शासन की स्थापना के लिए काम कियाः कर्नाटक पुलिस

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के शिवमोगा में इस सप्ताह की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) से प्रेरित संदिग्ध आतंकवादी देश मे खलीफा शासन की स्थापना और शरिया कानून लागू करना चाहते थे क्योंकि उनका मानना था कि भारत ने अभी तक अपनी स्वतंत्रता हासिल नही की है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक बी. एम. लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति देश मे इन विचारो को पूरा करने की दिशा मे काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा, उनकी (आरोपियो की) विचारधारा थी कि भारत ने अभी तक अपनी आजादी हासिल नही की है और देश को जो आजादी मिली है वह ब्रिटिश शासन से है। असली आजादी तब मिलेगी जब खलीफा शासन और उसके बाद शरिया कानून लागू होगा। उनके अनुसार इंजीनियर सैयद यासीन (21), इंजीनियरिंग के छात्र माज़ मुनीर अहमद (22) और शरीक (24) के खिलाफ 19 सितंबर को भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानो के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### जामताड़ा सीजन 2 हुआ जारी

**नोएडा।** नेटफ्लिक्स ने 23 सितंबर को जामताड़ा- सबका नंबर आएगा का सीज़न दो जारी किया है। बड़े साहसिक घोटालों और नए खतरों के साथए जो सामने आया उसका इंतजार अब खत्म हो गया है। जहां हम सनी, गुड़िया, ब्रजेश भान और रॉकी में अपने पसंदीदा पात्रों की प्रतीक्षा कर रहे थे, वहीं कुछ नए खिलाड़ी सीजन दो में प्रवेश कर रहे हैं।। उनमें से एक बेहद टैलेंटेड अभिनेत्री सीमा पाहवा भी हैं जोकि गंगा देवी का किरदार निभाने के लिये पूरी तरह तैयार हैं। बेहद ही जोड़.तोड़ करने वाली और शातिर राजनेत्री गंगा देवी चुनाव लड़ती नजर आएंगी और ब्रजेश भान को कड़ी टक्कर देंगी।

### न्यायालय ने भ्रष्टाचार मामले में बी एस एदियुरप्पा के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने एक निजी शिकायतकर्ता को उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें एदियुरप्पा तथा अन्य के खिलाफ शिकायत बहाली के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा, जहां तक याचिकाकर्ता की बात है तो कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सरकारी ठेका देने के लिए रिश्वत लेने के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एदियुरप्पा और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सात सितंबर को एक निजी शिकायत बहाल कर दी थी।

## डिस्कवरी मनाएगा द जर्नी ऑफ इंडिया के साथ भारत के 75 वर्षों का जश्न

**मुंबई।** जहां भारत अपनी स्वतंत्रता के 75वें साल में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी 10 अक्टूबर को अपनी नई सीरीज़ द जर्नी ऑफइंडिया के साथ देश की विरासत, नई खोज और मौजूदा चमत्कारों की ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने जा रहा है, जिसने देश की अभूतपूर्व प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। अतुल्य भारत का चेहरा एवं बॉलीवुड लेजेंड अमिताभ बच्चन इस सीरीज़ के सूत्रधार होंगे,जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों एवं नेताओं के योगदान से भारत की संस्कृति का ताना-बाना बुना गया है। अपनी तरह की इस अनूठी सीरीज़ में अलग-अलग विषयों को टटोला गया है, जो पिछले 75 वर्षों के दौरान देश की प्रगति, प्रभावों और उपलब्धियों में गहराई से झांकती है। इनमें विज्ञान और टेक्नोलॉजी में हमारी तरक्की से लेकर हमारे महत्वाकांक्षी एवं सफल अंतरिक्ष अभियान और सिनेमा की दुनिया तकए सबकुछ शामिल है, जो न सिर्फ हमारा मनोरंजन करती है। बल्कि हमें प्रेरित भी करती है। देश के कोने-कोने में पल रही आस्था की रोचक कहानियों से लेकर दुनिया भर में सराही जाने वाली हमारी विविध खानपान संस्कृति तकए पिछले 75 वर्षों में भारत ने धीरे.धीरे लेकिन समान रफ्तार से कदम बढ़ाए और वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस सीरीज़ में इतिहास से ली गई फुटेज के विशाल संग्रह के साथ.साथ जानी.मानी हस्तियों और विषय विशेषज्ञों की बातें भी शामिल की गई हैं। अर्जुन नोहवार जनरल मैनेजर साउथ एशिया वॉर्नर ब्रदर्सण् डिस्कवरी ने कहा कि जहां भारत आज़ादी के 75 वर्षों का उत्सव मना रहा है, वहीं यह यादगार नई सीरीज़ ऐसी अनोखी कहानियों को साकार करने की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

## नीट पीजी उम्मीदवारों को प्रेपलैडर देगा प्रशिक्षण

**मुंबई।** भारत के तेज़ी से विकसित होते ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक प्रेपलैडर ने मेडिकल साइन्स के पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवारों के लिए एक ऑफ्लाईन इंस्टीट्यूट युरोस पावर्ड बाय प्रेपलैडर के लॉन्च की घोषणा की है। न्युरोस में कंपनी नीट पीजी के उम्मीदवारों के लिए ऑफ लाईन रैपिड रिविज़न बूटकैम्प पेश करेगी। प्रोग्राम का संचालन बैचों में होगा, शुरूआत में कोलकाता में 10 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 के बीच और लखनऊ में 10 अक्टूबर से 8 नवम्बर के बीच बैच चलेंगे। रजिस्ट्रेशन 23 सितम्बर 2022 से शुरू कर दिए जाएंगे। 21 दिनों के इस हाइब्रिड रैपिड रिविज़न प्रोग्राम के माध्यम से, प्रेपलैडर आपने सभी मेडिकल पीजी छात्रों को लर्निंग का इंटरैक्टिव एवं पर्सनलाइज़्ड अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। दीपांश गोयल सह-संस्थापक एवं सीईओए प्रेपलैडर ने कहा कि हम हमेशा से छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयास करते हैं।

## अध्यक्ष ने विधानसभा की 200 से ज्यादा तदर्थ नियुक्तियां रद्द की, सचिव भी निलंबित

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने शुक्रवार को कड़ी कार्वाई करते हुए विधानसभा में नियम विरूद्ध की गईं 200 से ज्यादा तदर्थ नियुक्तियों को रद्द कर दिया। विधानसभा सचिव मुकेश सिंघल को भी उन्होंने उनकी संदिग्ध भूमिका के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। खंडूरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रद्द की गईं कुल 228 तदर्थ नियुक्तियों में वर्ष 2016 की 150 भर्तियां, 2020 की छह और 2021 की 72 नियुक्तियां शामिल हैं। निरस्त तदर्थ नियुक्तियां कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों के कार्यकाल के दौरान की गई थीं। वर्ष 2016 में कांग्रेस सरकार के समय गोविंद सिंह कुंजवाल विधानसभा अध्यक्ष थे जबकि उसके बाद भाजपा सरकार के समय प्रेम चंद्र अग्रवाल ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। अग्रवाल, वर्तमान पुष्कर सिंह धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। खंडूरी ने बताया कि नियुक्तियों को रद्द करने का फैसला हाल में विधानसभा में भर्तियों पर भाई भतीजावाद के लगे आरोपों के बीच गठित तीन सदस्ईय विशेषज्ञ समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। डीके कोटिया समिति ने अध्यक्ष को जांच रिपोर्ट बृहस्पतिवार देर रात सौंपी थी। इस संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने 20 दिन पहले विशेषज्ञ समिति गठित की थी, जिसने उन्हें निर्धारित एक माह से पहले ही जांच रिपोर्ट सौंप कर सराहनीय कार्य किया है। कुल 214 पृष्ठों की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए खंडूरी ने कहा कि समिति ने विधान सभा सचिवालय के रिकार्ड का परीक्षण करने पर 2016, 2020 तथा 2021 में की गईं तदर्थ नियुक्तियों में अनियमितताए पाई हैं और विभिन्न पदों के लिए हुई इन भर्तियों में निर्धारित नियमों का पालन न होने के चलते उन्हें निरस्त करने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि समिति ने तदर्थ नियुक्तियों को निरस्त करने के लिए जो कारण गिनाए हैं, उनमें नियुक्तियों को चयन समिति के माध्यम से न करना, भर्ती के लिए कोई विज्ञापन, सार्वजनिक सूचना या रोजगार कार्यालय से नाम न मंगाना, कोई प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन न करना और केवल व्यक्तिगत आवेदन पत्रों पर नियुक्ति देना शामिल हैं। खंडूरी ने कहा कि जांच समिति ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि नियुक्तियों में 2003 के उस शासनादेश का भी पालन नहीं किया गया जिसमें सरकार ने श्रेणी ग और घ के पदों पर तदर्थ या संविदा नियुक्तियों पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा, नियुक्तियों को निरस्त करने के अपने निर्णय के अनुमोदन के लिए मैं तत्काल राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज रही हूँ। अनुमोदन प्राप्त होते ही नियम विरूद्ध तदर्थ नियुक्तियां तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी। इसके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साल विधान सभा सचिवालय द्वारा 32 पदों पर सीधी भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा को भी रदद कर दिया गया है।

# लेस्टर में हिंसा के जिम्मेदारों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी: ब्रेवरमैन

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने लेस्टर में स्थानीय पुलिस अधिकारियों और हिंदू तथा मुस्लिम समुदाय के नेताओं से मुलाकात की और कहा कि हालिया हिंसक झड़पों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई की जाएगी।

बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के पूर्वी शहर की यात्रा के दौरान भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री को लेस्टरशाइर के पुलिस प्रमुख और स्थानीय मंदिरों तथा मस्जिदों के नेताओं ने गंभीर अव्यवस्थौ के बारे में जानकारी दी, जिसके परिणामस्वरूप 47 लोगों की गिरफ्तारी हुई। पिछले महीने के अंत में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद से शुरू हुआ तनाव इस सप्ताह के अंत तक जारी रहा। ब्रेवरमैन ने अपने दौरे के बाद ट्वीट किया, मैंने लेस्टरशाइर के पुलिस अधिकारियों, मुख्य कांस्टेबल और स्थानीय समुदाय के नेताओं से मुलाकात की, ताकि स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और लेस्टर में सुरक्षा और सद्भाव बहाल करने के लिए की जा रही कार्वाई पर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा,हम इस पर मिलकर काम करेंगे, और समुदायों तथा हमारी पुलिस के सहयोग लिए मैं वह सब कुछ करूंगी जो मैं कर सकती हूं। अव्यवस्था पैदा करने वालों को सख्त कानूनी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। हमें सुरक्षित रखने वाले सभी बहादुर पुलिस अधिकारियों को मैं धन्यवाद देती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में बर्मिंघम में एक मंदिर के बाहर नकाबपोश लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की खबरों के संदर्भ में, गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्थानीय वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस प्रमुख से भी बात की है और वहां की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मैंने आज वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुख्य कांस्टेबल डेव थॉम्पसन से भी बात की। मैं स्थिति की निगरानी करती रहूंगी और पुलिस को उसके विशिष्ट प्रबंधन के लिए धन्यवाद देती हूं। संघर्ष के पीछे चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए स्थानीय समुदाय और सांसदों की अपील के बाद गृह मंत्री ने यह हस्तक्षेप किया है। ब्रिटेन के हिंदुओं के सर्वदलीय सांसद समूह (एपीपीजी) के अध्यक्ष एवं कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रेवरमैन को लिखे अपने पत्र में कहा, ''ए लक्षित हमले इस्लामी चरमपंथियों द्वारा किए गए जिससे पूरे ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लिए भय, नुकसान और व्यवधान की स्थिति उत्पन्न हुई हैं। ब्रिटिश हिंदुओं की एपीपीजी के ही लॉर्ड डोलर पोपट ने भी पत्र लिखकर गृह मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने को कहा था। इससे पहले, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने ''लेस्टर में भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा और हिंदुओं के धार्मिक परिसरों को घेरने तथा धार्मिक प्रतीकों को तोड़नै की कड़ी निंदा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इसी सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में ब्रिटेन की अपनी समकक्ष तथा विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ एक बैठक के दौरान मुद्दे को उठाया था। इस बीच, लेस्टर सिटी के मेयर पीटर सोलस्बी ने सप्ताहांत की हिंसा के पीछे की परिस्थितियों की स्वतंत्र समीक्षा की योजना का संकेत दिया है।



न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएनजीए समिट में हिस्सा लेने पहुंचे

# रूस के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में चल रहा है जनमत संग्रह

**एपी।** कीव

**रूस** के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में शुक्रवार को जनमत संग्रह शुरू हुआ। इस जनमत संग्रह से यह निर्धारित होगा कि ए क्षेत्र रूस का अभिन्न हिस्सा बनेंगे अथवा नहीं। रूस से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

क्रेमलिन की योजना के अनुरूप कराए जा रहे इस जनमत संग्रह का यूक्रेन तथा पश्चिमी देशों ने व्यापक रूप से निंदा की है और इसे बिना किसी कानूनी बल के की गई कार्वाई करार दिया। जनमत संग्रह को रूस द्वारा क्षेत्र के कब्जे की ओर बढ़ाए गए एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है।मतदान लुहांस्क, आंशिक तौर पर रूस के कब्जे में आए जापोरिज्जिया और दोनेत्स्क क्षेत्र में रहा है। वहीं खेरसॉन में भी शुक्रवार को सुबह मतदान शुरू होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र पर भी रूस का पूरा कब्जा है।

यह निर्धारित करने के लिए मतदान हो रहा है कि लोग इन क्षेत्रों को रूस में शामिल किए जाने की इच्छा रखते हैं अथवा नहीं और माना जा रहा है कि परिणाम रूस के पक्ष में रहेंगे। इससे रूस को यह दावा करने का मौका मिलेगा कि क्षेत्रों पर पुन: कब्जा करने के यूक्रेनी बलों के प्रयास वास्तव में रूस पर हमला हैं। जनमत संग्रह से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 3,00,000 रिजर्विस्ट (आरक्षित सैनिक) की आंशिक तैनाती की घोषणा की थी। मतदान पांच दिन तक चलेगा। मतदान के बीच रूस के सोशल मीडिया मंच पर भावुक कर देने वाली तस्वीरों की बाढ़ आ गई। इन तस्वीरों में लोग सैन्य केन्द्रों के लिए रवाना होने वाले अपनों को गले लगाकर उन्हें विदाई देते नजर आए। देश के लगभग सभी शहरों से पुरुष रवाना होने से पहले भावुक हुए अपने परिजनों से गले मिलते और उन्हें सांत्वना देते नजर आए। रूस के युद्ध विरोधी कार्यकर्ताओं ने इन तैनाती के खिलाफ और प्रदर्शन करने की योजना तैयार की है। अधिकारियों ने बताया कि जनमत संग्रह के पहले चार दिन चुनाव अधिकारी लोगों के घरों पर मतपत्र लेकर जाएंगे और रिहायशी इमारतों के नजदीक हर अस्थाई मतदान स्थल बनाएंगे। दोनेत्स्क क्षेत्र के अलगाववादी नेता दानिश पुशिलिन ने इन जनमत संग्रह को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। रूस के संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा के स्पीकर वी वोलोडिन ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बयान में कब्जे वाले क्षेत्रों को संबोधित करते हुए कहा यदि आप रूसी संघ का हिस्सा बनने का फैसला करते हैं तो हम आपका समर्थन करेंगे।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के विशेषज्ञों ने यूक्रेन में युद्ध अपराध के सबूत होने की बात कही

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था द्वारा यूक्रेन में मानवाधिकारों के उल्लंघन का पता लगाने के लिए नियुक्त विशेषज्ञों के दल ने शुक्रवार को कहा कि उसकी शुरुआती पड़ताल में देश में युद्ध अपराध होने के सबूत मिले हैं।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा नियुक्त जांच आयोग के विशेषज्ञों ने अपनी पड़ताल में अभी तक चार क्षेत्रों- कीव, चेर्निहीव, खारकीव और सुमी पर ध्यान केंद्रित किया है। रूस के यूक्रेन पर हमले शुरू करने के करीब सात महीने बाद विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पूर्व में हिरासत में लिए गए लोगों से बातचीत का हवाला दिया है जिनके साथ रूस के निरुद्ध केंद्रों में मारपीट हुई, बिजली के झटके दिए गए और जबरन निर्वस्त्र किया गया। आयोग के अध्यक्ष एरिक मूज ने कहा, हमने जिन क्षेत्रों का दौरा किया वहां बड़ी संख्या में लोगों को मारे जाने का पता चला। आयोग इस समय 16 शहरों और बस्तियों में इस तरह की हत्याओं के मामलों की जांच कर रहा है। मूज ने कहा कि उनके दल को हत्याओं के और भी कई मामलों के प्रामाणिक आरोपों की जानकारी मिली है और उन्हें दर्ज किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं ने 27 शहरों और बस्तियों तथा कब्रिस्तानों एवं प्रताड़ना केंद्रों का दौरा किया, 150 से अधिक पीड़ितों और गवाहों से बातचीत की और सामाजिक समूहों तथा सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। मूज ने कहा, आयोग द्वारा संकलित सबूतों के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया है कि यूक्रेन में युद्ध अपराध हुए हैं। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि युद्ध में किस पक्ष ने कथित अपराध किए हैं। मूज ने कहा कि टीम ने यूक्रेनी बलों द्वारा रूस के जवानों के खिलाफ बदसलूकी की दो घटनाओं का भी अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि रूस के जवानों द्वारा 4 से 82 साल के लोगों के साथ यौन या लैंगिक अपराध करने का भी पता चला है और इन जवानों की संख्या स्पष्ट नहीं है।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन जारी, सरकारी टेलीविजन ने मृतकों की संख्या 26 बताई

**एपी।** दुबई

**पुलिस** हिरासत में एक युवती की मौत के बाद शुक्रवार की सुबह पूरे ईरान में प्रदर्शनकारी सुरक्षाबलों के साथ भिड़ गए। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि हिंसा में मरने वालों की संख्या 26 तक हो सकती है। देश की महिलाएं इस्लामिक ड्रेस कोड के खिलाफ सड़कों पर उतर आई हैं। कई ईरानी शहरों और कस्बों में विरोध का स्तर स्पष्ट नहीं है। यह आंदोलन 2019 के आंदोलन के बाद व्यापक अशांति को दर्शाता है। मानवाधिकार समूहों ने 2019 में हुए आंदोलन के बारे में कहा था कि कि इसमें सैकड़ों लोग मारे गए। इंटरनेट पर नजर रखने वाले नेटब्लॉक्स के अनुसार, ईरान ने इंटरनेट तक पहुंच को भी बाधित कर दिया है। रैलियों के आयोजन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया मंचों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकारी टेलीविजन पर एक समाचारवाचक ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि 22 वर्षीय महसा अमिनी के अंतिम संस्कार के पश्चात पिछले शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के बाद से 26 प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़े बाद में जारी किए जाएंगे, लेकिन बीते समय में हुईं घटनाओं में ईरान सरकार ने मरने वालों की संख्या आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की है। सरकारी और अर्ध-सरकारी मीडिया के बयानों के आधार पर द एसोसिएटेड प्रेस के एक आंकड़े के अनुसार हिंसा में कम से कम 11 लोग मारे गए हैं।हाल में, काज़विन के डिप्टी गवर्नर अबोलहसन कबीरी ने कहा था कि उत्तर-पश्चिमी प्रांत के दो शहरों में हुई हिंसा में एक आम नागरिक और अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी की मौत हो गई। ईरान में मौजूदा हिंसा उत्तर-पश्चिमी कुर्द शहर की युवती अमिनी की मौत के बाद शुरू हुई, जिसे पिछले हफ्ते तेहरान में देश की नैतिकता पुलिस ने सख्त ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसकी मृत्यु पर पश्चिमी देशों और संयुक्त राष्ट्र ने ईरान की तीखी निंदा की है।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Ram Wati is attorney holder of Property bearing no. 66A, (portion of plot on. 66) area measuring 50 sq. yds. out of khasra no. 692/586, situated in the area of village. Sultanpur Mazra in Raj Park colony, near Nangloi Delhi vide Notarized GPA, ATS dated 12.06.1985 executed by Mrs. Kalasho Devi and Now, Mrs. Ram Wati is intending to gift the above said property to Mr. Yoginder Vats, Mr. Dinesh Vats and Further, Mr. Yoginder Vats, Mr. Dinesh Vats are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# ब्याज दरों में वृद्धि से वैश्विक बाजारों में बिकवाली, सेंसेक्स 1,020 अंक लुढ़का

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स।,000 अंक से अधिक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 17,350 अंक के नीचे बंद हुआ। कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के कारण वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजारों में गिरावट आई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए के पहली बार 81 प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने से भी स्थानीय शेयर बाजार प्रभावित हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स।,020.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,098.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,137.77 अंक तक गिर गया था।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 302.45 अंक यानी 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,327.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड के शेयर में सबसे अधिक 7.93 प्रतिशत की गिरावट हुई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ केवल सन फार्मा, टाटा स्टील और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका के दस वर्षीय बॉन्ड ईल्ड में वृद्धि और मजबूत डॉलर सूचकांक ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) को उभरते बाजारों में बिकवाली के लिए मजबूर किया'' उन्होंने कहा, ''बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कमी, कमजोर घरेलू मुद्रा और मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन ने छोटी अवधि के लिए बाजार परिदृश्य में मंदी की आशंका पैदा कर दी है'' नायर ने कहा, ''कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति में आक्रामक रूख अपनाने से वैश्विक आर्थिक वृद्धि मंदी की स्थिति में हैं, जबकि भारत वर्तमान में ऋण वृद्धि में तेजी और कर संग्रह में बढ़ोतरी के साथ बेहतर स्थिति में है। मौजूदा अस्थिरता कुछ समय के लिए बनी रह सकती है। निवेशक तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक कि स्थिति कुछ स्पष्ट न हो जाए'' साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 741.87 अंक या 1.26 प्रतिशत तथा निफ्टी में 203.50 अंक या 1.16 प्रतिशत की गिरावट आई है। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि घरेलू इक्विटी बाजारों में मुख्य रूप से विदेशी बाजारों और विशेष रूप से अमेरिका के घटनाक्रम के मद्देनजर कम कारोबार हुआ। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 2.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.92 प्रतिशत लुढ़क गया।

अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन और स्विटजरलैंड सहित अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.87 प्रतिशत गिरकर 88.77 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 2,509.55 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## सेंसेक्स में गिरावट से निवेशकों की संपति 4.90 लाख करोड़ रुपए घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को आई बड़ी गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 4.90 लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स।,020.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,098.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,137.77 अंक तक गिर गया था। इसी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,90,162.55 करोड़ रुपए घटकर 2,76,64,566.79 करोड़ रुपए रह गया। शेयर बाजार में यह लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है और इस दौरान बीएसई सूचकांक।,620.82 अंक यानी 2.71 प्रतिशत लुढ़क गया है। पिछले तीन दिनों में निवेशकों की संपत्ति 6,77,646.74 करोड़ रुपए घटी है।

**SBFC**
**SBFC FINANCE PVT.LTD.**
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)
Unit No. 103, First Floor C & B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai -400059 |Telephone: +91 22 - 67875300 | Fax: +91 22 67875334 |
www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**
एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि. की शाखा तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित/अधिसूचित किया जाता है। 23.12.2022 से प्रभावी।
**यहां से:** एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि. टीए-95, पहली मंजिल, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019
**के लिए:** एसबीएफसी फाइनेंस प्रा. लि. ए-86, पहली मंजिल, अर्जुन नगर, भीष्म पितामह मार्ग, डिफेन्स कॉलोनी के सामने, नई दिल्ली-110003
अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें- एसबीएफसी फाइनेंस प्रा.लि.
Phone: 9871627604

**सार्वजनिक सूचना**
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सचिन कुमार पुत्र श्री जय किशन, उक्त संपत्ति प्लाट क्षेत्रफल 40 वर्ग गज यानी 33.45 वर्ग मीटर, खसरा न० 1420 मिन, स्थित मोहल्ला गढ़ी पिलखुवा, परगना डासना, तहसील धौलाना, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश का दान विलेख दिनांक 22.08.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 10054 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और जय किशन की पुत्री श्रीमती मेघा को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्री सचिन कुमार उपरोक्त सम्पति को बेचे व बंधक करे।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large **Mr. Sanjeev Kumar** who is purchasing the **Entire First floor, without terrace rights, RHS, area measuring 75 sq. yds, built on Property No.161/21, area measuring 150 sq. yds, out of Khasar No.93, Situated at Govindpuri, Kalka Ji, New Delhi** from **Mrs. Amarjit Kaur** who had owner through **Notarized Sale Deed dated 24.06.1970,** and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.**
If any Person having any type of claim/ right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1) MAH_SUPMAXITRK REG. NO. HR38Y1094-YOM -2018
2) TATAMOTORS_TACEGOLD REG. NO. DL1LAE2451-YOM-2020
3) TATAMOTORS_LPT1109T REG. NO. UP40T2689-YOM -2012
4) TATAMOTORS_TACEGOLD REG.NO. DL1LAE8982-YOM -2021
5) MAH_BOL_MT_BS4 REG. NO. DL1LAE6889-YOM-2021
6) TATAMOTORS_INTRA_V30 REG. NO. UP16HT1069-YOM-2021
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 5 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT :ABHINAV LAL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 7798988481 E-MAIL –abhinav.lal@kotak.com

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given on behalf of **Mr. Gulshan Kumar Ahuja** S/o late Mr. Durga Das Ahuja, 2) **Mrs. Kiran Ahuja** W/o Mr. Gulshan Kumar Ahuja, 3) **Mr. Manik Ahuja** S/o Mr. Gulshan Kumar Ahuja & 4) **Mrs. Geetanjali Saraf** W/o Mr. Manik Ahuja who are purchasing **THIRD FLOOR WITHOUT ROOF RIGHTS BUILT ON PLOT NO. 18, AREA MEASURING 520.26 SQ. YRDS. from Mr. Sanjay Kumar Chaudhary** S/o Late Mr. Prakash Chand (Developer) vide **Reg. Collaboration Agreement dated 27.05.2021 & Mr. Ganesh Dubey** S/o Mr. Kalhat Dubey and Mrs. Chandrawati Dubey w/o Mr. Ganesh Dubey (land owners) who are the owners of the said property by virtue of sale deed **28.02.1992** and The borrower(s) intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the Two Sale Deeds i.e. Sale Deed dated 06.01.1989 (vide Doc. No.8441) & Sale Deed dated 28.02.1992 (Vide Doc. No.86950 are Lost/Misplaced and an e-FIR has lodged on dated 24.06.2022 with LR No. **529266/2022.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 07 days of this publication.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

# ईएसआईसी योजना से जुलाई में 15.72 लाख नए अंशधारक जुड़े

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना से जुलाई, 2022 में लगभग 15.72 लाख नए अंशधारक जुड़े। आधिकारिक आंकड़ों में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। भारत में पे-रोल रिपोर्टिंग- रोजगार परिदृश्य -जुलाई-2022 शीर्षक से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की योजना से वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1.49 करोड़ अंशधारक जुड़े। यह आंकड़ा 2020-21 में 1.15 करोड़, 2019-20 में 1.51 करोड़ और 2018-19 में 1.49 करोड़ था। ईएसआईसी की योजनाओं में सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 तक लगभग 83.35 लाख अंशधारक शामिल हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सितंबर, 2017 से जुलाई, 2022 तक ईएसआईसी की योजना से कुल 7.08 करोड़ अंशधारक जुड़े। एनएसओ की रिपोर्ट ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल होने वाले नए सदस्यों के आंकड़ों पर आधारित हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2022 में ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या 18.23 लाख थी। इसके मुताबिक, सितंबर, 2017 से जुलाई, 2022 तक लगभग 5.7 करोड़ (सकल) नए अंशधारक कर्मचारी भविष्य निधि योजना में शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अंशधारकों की संख्या विभिन्न स्रोतों से मिलने की वजह से इनमें दोहराव की संभावना रहती है।

# अर्थशास्त्रियों की राय, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत वृद्धि कर सकता है रिजर्व बैंक

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास मौजूदा हालात में नीतिगत दर में अगले हफ्ते 0.50 प्रतिशत की एक और वृद्धि करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं रह गया है और दिसंबर तक रेपो दर को 6.25 प्रतिशत तक ले जाया जा सकता है। यह बात अर्थशास्त्रियों ने कही। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 28 सितंबर से शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा 30 सितंबर को पेश की जाएगी। विभिन्न बैंकों एवं विश्लेषक फर्मों से जुड़े अर्थशास्त्रियों की आम राय है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति निर्धारण समिति (एमपीसी) 30 सितंबर को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला कर सकती है। ऐसा होने पर रेपो दर बढ़कर 5.90 प्रतिशत हो जाएगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के समूह मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने एक नोट में कहा कि मौजूदा विदेशी झटकों को देखते हुए रेपो दर में आधा प्रतिशत की वृद्धि होना तय लग रहा है। उन्होंने कहा, हमारा मत है कि रेपो दर में वृद्धि का दौर इसे 6.25 प्रतिशत तक ले जा सकता है। दिसंबर में होने वाली नीतिगत समीक्षा में इसमें 0.35 प्रतिशत की एक और वृद्धि होने की संभावना है। आरबीआई ने बढ़ती हुई मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए गत मई से रेपो दर में वृद्धि का रुख अपनाया हुआ है। इस दौरान रेपो दर चार प्रतिशत से बढ़कर 5.40 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री तन्वी गुप्ता जैन ने भी रेपो दर में वृद्धि का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि अगले सप्ताह एमपीसी की बैठक में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने दिसंबर तक रेपो दर के बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो जाने की भी संभावना जताई। बार्कलेज इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री राहुल बजोरिया ने भी एमपीसी की बैठक में आधा प्रतिशत दर वृद्धि की संभावना जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक जिंस कीमतों के उंचा रहने की स्थिति में नीतिगत दर बढ़कर 6.75 प्रतिशत तक जा सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने भी कहा विदेशी मुद्रा बाजार में हाल के घटनाक्रम से एमपीसी को ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य बाजारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए आरबीआई की एमपीसी के सामने नीतिगत दर में वृद्धि के अलावा कोई रास्ता नहीं दिख रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। एक फ्रीहोल्ड आवासीय मकान रकबा 147.86 वर्ग गज यानि 123.63 वर्ग मीटर, संबधित खसरा नं०-1251 स्थित ग्राम बेगमाबाद बुदाना, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद, उ० प्र० उक्त मकान की श्रीमती अलका पत्नी श्री सुरेन्द्र कमार बनामे के द्वारा मालिक है उक्त मकान का एक मुख्तयारनामा जोकि श्री सुधीर कुमार के नाम पर दिनांक 09.03.2011 को हुआ था व एक बैनामा जो कि श्री माहीधर प्रसाद व कमला देवी के नाम पर दिनांक 14.03.2012 को हुआ था जिसका बही न. 1, जिल्द नं. 5111, पेज न. 151/174, क्रमांक 3280 सब रजिस्ट्रार – मोदीनगर के यहाँ दर्ज होकर हुआ था कही खो गये है तथा इस संबंध में एक सूचना पहले से ही आनलाईन पुलिस विभाग में दायर की गई है।
यदि किसी व्यक्ति, सरकारी, गैर-सरकारी (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या शुभम हाउसिंग डवलपमेन्ट फाईनेन्स कम्पनी लि० बिल्डिंग न०-17, सैकिण्ड फलोर, संजय नगर डिस्टीक सैन्टर, संजय नगर गाजियाबाद – 201002 को लिखित में आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।
**अरूण गोस्वामी (एडवोकेट)**
चैम्बर नं० 119, प्रथम तल, मेन रोड, तहसील कम्पाउद, गाजियाबाद मो. 9997806112

**समक्ष ऋण वसूली न्यायाधिकरण III, नई दिल्ली**
**चौथी मंजिल जीवन तारा बिल्डिंग**
**पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली: 110001**
**ओ.ए. नंबर 1076/2019/डीआरटी- III**
**कोटक महिंद्रा बैंक** .... आवेदक
बनाम
**हिमांशु कुमार वर्मा आदि** ........विपक्षी

| | |
|---|---|
| विपक्षी सं. 1 | श्री हिमांशु कुमार वर्मा, माकन नंबर 95, अवतार एन्क्लेव, पश्चिम विहार, संत निरंकारी स्कूल के पास, नई दिल्ली– 110063 अतिरिक्त पता: कुंदन ट्रेडर्स, सी–49, मेन मार्केट, नाहरपुर, सेक्टर–7, रोहिणी, नई दिल्ली–110063 |
| विपक्षी सं. 2 | पूजा कुमारी, माकन नंबर 95, अवतार एन्क्लेव, पश्चिम विहार, संत निरंकारी स्कूल के पास, नई दिल्ली– 110063 अतिरिक्त पता: कुंदन ट्रेडर्स, सी–49, मेन मार्केट, नाहरपुर, सेक्टर–7, रोहिणी, नई दिल्ली–110063 |

जबकि उपरोक्त नामित आवेदक ने आपके खिलाफ एक मामला स्थापित किया है और जबकि ट्रिब्यूनल की संतुष्टि के लिए यह दिखाया गया है कि सामान्य तरीके से आप पर तामीला करना संभव नहीं है।
अत: यह नोटिस विज्ञापन द्वारा आपको इस अधिकरण में 09.11.2022 पूर्वाह्न 10.30 बजे उपस्थित होने का निर्देश देते हुए दिया गया है।
ध्यान दें कि इस ट्रिब्यूनल के समक्ष उपरोक्त दिन पर उपस्थित होने में आपकी विफलता के मामले में, आपकी अनुपस्थिति में मामले की सुनवाई और निर्णय लिया जाएगा।
चल रही महामारी की स्थिति के कारण सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उठाया जाएगा और उस उद्देश्य के लिए:–
(I) सभी अधिवक्ता/वादी सिस्को वीबेक्स एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;
(II) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी–I/और रिकवरी अधिकारी–II द्वारा लिए जाने वाले मामलों की सुनवाई की अगली तारीख के लिए मीटिंग आईडी और पासवर्ड अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी आधिकारिक पोर्टल यानी drt.gov.in पर उपलब्ध होगा। सार्वजनिक सूचना प्रमुख।
(III) किसी भी अत्यावश्यकता में, अधिवक्ता/वादी संबंधित अधिकारी से Ph. No. 23748469 पर संपर्क कर सकते हैं।
20 सितंबर 2022 को दिन इस न्यायाधिकरण के मेरे हाथ और मुहर के नीचे दिया गया।
**न्यायाधिकरण द्वारा आदेशित**

# कलेक्ट्रेट परिसर में नमाज पढ़ने पर लगी रोक

● **कुछ संगठनों की आपत्ति के बाद प्रशासन ने लिया फैसला**

भाषा। बलिया

**प्रदेश के** बलिया जिले में जिला प्रशासन ने कुछ हिन्दूवादी संगठनों की आपत्ति पर कलेक्ट्रेट परिसर में नमाज अदा करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता भवन के पास सरकारी भूमि पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत कर्मचारी और वकील नमाज अदा करते थे। पहले नमाज पढ़ने वालों की संख्या लगभग 25 होती थी, लेकिन पिछले कुछ समय से पास के मुहल्ले के लोगों के भी इसी स्थान पर नमाज अदा करने की वजह से यह संख्या तकरीबन 300 हो गई थी।

उन्होंने बताया कि हिंदूवादी संगठनों की तरफ से एक सप्ताह पहले ट्वीट कर सरकारी भूमि पर सार्वजनिक रूप से नमाज अदा करने को लेकर शिकायत की गई थी। कलेक्ट्रेट कर्मियों के अलावा अन्य लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर भी आपत्ति जताई गई थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने नमाज अदा करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है और अब जिला प्रशासन की लिखित अनुमति के बाद ही इस स्थान पर नमाज अदा की जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 में एक आदेश जारी कर सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई थी।

## बेली अस्पताल के डेंगू वार्ड में महिला का नमाज पढ़ते वीडियो वायरल

**प्रयागराज (भाषा)।** सार्वजनिक स्थल पर नमाज पढ़ने का एक मामला यहां के बेली अस्पताल में सामने आया है। तेज बहादुर सप्रू अस्पताल (बेली अस्पताल) में एक महिला द्वारा नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन सख्त हो गया है। बेली अस्पताल के अधीक्षक डाक्टर एम के अखौरी ने बताया कि बृहस्पतिवार को डेंगू वार्ड में भर्ती महिला शाहीन की तीमारदार सबीहा उससे मिलने आई थी और दोपहर में अचानक वह उसी वार्ड में नमाज पढ़ने बैठ गई। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने महिला द्वारा नमाज पढ़ने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और कुछ ही देर में अस्पताल प्रशासन के लोग वहां पहुंचे और महिला को ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी। डाक्टर अखौरी ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है जो इस घटना का समय और वार्ड में मौजूद लोगों का पता लगाएगा।

## हिंदू महिला को ईसाई बनाने का प्रयास, मिशनरी स्कूल की दो शिक्षिकाएं हिरासत में

भाषा। संभल

**उत्तर प्रदेश** के संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र में एक हिंदू महिला को कथित तौर पर ईसाई बनाने की कोशिश करने के आरोप में शुक्रवार को एक मिशनरी स्कूल की दो शिक्षिकाओं को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नखासा थाना क्षेत्र के सिरसा नाल गांव में पिछली 21 सितंबर को मिशनरी से संचालित सीडीएम जूनियर हाईस्कूल की शिक्षिकाओं–सिस्टर रेज मेरी और सिस्टर डीसा ने एक हिंदू परिवार के धर्मांतरण की कोशिश की। इस दौरान हिंदू देवी–देवताओं के चित्र को जलाया गया। उन्होंने बताया कि धर्मांतरण की कोशिश का आरोप लगाने वाली सुनीता नामक महिला का पति ईसाई है। मिश्रा के मुताबिक, इस मामले में सुनीता की तहरीर पर मिशनरी स्कूल की सिस्टर रेज मेरी और सिस्टर डीसा के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अवैध धर्मांतरण रोधी कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया।

## इलियासी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपिता डर की वजह से बोला है : बर्क

**संभल (भाषा)।** समाजवादी पार्टी के स्थानीय सांसद डा शफीक उर रहमान बर्क ने शुक्रवार को कहा कि इमाम संघ के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को डर की वजह से या खौफजदा होकर राष्ट्रपिता बोला है। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए बर्क ने कहा, अखिल भारतीय इमाम संघ के प्रमुख उमर अहमद इलियासी द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपिता नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने डर की वजह से या खौफजदा होकर यह लफ्ज़ बोला है। उन्होंने कहा, वे (भागवत) भी एक ईसान है, एक संगठन के संचालक हैं, वो अपनी जगह हैं। उनकी इज्जत के लिए ऐसा शब्द इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, जो उनके लिए इस्तेमाल नहीं होता हो।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया था, और ऑल इंडिया इमाम संगठन के प्रमुख के साथ चर्चा की। इमाम संगठन के प्रमुख ने दोनों की मुलाकात के बाद भागवत को राष्ट्रपिता कहा था।

# धोखाधड़ी से बचाने के लिए ग्राहक जागरूकता अभियान शुरू

संवाददाता। बांदा



**डिजिटल बैंकिंग** और पेमेंट से मिलने वाली सुविधा व आसानी के साथ ही लोगों को अपनी मेहनत की कमाई की रक्षा के मामले में भी सतर्क रहना जरूरी है नए युग की बैंकिंग में भरोसा स्थापित करने के प्रयासों के तहत उत्तर प्रदेश में विशाल पहुंच के साथ फिनो पेमेंट्स बैंक ने एक ग्राहक जागरूकता अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है।

बांदा में जागरूकता अभियान सचिन कुमार जोनल हेड रजनीश श्रीवास्तव रीजनल हेड रोहित सिंह क्लस्टर हेड ने सभी का खाता धारकों को सावधान किया कि आप लोग मोबाइल पर किसी को अपनी पूरी सूचनाएं ना दे, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड , ओटीपी आदि मत बताएं। साइबर क्राइम में बहुत बड़ा फ्रॉड हो रहा है बहुत सारे लोग आपके व्हाट्सएप में लिंक भेजते हैं मेल में लिंक भेजते हैं यदि आप उनके लिंग को अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर लेते हैं तो फिर वह आपके और बहुत सारी चीजें आपके मोबाइल से चेक कर लेते हैं आपका मोबाइल उनके हिसाब से काम करने लगेगा उन्हें आप की चीजें दिखने लगेगी इसलिए आप कभी भी मोबाइल में आए हुए लिंक को न क्लिक करें। अननोन व्यक्ति या वह आपके बैंक का ही एम्पलाई बनकर आपको सूचनाएं मांगता है तो आप उसको कतई शेयर ना करें ।

सचिन कुमार ने कहा हमारे पास मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय है हालांकि जहां एक तरफ हम विनिमय का ख्याल रखते हैं वहीं दूसरी तरफ हम राज्य में आम जनता मार्केट के नेटवर्क और बीसी शखियो से आग्रह करते हैं कि वह भी जालसाजी को संवेदनशील जानकारी चुराने और लोगों को वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए सुरक्षित बैंकिंग की विधियों का पालन करें। रजनीश श्रीवास्तव रीजनल हेड फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा इस बात को समझाने के लिए, हम विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जैसे एस एम एस मेल वेबसाइट आदि के द्वारा अपने ग्राहकों और मार्कशीट के साथ लगातार संचार कर रहे हैं हम सभी से आग्रह करते हैं कि वह अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी पिन खाता संख्या या कोई अन्य जानकारी किसी को भी ना दें

## संभल में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**संभल ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल जाते समय एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने शुक्रवार को बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने आज सुबह पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री से स्कूल जाते समय सालिम नाम का युवक छेड़छाड़ करता है और पीछा करता है। एएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर भारतीय दंड विधान की धारा 354 डी और पाक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। बांदा

**जिलाधिकारी अनुराग** पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी दुर्गापूजा, दशहरा, बाराबफात व अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्ण एवं कुशलता पूर्वक तथा आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परम्परागत रूप से जो कार्यक्रम व जुलूस आदि आयोजित किये जाते रहे हैं, उसी अनुरूप शान्तिपूर्णढंग से कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जुलूस के मार्गों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक कर लें तथा उन्हें समय से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से सम्पर्क करते हुए कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के लिए तय किये गये रूट को भी देख लिया जाए तथा विसर्जन स्थानों पर लाइट एवं साफसफाई के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने त्यौहारों के अवसर पर पुलिस अधिकारियों को व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंताओं को निर्देशित किया कि त्यौहारों के अवसर पर समुचित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ जर्जर विद्युत के तारों व यदि कोई विद्युत पोल खराब हो तो उसको तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा के कारण जहां कहीं सड़क में गड्ढे हो गये हैं उनकी मरम्मत कराकर ठीक किया जाए तथा जल संस्थान द्वारा पेयजल की नियमित आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पूजा पंडालों सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश दिये उन्होंने दुर्गा पूजा पण्डालों के पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि त्यौहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से मनाये जाने हेतु अपने वालेन्टियर्स भी लगायें तथा पार्किंग आदि कि व्यवस्था भी सड़क से हटकर कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने शान्ति समिति के पदाधिकारियों से त्यौहारों को शान्तिपूर्णढंग से मनाये जाने हेतु उनके सुझावों को आमंत्रित करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी विध्रा उमाकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक निवास मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे एवं शान्ति समिति के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## पूर्व भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी की जमानत याचिका पर जवाब तलब

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता श्रीकांत त्यागी की जमानती अर्जी पर अपर शासकीय अधिवक्ता से तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने श्रीकांत त्यागी की जमानत की अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 17 अक्टूबर तय की। उल्लेखनीय है कि एक सोसाइटी के आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर कहासुनी के दौरान एक महिला को कथित तौर पर गाली देने और उसके साथ हाथापाई करने के लिए नोएडा पुलिस ने त्यागी को नौ अगस्त को गिरफ्तार किया था।

## छात्रा के स्कूल में बंद रह जाने के मामले में दो शिक्षक निलंबित

**संभल (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के धनारी पट्टी बालू पट्टी गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में गत मंगलवार को सात साल की एक छात्रा के रात भर स्कूल के एक कमरे मे बंद रहने के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ी कार्यवाही करते हुए दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) चंद्र शेखर ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राथमिक विद्यालय धनारी पट्टी बालू पट्टी में पिछली 20 सितंबर को एक छात्रा स्कूलकर्मियों की लापरवाही से रात भर स्कूल में बंद रह गई थी और अगली सुबह स्कूल खुलने पर इसका पता लगा था। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह द्वारा इस मामले मे जांच रिपोर्ट मे कहा गया है कि सहायक अध्यापक ब्रज पाल सिंह और सत्यपाल सिंह ने छुट्टी के बाद स्कूल के हर कमरे का निरीक्षण नही किया जिससे बच्ची स्कूल में ही रह गई, लिहाजा प्रथम दृष्टया लापरवाही के चलते दोनो को आज निलंबित किया गया है। बीएसए ने बताया कि इसी स्कूल के प्रधान अध्यापक भगवान सिंह उस घटना के दिन प्रशिक्षण पर गए थे लेकिन ग्रामीणों से उनकी बहुत शिकायतें मिली थी, इसीलिए उन्हें भी निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इसी विद्यालय के शिक्षा मित्र भरत सिंह पिछले तीन माह से बिना सूचना के अनुपस्थित है, लिहाजा प्रशासन से उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की गई है।

## किशोरी को अगवा कर बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी (16) को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 16 सितंबर को अपनी छोटी बहन के साथ कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार ने दोनो लड़कियो को अगवा कर लिया और दिल्ली ले जाकर 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र कुमार को बुधवार को सुरेमनपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि किशोरी की चिकित्सकीय जांच करवाई जा रही है।

## झूठी शान की खातिर हत्या के जुर्म में माता-पिता, दो भाइयों को सुनाई गई फांसी की सजा

**बदायूं (उत्तर प्रदेश)।** बदायूं जिले की एक अदालत ने झूठी शान की खातिर हत्या के एक मामले मे लड़की के माता-पिता और उनके दो बेटो को फांसी की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 14 मई 2017 को वजीरगंज थाना क्षेत्र के उरैना गांव के निवासी पप्पू सिंह ने गांव के रहने वाले किशनपाल, उसकी पत्नी जलधारा और बेटो विजय पाल, रामवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। चारो पर आरोप था कि उन्होने प्रेम संबंधो के चलते पप्पू सिंह के पुत्र गोविंद (24 वर्ष) तथा किशनलाल की पुत्री (22 वर्ष) की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। अभियोजन के मुताबिक, गोविंद और आशा के परिजन ने उन्हे मिलने के लिए मना किया था। दबाव बढ़ने पर दोनो दिल्ली चले गए थे। फिर किशनलाल ने शादी का झांसा देकर उन्हें वापस गांव बुलाया और बातचीत के दौरान पीछे से गोविंद के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। जब आशा ने उसे बचाने की कोशिश तो चारो ने मिलकर उसे भी कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। पुलिस ने किशनलाल को वारदात के दिन जबकि बाकी तीन आरोपियो को दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था। जिला न्यायधीश पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार देर रात दोनों पक्षो को सुनने के बाद विजयपाल, रामवीर, किशनपाल और उसकी पत्नी जलधारा को फांसी की सजा सुनाई।

## बारिश के बीच टकराई चार गाड़ियां, सिपाही की मौत, छह घायल

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को बारिश के बीच चार तेज रफ्तार गाड़ियों के आपस मे टकरा जाने से एक सिपाही की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बताया कि सहारनपुर-बिहारीगढ़-दून राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहंड के पास तेज वर्षा के बीच चार वाहन आपस मे टकरा गए। राय के मुताबिक, हादसे में दो कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं और मोटरसाइकिल सवार सिपाही जवाहर सिंह तोमर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तोमर उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मंगलौर थाने में तैनात थे और उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। राय के अनुसार, इस हादसे के शिकार अन्य वाहनों पर सवार छह लोग जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे से राजमार्ग जाम हो गया और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद रास्ता खुलवाया।

## मवेशी चोर गैंग का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**गोंडा।** कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मवेशी चोर गैंग का भंडाफोड़ कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पड़िया व जामातलाशी के दौरान एक नाजायज चाकू बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि रामनेवाज पाण्डेय निवासी रेरुआ अपने मवेशी चोरी होने का मामला गुरुवार को करनैलगंज थाने में पंजीकृत कराया था। तभी से पुलिस टीम मवेशी चोरी की घटना के अनावरण में लगी थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व उपनिरीक्षक वीरेंद्र बहादुर राय ने पुलिस टीम के साथ ग्राम परसा गोड़री घीपुरवा के ईदगाह के बगल स्थित बाग से घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मवेशी पड़िया को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों में खलील पुत्र शौकत, समीर पुत्र शौकत, सकील पुत्र शौकत, चिनकी पुत्र शौकत निवासीगण हैदराबाद थाना परशरामपुर जनपद बस्ती, राहुल मिश्रा पुत्र राम बिहारी मिश्रा निवासी मिश्रौलिया थाना नवाबगंज, मुन्ना पुत्र इकबाल निवासी नई बाजार थाना करनैलगंज गोंडा शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



बैठक करते डीएम डॉ. उज्जवल कुमार

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को समय से लक्ष्य पूर्ति के निर्देश देते हुए प्रवर्तन गतिविधियां बढ़ाने की अपेक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर प्रभावी रोकथाम लगाने व भू-माफियाओंध्खनन माफियाओं की चिन्हींकरण कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाय, तथा सार्वजनिक भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए गये। जिन संग्रह अमीनों द्वारा मानक के सापेक्ष अधिक वसूली की गई है, उन्हें प्रशस्ति पत्र देने के साथ-साथ खराब वसूली वाले अमीनों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये गये। पुराने वादों के निस्तारण की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक होने पर एसडीएम, तहसीलदारों को चेतावनी के साथ उन्हें अधिक से अधिक वादों का निस्तारण समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिला अधिकारी सदर गोंडा विनोद कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, उप जिलाधिकारी मनकापुर आकाश सिंह, अपर उप जिलाधिकारी कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चार घरों में चोरी

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**चोरों ने** एक ही रात्रि में चार लोगों के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कोंचा कासिम के मजरा सालपुर की है। यहां के निवासी भगवान प्रसाद, राजकुमार, राजाराम व कृष्ण मोहन ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है कि चोरों ने गुरुवार की रात्रि बारी-बारी से चारो लोगों के घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों रुपये के जेवर आदि की चोरी की है। जिसमें सोने का हार, नथुनी, झुमकी, मंगल सूत्र, अंगूठी, चांदी का पावजेब, पायल, बिछुआ सहित करीब 5 लाख रुपये का सामान शामिल है।

पीड़ितों ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने व मामले का खुलाशा किये जाने की मांग की है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी आकाश तोमर के रडार पर हैं कई लापरवाह पुलिसकर्मी

● **अपराध पर अंकुश लगाने का कर रहे हरसंभव प्रयास**

संवाददाता। गोंडा



**जिले में** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने व पुलिस की घूमिल हो चुकी छवि को सुधारने में पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी पुलिस अफसरों की मानीटरिंग स्वयं करते हुए समय-समय पर उनके पेंच कसने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। तभी तो बीते दो सप्ताह में एसपी श्री तोमर ने आरक्षी से लेकर डीएसपी तक को उनके क्रिया-कलापों के आधार पर इधर से उधर कर दिया। जिसमें कई लापरवाह पुलिसकर्मियों लाइन हाजिर भी कर दिया। बताते चलें कि तत्कालीन एसपी रहे संतोष मिश्रा द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे अनुभवहीन व दागदार पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंप दी गई थीं। इससे जिले में अपराध का ग्राफ बेतहाशा बढ़ने लगा था। किन्तु जब से गोंडा पुलिस की कमान एसपी आकाश तोमर ने सम्हाली है, तभी से वे लगातार पुलिसकर्मियों की बड़े ही बारीकी से मानीटरिंग कर रहे हैं। लागातार उनके द्वारा किये जा रहे तबादलों से जिले में अपराध का ग्राफकम होने की लोगों में उम्मीद जगी है। इसी क्रम में एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा को थानाध्यक्ष कौड़िया, निरीक्षक होलीराम डोंगरा को पुलिस लाइन से प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र व मिशन शक्ति, निरीक्षक राम सिंगार को पुलिस लाइन से प्रभारी जनसूचना सेल, निरीक्षक उदय प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा एवं निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी स्वाट टीम/सर्विलांस सेल का अतिरिक्त प्रभार देते हुए पुलिसिंग को और दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं। पुलिस अधीक्षक की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से एक ओर जहां आम जनमानस में बेहतर पुलिसिंग की आस जगी है तो वहीं ढुलमुल रवैया अख्तियार करने वाले व लापरवाह पुलिसकर्मियों की धड़कने तेज हो चलीं हैं। सभी पदासीन पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी अपनी कुर्सी बचाने व कप्तान साहब को खुश करने के लिये गुड वर्क दिखाने में जुटे हैं।

# खुद बनी स्वावलंबी, दूसरों को दिखाया रोजगार का रास्ता

● **बड़ोखर खुर्द ब्लाक के पलहरी गांव निवासी रजनी बनीं महिलाओं की रोल माडल**

संवाददाता। बांदा

**दुग्ध डेयरी** को आधार बनाकर महिलाएं खुशहाली की ओर कदम बढ़ा रही हैं पल्हरी गांव की रजनी ने भी परिवार को गरीबी से उबारने के लिए दुग्ध व्यवस्था को आधार बनाकर महिला समूह से जुड़कर 30000 फंड लिया और इतनी ही रकम खुद से जुटाकर दुग्ध डेयरी शुरू की 4 वर्षों में उसने रोजगार को बढ़ाया और अच्छा मुनाफा मिलने लगा गांव में आसपास की महिलाओं को प्रेरित कर रोजगार से जोड़ा बड़ोखर खुर्द ब्लाक के पलहरी गांव निवासी रजनी उन महिलाओं में है जिसमें कुछ करने का जज्बा कूट.कूट कर भरा है गरीब परिवार से जुड़ी रजनी ने 4 वर्ष पहले परिवार को गरीबी से उबारने का निर्णय लिया उसने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का सहारा लिया गांव की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाया एन आर एल एम से उसे भैंस पालन की 30000 फंड मिला इतनी ही रकम घर.घर से लगा दी भैंस खरीदी शुरुआती दौर में 2 भैंस के जरिए हुए करीब आज 10 लीटर दूध रोज भेजती है इससे जो मुनाफा मिला मिला उससे उसे फंड का रुपया लौट आया उसके बाद पैसे इकट्ठा करती गई आज रजनी के पास 10 भैसे हैं, इसी प्रकार 20 महिलाये कार्य करके स्वत: 10-10 भैसो के मालिक बनी हैं। दूध व्यवसायी रजनी बताती है कि वर्तमान समय में 10 भैस हैं दुग्ध डेयरी के जरिए रजनी ने गढ़ी तरक्की की राह चार वर्षों हर रोज 100 लीटर दूध का रोजगार कर रही हैं। रजनी का गांव शहर से नजदीक होने के कारण दूध की बिक्री में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। रजनी बताती हैं कि पति दिनेश कुमार के माध्यम से वह शहर में दूध को 50 से 60 रुपये प्रति लीटर की दर से बचती हैं। करीब पांच हजार रुपये हर रोज मिलते हैं। भैंस आदि का खर्च हटाकर वह एक से डेढ़ हजार रुपये बचाती हैं



**300 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण:** रजनी ने अपना कारोबार संभला वहीं अपनी जैसी अन्य गरीब महिलाओं को भी कारोबार के लिए प्रेरित किया। पल्हरी गांव व आसपास के करीब चार गांवों की 300 महिलाओं को पशुपालन व बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया और रोजगार शुरू कराया। इसमें रजनी ने उनकी आर्थिक मदद भी की। अब राजकुमारए सीता देवीए चंपाए संध्या आदि महिलाएं रजनी की शुक्रगुजार हैं। रजनी कहती हैं कि वह गांव में प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की तैयारी कर रही हैं। यहां वह दही, मठ्ठा, पनीर, खोया आदि तैयार कर पैकिंग करेंगी। इससे आय भी बढ़ेगी और कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# रूपईडीहा आईसीपी पर लहराया जाएगा 105 फुट ऊंचा तिरंगा

**बहराइच ( भाषा )।** प्रदेश के बहराइच स्थित भारत-नेपाल की रूपईडीहा सीमा पर बन रहे इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) पर 105 फुट ऊंचा तिरंगा लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। निर्माणाधीन रूपईडीहा इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर तैनात लैंड पोर्ट एथारिटी आफ इंडिया (एलपीएआई) के परियोजना अधिकारी ए.पी. सिंह ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि गृह मंत्रालय ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के पहले भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा आईसीपी पर 105 फुट ऊंचा और 30 गुणा 20 फुट आकार का राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि नेपाल की सीमा को छूने वाले अंतिम भारतीय छोर पर तिरंगा लगाया जाएगा और यह तिरंगा भारत तथा नेपाल की ओर आने-जाने वाले लोगों को करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई देगा। तिरंगे को फोकस करती हाईमास्ट लाइटों से यह भारतीय ध्वज रात में भी दूर से दिखेगा। गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली भारत में सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार संस्था एलपीएआई के अधिकारी ने बताया कि नेपाल सीमा पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक गतिविधियों को बाधा रहित और सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में बहराइच के रूपईडीहा, बलरामपुर के बढ़नी, लखीमपुर के गौरीफंटा और महराजगंज जिले के सोनौली बार्डर पर सीमा के दोनों ओर इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण होना है। उन्होंने बताया कि इनमें से बहराइच जिले के रूपईडीहा और उसके समानांतर नेपाल देश के नेपालगंज आईसीपी का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में संबंधित विभाग अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभाल कर दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश के पहले आईसीपी में काम शुरू कर देंगे।

# वर्षा बाधित मैच में रोहित ने भारत को दिलाई जीत

## आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया

**भाषा।** नागपुर

**कप्तान रोहित** शर्मा के 20 गेंद में नाबाद 46 रन की मदद से भारत ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 मैच में आस्ट्रेलिया को शुक्रवार को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1 -1 से बराबरी की। गीली आउटफील्ड के कारण मैच प्रति टीम आठ ओवर का कर दिया गया था। मैथ्यू वेड के 20 गेंद में 43 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 90 रन बनाए। जवाब में भारत ने चार विकेट खोकर 92 रन बनाए और चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर ही छक्का और चौका जड़कर जीत सुनिश्चित कर दी। रोहित ने 20 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 43 रन जोड़े। दूसरे छोर से हालांकि केएल राहुल (10), विराट कोहली (11) और सूर्यकुमार यादव (0) को एडम जाम्पा ने सस्ते में पवेलियन भेज दिया। कोहली और राहुल जहां बोल्ड हुए, वहीं सूर्यकुमार पगबाधा आउट हुए। हार्दिक पंड्या भी नौ रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर आरोन फिंच को कैच दे बैठे। फिनिशर दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर डेनियल सैम्स को एक चौका और एक छक्का जड़कर भारत को जीत दिलाई। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए वेड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए जो हर्षल पटेल को आखिरी ओवर में जड़े गए। कप्तान आरोन फिंच ने 15 गेंद में 31 रन जोड़े। भारत के लिए अक्षर पटेल ने दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए जिससे एक समय आस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन था। इसके बाद वेड और स्टीव स्मिथ (आठ) ने मिलकर तीन ओवर में 44 रन जोड़े। इससे पहले फिंच ने पहला ओवर डाल रहे हार्दिक पंड्या को दो चौके लगाकर दस रन निकाले। इसके बाद अक्षर को गेंद सौंपी गई और कैमरन ग्रीन ने लांग आन पर ऊंचा शॉट खेला लेकिन विराट कोहली कैच नहीं लपक सके। अगली गेंद पर हालांकि कोहली के सटीक थ्रो पर ग्रीन रन आउट हो गए। अक्षर ने इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल को भी सस्ते में आउट किया। पावरप्ले के दो ओवर होने के बाद युजवेंद्र चहल ने एक ओवर डाला लेकिन उसमें 12 रन दे डाले। अक्षर ने अगले ओवर में टिम डेविड को रवाना किया। चार ओवर के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने टीम में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह को गेंद सौंपी जिन्होंने दो ओवर में 23 रन देकर एक विकेट लिया। वेड ने हर्षल को आखिरी ओवर में तीन छक्के जड़े।


रोहित के 20 गेंद में नाबाद 46 रन

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी :** फिंच बो बुमराह 31, ग्रीन रन आउट 5, मैक्सवेल बो पटेल 0, डेविड बो पटेल 2, वेड नाबाद 43, स्मिथ रन आउट 8, **अतिरिक्त :** एक रन, कुल योग : आठ ओवर में पांच विकेट पर 90 रन , **विकेट पतन :** I-14, 2-19, 3-31, 4-46, 5-90, **गेंदबाजी :** हार्दिक I-0-10-0, अक्षर 2-0-13-2, चहल I-0-12-0, बुमराह 2-0-23- I, पटेल 2-0-32-0

**भारत पारी :** राहुल बो जाम्पा 10, रोहित नाबाद 46, कोहली बो जाम्पा 11, सूर्यकुमार पगबाधा बो जाम्पा 0, हार्दिक का फिंच बो कमिंस 9, कार्तिक नाबाद 10, **अतिरिक्त :** छह रन, **कुल योग :** 7.2 ओवर में चार विकेट पर 92 रन, **विकेट पतन :** 1-39, 2- 55, 3-55, 4 -77, **गेंदबाजी :** हेजलवुड 1-0-20-0, कमिंस 2-0-23 -1, जाम्पा 2-0 -16-3, सैम्स 1.2 -0-20-0, एबोट I-0-11-0

## पंत को विश्व कप में भारतीय अंतिम एकादश में होनाा चाहिए : गिलक्रिस्ट

**भाषा।** दुबई



ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि किसी भी गेंदबाज पर हावी होने की अपनी हिम्मत के कारण ऋषभ पंत को आगामी टी20 विश्व कप में भारत की शुरूआती एकादश में शामिल होना चाहिए। पिछले कुछ समय से यह चर्चा का विषय है कि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से किसे अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए और गिलक्रिस्ट ने बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार गिलक्रिस्ट ने कहा, ऋषभ पंत साहसी और हिम्मती खिलाड़ी है और जिस तरह से वह किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण हावी हो जाता है उसे देखते हुए मुझे लगता है कि उसे भारतीय एकादश में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा, वे दोनों (ऋषभ और कार्तिक) साथ में खेल सकते हैं लेकिन मेरा मानना है कि ऋषभ पंत को निश्चित तौर पर अंतिम एकादश में होना चाहिए। भारत ने पंत और कार्तिक दोनों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया है। पंत हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं जो कि अंतिम एकादश का चयन करते समय उनके खिलाफ जा सकता है।

## उच्चतम न्यायालय ने बीसीए की एजीएम 25 सितंबर बुलाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार क्रिकेट संघ की आमसभा की सालाना बैठक 25 सितंबर को बुलाने को मंजूरी दे दी। जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ और हिमा कोहली की पीठ ने निर्देश दिया कि पदाधिकारियों के चुनाव के नतीजे सीलबंद कवर में उनके समक्ष रखे जाएं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। बीसीए की एजीएम 25 सितंबर को होगी। इसने कहा , ऐसी शिकायत थी कि मतदाता सूची में बदलाव किया गया है और न्यायालय की अनुमति लिए बिना संविधान में बदलाव किया गया है। बीसीए ने इसका खंडन किया है। इसे ध्यान में रखते हुए 30 सितंबर को सुनवाई होगी। एजीएम में पदाधिकारियों के चुनाव के नतीजे अदालत के सामने सीलबंद कवर में रखे जाएंगे।

### फ्रांस की जीत में चमके एमबापे, क्रोएशिया, नीदरलैंड और बेल्जियम भी जीते

**पेरिस।** काइलन एमबापे ने अपने एकल प्रयास से फिर गोल दागा जबकि ओलिवियर गिरौड ने भी गोल किया जिससे फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मैच में ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया। एमबापे ने गुरुवार को खेले गए मैच में खेल के 56वें मिनट में तीन रक्षकों को छकाकर गोल दागा। यह उनका अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 28वां गोल है। इससे पहले गिरौड ने अपने करियर का 49वां गोल किया और वह थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल दो गोल पीछे हैं।

### पाकिस्तान की इंग्लैंड पर बड़ी जीत में चमके बाबर और रिजवान

**कराची।** बाबर आजम ने शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 88 रन की शानदार पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने गुरुवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। बाबर ने 66 गेंदो पर नाबाद 110 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 203 रन बनाकर तीन गेद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। इस तरह से सात मैचों की श्रृंखला अभी I-I से बराबरी पर है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया तथा अंतिम ओवरों में मोईन अली की 23 गेंदों पर खेली गई नाबाद 55 रन की पारी से पांच विकेट पर 199 रन बनाए।

### गौरिका डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण की चैम्पियन बनीं

**गुरुग्राम।** गौरिका बिश्नोई ने बारिश के प्रभावित महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण का खिताब छह शॉट की बड़ी बढ़त के साथ शुक्रवार को अपने नाम किया। बारिश के कारण सिर्फ दो दौर का खेल संभव हुआ जिसमे गौरिका का स्कोर चार अंडर 140 (71 , 69) था। उन्होंने इसके साथ ही लंबे समय से चली आ रही खिताबी सूखे को भी खत्म किया। उन्होंने पिछला खिताब 2019 मे जीता था। तीसरे दिन का खेल रद्द होने के साथ ही पांच बार की चैम्पियन प्राणवी उर्स (71, 75) दूसरे स्थान पर रही।

### मारिजुआना प्रतिबंधित सूची में बरकरार, ओपिएट ट्रामाडोल को भी जोड़ा गया

**जिनेवा।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कुछ पदार्थो को प्रतिबंधित सूची से हटाने की मांग को अस्वीकार करते हुए मारिजुआना (गांजा) को इस सूची में बरकरार रखा है। अमेरिका की फर्राटा धाविका शाकारी रिचर्डसन के तोक्यो ओलंपिक में नही खेल पाने के कारण कैनाबिस (भांग) से जुड़े पदार्थों की समीक्षा करने की मांग की गई थी। रिचर्ड्सन को राष्ट्रीय ट्रायल्स में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था जिसके कारण उन पर एक महीने का प्रतिबंध लगा था।

### लीजैंड क्रिकेट लीग का फाइनल कटक में

**नई दिल्ली।** लीजैंड क्रिकेट लीग का फाइनल पांच अक्टूबर को कटक में खेला जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। लीग के सीईओ और सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा , हमें स्टेडियम में और टीवी रेटिंग मे भी शानदार रिस्पांस मिला है। पिछले सत्र की तुलना मे यह पांच गुना अधिक है। यह भारत में आईपीएल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली टी20 लीग है।

# हॉकी इंडिया के पहले खिलाड़ी अध्यक्ष बने दिलीप टिर्की

## दूसरा उम्मीदवार नहीं उतरा, निर्विरोघ चुने गए

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के पूर्व** कप्तान दिलीप टिर्की हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बनने वाले पहले पूर्व खिलाड़ी बन गए जिन्हें इस पद के लिए निर्विरोध चुना गया। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिए गए क्योंकि किसी पद के लिए कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं था, जिससे महासंघ के संविधान के तहत निवर्तमान उम्मीदवार ही निर्विरोध चुने गए। उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद टिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भोला नाथ महासचिव चुने गए। इससे पहले कल्याण चौबे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के और आदिले सुमरिवाला भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बने हैं जबकि सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने टिर्की और उनकी टीम के चुनाव को मंजूरी दे दी है। एफआईएच ने एक पत्र में लिखा कि जब किसी पद के लिए उम्मीदवार पद की संख्या से कम या बराबर हों तो माना जाता है कि उन्हें निर्विरोध चुना गया है। इसमें कहा गया , इसलिए हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया का



कार्यकारी बोर्ड चुन लिया गया है जिसकी जानकारी हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर है और सभी पदों के लिए चुनाव निर्विरोध हुए। खेल की शीर्ष इकाई ने चुनाव सुचारू ढंग से कराने के लिए तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति के प्रयासों की भी सराहना की। समिति में जस्टिस अनिल आर दवे, एस वाइ कुरैशी और जफर इकबाल शामिल थे। इसने कहा , हमें खुशी है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है और अब लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई इकाई है। हम दिलीप टिर्की, भोला नाथ सिंह और शेखर जे मनोहरन को बधाई देते हैं। टिर्की ने सीओए और एफआईएच को धन्यवाद देते हुए कहा , मैं सुनिश्चित करूंगा कि भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकूं। निर्विरोध चुने गए अन्य पदाधिकारियों में हॉकी जम्मू कश्मीर की आसिमा अली (उपाध्यक्ष), कर्नाटक के एसवीएस सुब्रमण्या गुप्ता (उपाध्यक्ष), तमिलनाडु हॉकी के शेखर जे मनोहरन (कोषाध्यक्ष), हॉकी राजस्थान की आरती सिंह (संयुक्त सचिव) और हॉकी हरियाणा के सुनील मलिक (संयुक्त सचिव) शामिल हैं। कार्यकारी बोर्ड के पांच सदस्यों में अरूण कुमार सारस्वत (हॉकी राजस्थान), असरिता लाकड़ा (हॉकी झारखंड), गुरप्रीत कौर (दिल्ली हॉकी), वी सुनील कुमार (केरल हॉकी) और तपन कुमार दास (असम हॉकी) शामिल हैं।

### दादा से मिली प्रेरणा, खिलाड़ियों को खेल प्रशासन में आना चाहिए

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष दिलीप टिर्की के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली मिसाल रहे है और उनका मानना है कि पूर्व खिलाड़ियों को खेल प्रशासन में आना चाहिए क्योंकि एक खिलाड़ी के नजरिए से उन्हें हालात की बेहतर समझ होती है। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और महान डिफेंडर टिर्की को शुक्रवार को निर्विरोध हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुना गया। वह इस पद पर काबिज होने वाले पहले पूर्व खिलाड़ी हैं। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिए गए क्योंकि उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद टिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भारत के लिए तीन ओलंपिक (अटलांटा 1996, सिडनी 2000 और एथेंस 2004) समेत 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा , मेरा मानना है कि पूर्व खिलाड़ियों को खेल प्रशासन में आना चाहिए क्योंकि उन्हें बेहतर पता होता है कि कहां फोकस करना है। जैसे क्रिकेट में दादा पहले बंगाल क्रिकेट संघ मे थे और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बने और बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया ने भी पहली बार मेरे जैसे पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना है। खिलाड़ी अपने कैरियर मे कई चरणो से गुजरे होते है और उन्हें बेहतर अनुभव होता है। बतौर अध्यक्ष प्राथमिकताओं के बारे में पूछने पर पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि वह जूनियर और सब जूनियर वर्ग के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना चाहेंगे। जूनियर खिलाड़ियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी है मसलन अगली पीढ़ी के ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर तैयार करने जरूरी हैं और टीम फिटनेस पर भी फोकस रहेगा। हमने देखा के ओलंपिक में हमारे फ्लिकर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश की भूमिका कितनी अहम रही लेकिन इनके बाद अगली पीढ़ी के खिलाड़ी भी तैयार करने होंगे। हॉकी इंडिया कई साल से अच्छा काम कर रहा है जो टीम के प्रदर्शन में नजर आता है। पुरूष टीम शीर्ष तीन चार टीमों मे है और महिला टीम ओलंपिक सेमीफाइनल खेल रही है जो बड़ी बात है।

# क्लीन स्वीप करके झूलन को यादगार विदाई देने उतरेगी भारतीय टीम

**भाषा।** लंदन

**महिला क्रिकेट** में तेज गेंदबाजी का पर्याय बन चुकी झूलन गोस्वामी शनिवार को जब लॉर्ड्स में अपने करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगी तो भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करके अपनी इस दिग्गज खिलाड़ी को यादगार विदाई देने का प्रयास करेगी। लॉर्ड्स में क्रिकेट खेलना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है तथा इस मैदान पर शतक जड़ना या पांच विकेट लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है लेकिन बहुत कम खिलाडि़यों को इस ऐतिहासिक मैदान पर अपने क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का मौका मिलता है। सुनील गावस्कर (हालांकि उन्होंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच यहां खेला था) को यह मौका नहीं मिला। सचिन तेंदुलकर हो या ब्रायन लारा या फिर ग्लेन मैकग्रा किसी को भी लॉर्ड्स में अपना अंतिम मैच खेलने का मौका नहीं मिला। यहां तक की लगभग 20 वर्षों तक झूलन की साथी रही मिताली राज को भी क्रिकेट मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहने का अवसर नहीं मिला लेकिन भाग्य चक्र देखिए कि गोस्वामी अपना आखिरी मैच लॉर्ड्स में खेलने जा रही है। भारत पहले ही तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और उनके साथी क्लीन स्वीप करके झूलन को यादगार विदाई देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



### झूलन को विश्व कप खिताब नहीं जीतने का मलाल

**लंदन।** भारत की महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को यहां कहा कि दो दशक के करियर में उन्हें सिर्फ एकदिवसीय विश्व कप खिताब को नही जीत पाने का पछतावा है। झूलन शनिवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान मे इंग्लैड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद खेल से संन्यास ले लेंगी। मीडिया के बातचीत के दौरान झूलन ने भावुक होकर कहा कि वह इस खेल के प्रति शुक्रगुजार है, जिसने उन्हें इतनी शोहरत और प्रतिष्ठा दी। उन्होने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप के 2005 और 2017 सत्र मे टीम के उपविजेता रहने का मलाल उन्हे हमेशा रहेगा। दाएं हाथ की 39 साल की इस गेंदबाज ने कहा, मैंने दो विश्व कप फाइनल खेले है लेकिन एक भी ट्रॉफी नही जीत सकी। अगर हम दो में से एक में भी चैंपियन बनते तो यह मेरे और टीम के लिए शानदार होता झूलन ने कहा, मुझे बस इसका ही मलाल है क्योंकि आप चार साल तक विश्व कप की तैयारी करते है। बहुत मेहनत होती है। किसी भी क्रिकेटर के लिए विश्व कप जीतना एक सपने के सच होने जैसा होता है।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत के लिए सबसे बड़ी फायदे की बात यह रही कि कप्तान हरमनप्रीत अपनी पुरानी लय में लौट चुकी हैं। उन्होंने पहले दो मैचों में नाबाद 74 और नाबाद 143 रन की पारियां खेली। भारत के लिए हालांकि शेफाली की फॉर्म चिंता का विषय है जो पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रही है। हरलीन देओल ने मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन झूलन के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजों मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर को अपने खेल में अधिक निखार लाना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो कप्तान हीथर नाइट (चोट के कारण) और स्टार ऑलराउंडर नट साइवर (मानसिक स्वास्थ्य कारणों से) की उसे बहुत कमी खल रही है तथा इससे टीम का संतुलन भी गड़बड़ा गया है। भारत ने पिछली बार इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला 1999 में जीती थी जबकि झूलन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। अब वह अपना 204 वां और आखिरी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उनके नाम पर रिकॉर्ड 353 अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं।

# फेडरर का आखिरी मैच देखने भारत समेत दुनिया भर से उमड़े दर्शक

**भाषा।** लंदन



**यह दिन,** यह मैच और यह पल हर खिलाड़ी के जीवन में आता है और रोजर फेडरर कोई अपवाद नहीं है लेकिन इस धुरंधर की टेनिस से विदाई ने लोगों को भावविहल कर दिया और भारत समेत दुनिया भर से प्रशंसक लावेर कप के इस मैच को देखने यहां जुटे हैं। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर लावेर कप में विश्व टीम के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक के खिलाफ टीम यूरोप के लिए रफेल नडाल के साथ युगल मैच खेलेंगे। इस सप्ताह फेडरर ने कहा , मैं दुखी था लेकिन यह सर्वश्रेष्ठ फैसला है। मुझे इसका दर्द महसूस हो रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस टीम टूर्नामेंट के पहले दिन एकल मैचों से पूर्व जब दोनों टीमों के खिलाड़ी कोर्ट पर उतरे तो फेडरर सबसे आखिर में आए। फेडरर के आने पर दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और फोन से उनकी तस्वीरें खींचने की होड़ मच गई। भारत से आई इंद्राणी मैत्रा ने कहा , मुझे खुशी है कि मैं उनका आखिरी मैच देख पा रही हूं लेकिन मैं दुखी हूं कि यह उनका आखिरी मैच है।

### जोकोविच को आस्ट्रेलियाई ओपन से सकारात्मक संदेश की उम्मीद

**लंदन।** कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण इस साल के शुरू मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग नही ले पाने वाले नोवाक जोकोविच को अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिए आयोजकों से सकारात्मक संदेश की उम्मीद है। जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों से अभी तक कोई संदेश नही मिला है कि वह टीकाकरण नही कराने के कारण वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मे खेल पाएंगे या नही। जोकोविच ने गुरुवार को लेवर कप के दौरान कहा, यह वास्तव में मेरे हाथ मे नही है। इसलिए मै सकारात्मक खबर की उम्मीद कर रहा हूं।

# जायसवाल के नाबाद दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र की वापसी

## दलीप ट्रॉफी

**भाषा।** कोयंबटूर

**युवा सलामी** बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की नाबाद दोहरे शतकीय पारी से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के पांच दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन शुक्रवार को दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 376 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जायसवाल ने 244 गेंद की नाबाद पारी में 23 चौके और तीन छक्के जड़े। उनकी शानदार बल्लेबाजी से पहली पारी में 57 रन से पिछड़ने के बाद पश्चिम क्षेत्र ने शानदार वापसी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 319 रन की बढ़त कायम कर ली और उसके सात विकेट शेष है। जायसावल ने इस दौरान तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर (71) के साथ 169 और चौथे विकेट के लिए सरफराज खान (नाबाद 30) के साथ 58 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को मजबूती प्रदान की। इससे पहले दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 318 रन से की लेकिन




इसमें सिर्फ नौ रन के इजाफे के साथ टीम की पूरी पारी सिमट गई। पहली पारी में महज एक रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में सकारात्मक शुरुआत करते हुए तेज गेंदबाज बासिल थंपी और सीवी स्टीफन के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए प्रियांक पंचाल (40) के साथ पांच रन प्रति ओवर के हिसाब से 110 रन की साझेदारी की। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान हनुमा विहारी ने शानदार लय में चल रहे साई किशोर (100 रन पर दो विकेट) को आक्रमण में लगाने में देरी की। साई किशोर ने हालांकि गेंद से जिम्मा संभालते ही पंचाल को चलता किया। इसके बाद कृष्णप्पा गौतम (139 रन पर एक विकेट) ने अजिंक्य रहाणे (15) का विकेट चटकाया। कप्तानी रहाणे ने एक बार फिर बल्ले से निराश किया। जायसवाल और अय्यर ने इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आसान हुई परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए स्पिनरों के खिलाफ मन मुताबिक रन बटोरे। अय्यर ने 113 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। बल्लेबाजी के लिए परिस्थिति आसान होने के बाद पश्चिम क्षेत्र दिन में एक और सत्र में बल्लेबाजी कर पारी घोषित करने की कोशिश करेगा ताकि उसके गेंदबाजों को दक्षिण क्षेत्र के 10 विकेट चटकाने के लिए पांच सत्र मिले। दक्षिण क्षेत्र को खिताब जीतने के लिए कम से कम इस मैच को ड्रॉ करना होगा। टीम लक्ष्य का पीछा कर या पहली पारी में बढ़त के आधार पर खिताब जीत सकती है।

## कमर में चोट के चलते शरत कमल हटे, मनिका और साथियान सेमीफाइनल में



**सूरत।** अचंत शरत कमल कमर की चोट के कारण अंतिम आठ के मुकाबले से हट गए जबकि जी साथियान और मनिका बत्रा जैसे भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में अपने-अपने मुकाबलों मे जीत के साथ सेमी फाइनल में जगह पक्की की। शरत हरियाणा के सौम्यजीत घोष के खिलाफ 2-1 से आगे थे और चौथे सेट में 6-1 से आगे चल रहे थे लेकिन उन्होंने चिकित्सा सहायता लेने के बाद मुकाबला छोड़ने का फैसला किया। दूसरी ओर साथियान ने मानव ठक्कर को 4-1 से हराया। अब उनका सामना हरमीत देसाई से होगा जिन्होंने दीपित पाटिल को 4-1 से मात दी। गुजरात के मानुष शाह भी एफ आर स्नेहित को हराकर अंतिम चार में पहुंच गए। मनिका ने कृत्विका सिन्हा रॉय को 4-2 से हराया जबकि श्रीजा ने अयहिका मुखर्जी को 4- 0 से मात दी। इससे पहले शरत ने पुरुष एकल में पश्चिम बंगाल के जीत चंद्रा को 4-2 (7-11, 11-6, 8-11,11-7, 11-6, 11-6) से हराया, वही साथियान ने पश्चिम बंगाल के रोनित भांजा पर इसी अंतर (7-11, 11-8, 7-11, 11-6, 11-9, 11-6) से जीत दर्ज की। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल मे हालांकि मनिका बत्रा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। मनिका ने करीबी मुकाबले में कर्नाटक की कुशी वी को 4-3 (4-11, 11-8, 12-10, 4-11, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी थी।

### जूलियस बेयर कप: एरिगैसी सेमीफाइनल में, प्रज्ञानानंद बाहर



**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने एक अन्य किशोर खिलाड़ी क्रिस्टोफर यू को टाई ब्रेकर में हराकर शुक्रवार को यहां जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद हालांकि जर्मनी के विसेंट कीमर से I-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नही बढ़ पाए। क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका के लेवोन आरोनियन को हराने वाले विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन सेमीफाइनल में कीमर का सामना करेंगे जबकि दूसरा सेमीफाइनल वियतनाम के लीम क्वांग ले और एरिगैसी के बीच खेला जाएगा। उन्नीस वर्षीय एरिगैसी और 15 वर्षीय यू चार रैपिड बाजियों के बाद 2-2 से बराबरी पर थे। इसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें एरिगैसी ने पहली बाजी जीती और फिर दूसरी बाजी ड्रॉ कराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।